CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

नई दिल्ली, रविवार 3 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 122 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



संविधान खतरे में, स्वायत्त संस्थाएं भाजपा व आरएसएस के निशाने पर : खड़गे पेज 2



यशस्वी जायसवाल ने लगाया टेस्ट करियर का छठा शतक खेल टाइम्स



भारत ट्रम्प से ट्रेड डील करने में फेल: यूनुस पेज 11



नेशनल अवॉर्ड पाकर अभिभूत हूं: रानी मुखर्जी बॉलीवुड

### धनशोधन मामले में वाड्रा को नोटिस, सुनवाई 28 को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने धन शोधन के मामले में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा को शनिवार को नोटिस जारी किया। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सुशांत चंगोत्र ने हरियाणा के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गुरुग्राम में एक जमीन सौदे से जुड़े कथित भ्रष्टाचार की शिकायत पर दर्ज मुकदमे में यह नोटिस जारी किया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष की शिकायत पर संज्ञान लेने से पहले वह वाड्रा और मामले के 10 अन्य के प्रस्तावित आरोपियों का पक्ष सुनेगी। ईडी ने उनके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है।

### ईसी ने बीएलओ स्तर के अधिकारियों का परिश्रम दोगुना किया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का पारिश्रमिक दोगुना करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही आयोग ने निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी और सहायक अधिकारियों को भी मानदेय देने का निर्णय किया है। आयोग ने शनिवार को यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि मतदाता सूची बनाने और पुनरीक्षण कार्य में लगे अधिकारियों के पारिश्रमिक में महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है। इसके अलावा, बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गई है।

### कुलगाम में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शनिवार को दो आतंकवादी मारे गए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक तीन से पांच आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस, सीआरपीएफ और सेना की संयुक्त टीमों ने शुक्रवार की शाम अखल खुलसन वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया था। सुरक्षा बलों ने वहां छिपे हुए आतंकवादियों पर निशाना साधा जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में अब तक दो आतंकवादी मारे गए हैं। मुठभेड़ अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की अभी पहचान नहीं की जा सकी है।

### अमृत उद्यान 16 अगस्त से खुल जाएगा जनता के लिए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान ग्रीष्मकालीन वार्षिकोत्सव के अंतर्गत इस महीने की 16 तारीख से जनता के लिए खुल जाएगा राष्ट्रपति भवन सचिवालय के अनुसार अमृत उद्यान एक महीने यानी 14 सितम्बर तक जनता के लिए खुला रहेगा। उद्यान हर रोज पूर्वाह्न 10 बजे से शाम छह बजे तक खुला रहेगा और शाम को सवा पांच बजे उद्यान में प्रवेश बंद हो जाएगा। रखरखाव कार्यों के लिए उद्यान को हर सोमवार को बंद रखा जाएगा।

## अमेरिका के टैरिफ अटैक के बीच प्रधानमंत्री की ट्रम्प को दो टूक

# मोदी का संकल्प: अब वही खरीदेंगे जिसमें भारत का पसीना बहा हो

वाराणसी, वार्ता

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही है, अस्थिरता का माहौल है। ऐसे में दुनिया के देश अपने हितों पर फोकस कर रहे हैं। भारत भी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, इसलिए भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना है।

हमारे किसान, हमारे लघु उद्योग इनका हित हमारे लिए सर्वोपरि है। सरकार इस दिशा में हर प्रयास कर रही है, लेकिन देश के नागरिक के रूप में भी हमारे कुछ दायित्व हैं। ये बात सिर्फ मोदी ही नहीं, हिंदुस्तान के हर व्यक्ति को दिन में हर पल बोलते रहना चाहिए दूसरे को कहते रहना चाहिए, जो देश का भला चाहते हैं, जो देश को तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनाना चाहते हैं, ऐसा कोई भी राजनीतिक दल हो, कोई भी राजनेता हो, उसे अपने संकोच को छोड़ करके देशहित में हर पल हर जगह देशवासियों के अंदर एक भाव जगाना होगा। हम स्वदेशी का संकल्प लें! उन्होंने जोर देकर कहा कि 'अब हम कौन सी चीजों को खरीदेंगे, कौन से तराजू से तौलेंगे। अब हम कुछ भी खरीदें, तो एक ही तराजू होना चाहिए। हम उन चीजों को खरीदेंगें, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है और जो चीज भारत के लोगों द्वारा बनी है, भारत के लोगों के कौशल से बनी है, भारत के लोगों के पसीने से बनी है, हमारे लिए वह स्वदेशी है। हमें वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प लें कि हम मेक इन इंडिया प्रॉडक्ट्स को ही बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो कुछ भी नया समान आएगा, मैं नए सामान की बात कर रहा हूं, वो स्वदेशी ही होगा। ये ज़िम्मेदारी हर देशवासी को लेनी होगी।



- कहा: आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही
- भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

### बेटियों के सिंदूर के बदले का वचन पूरा किया: मोदी

- वाराणसी में 2200 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी

**वाराणसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि काशी के मेरे मालिक जनता-जनार्दन, सावन का महीना हो, काशी हो, देशभर के किसानों से जुड़ना हो, इससे बड़ा मौका क्या हो सकता है। आज मैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार काशी आया हूं।

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, 26 निर्दोष लोगों की कितनी बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। उनके परिवार की पीड़ा, उन बच्चों का दुख, बेटियों की वेदना से मेरा हृदय बहुत तकलीफ से गुजरा। तब मैं, बाबा विश्वनाथ से यही मांग रहा था कि सभी पीड़ित परिवार को ये दुख सहने की हिम्मत दे। उन्होंने आगे कहा कि मैंने अपनी बेटियों के सिंदूर का बदला लेने के लिए जो वचन दिया था, वो भी पूरा हुआ है। ये महादेव के आशीर्वाद से ही पूरा हुआ है। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उनके चरणों में समर्पित करता हूं। वाराणसी में ऑपरेशन -शेष पृष्ठ दो पर

# देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को रेप केस में उम्रकैद

## कोर्ट ने 11 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया

मैसूरु, वार्ता



- अदालत ने पीड़ित महिला को सात लाख रुपये देने को कहा

**बेंगलुरु की** स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को नौकरानी से रेप केस में उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने रेवन्ना पर 11 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

साथ ही पीड़ित को 7 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने शुक्रवार को रेवन्ना को दोषी ठहराया था। रेवन्ना ने कोर्ट में कम सजा देने की अपील करते हुए दावा किया था कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। दरअसल, रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की महिला ने पिछले साल अप्रैल में रेवन्ना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें रेवन्ना पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने 18 जुलाई को इस मामले की सुनवाई पूरी की थी। रेवन्ना के खिलाफ रेप, ताक-झांक, आपराधिक धमकी और अश्लील तस्वीरें लीक करने सहित कई धाराओं के तहत आरोप तय किए थे। उसके खिलाफ रेप के कुल 4 मामले दर्ज हैं। इनमें से यह पहला केस है, जिसमें उसे दोषी ठहराया गया है।

### गैंगरेप पर अहमदाबाद ट्रैफिक पुलिस का विवादित पोस्टर

- सलाह दी, रात की पार्टियों में नहीं जाना, रेप-गैंगरेप हो सकता है, आपत्ति के बाद हटाया

**अहमदाबाद।** रात की पार्टियों में नहीं जाना, रेप-गैंगरेप हो सकता है... दोस्तों के साथ अंधेरे, सुनसान इलाकों में न जाएं। सामूहिक बलात्कार हो सकता है... ये विवादास्पद शब्द लिखे पोस्टर्स शुक्रवार की सुबह अहमदाबाद की सड़कों पर नजर आए थे। हालांकि, विवाद होने पर कुछ देर बाद ही ये हटा दिए गए थे। विवाद के बाद डीसीपी ट्रैफिक सफीन हसन ने कहा कि इन पोस्टर्स से अहमदाबाद शहर पुलिस का कोई लेना-देना नहीं है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा एक एनजीओ को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के पोस्टर्स लगाने की अनुमति है। एनजीओ को सिर्फ रोड सेफ्टी के बैनर और पोस्टर लगाने की स्वीकृति थी, लेकिन महिला सुरक्षा को लेकर ऐसे पोस्टर्स लगाए जाना पूरी तरह से गलत है।

# ईसी पर बरसे राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो


- कांग्रेस नेता बोले- मेरे पास सबूत हैं, भारत के पीएम बहुत कम बहुमत के साथ पद पर हैं
- लोकसभा चुनाव 2024 में 80 से अधिक सीटों पर धांधली हुई, चुनाव आयोग का अस्तित्व ही नहीं रहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। उन्होंने शनिवार को कहा कि भारत में चुनाव प्रणाली 'बेजान' है। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में 'धांधली' हुई है और उनके पास इस दावे को साबित करने के लिए सबूत हैं।

दिल्ली में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें संदेह है कि 2024 के आम चुनाव में 80 से अधिक लोकसभा सीटों पर धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि भारत में चुनाव प्रणाली पहले ही खत्म हो चुकी है। भारत के प्रधानमंत्री बहुत कम बहुमत के साथ पद पर हैं। अगर 15 सीटों पर धांधली हुई है, तो हमें संदेह है कि यह संख्या 80 से अधिक है, वह भारत के प्रधानमंत्री नहीं होते। आने वाले कुछ दिनों में हम आपको साबित कर देंगे कि कैसे लोकसभा चुनाव में धांधली हो सकती है और धांधली हुई भी। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग -शेष पृष्ठ दो पर

# उत्तराखंड के चमोली में हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट साइट पर पहाड़ दरका

शाह टाइम्स ब्यूरो



- जम्मू-कश्मीर में चट्टान गिरने से अफसर-बेटे की मौत, प्रयागराज में 1000 घर बाढ़ में डूबे

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर मानसून की बारिश आफत लेकर आई है। उत्तराखंड के चमोली में विष्णुगढ़-पीपलकोटी हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की डैम साइट पर पहाड़ का बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया। हादसे के समय साइट पर काम चल रहा था। घटना में कई लोग घायल बताए जा रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश के मनाली में लगातार बारिश से कई जगह लैंडस्लाइड हुई। चंडीगढ़-मनाली-लेह नेशनल हाईवे (एनएच-3) और सोलंगनाला से अटल टनल की ओर जाने वाला रास्ता बंद है। पिछले 3 दिन की भारी बारिश से कुल 289 सड़कें प्रभावित हुई हैं। जम्मू-कश्मीर -शेष पृष्ठ दो पर

### अमरनाथ यात्रा एक हफ्ते पहले बंद

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा को तीन अगस्त से रोक दिया गया है। यात्रा 9 अगस्त तक चलनी थी, लेकिन भारी बारिश के कारण रास्ते खराब होने की वजह से इसे 3 अगस्त को ही रोक दिया गया। कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर विजय कुमार बिधूड़ी ने बताया कि यात्रा मार्गों को बारिश के कारण काफी नुकसान पहुंचा है। बालटाल और पहलगाम दोनों रास्तों पर मरम्मत का काम होगा, इसलिए यात्रा को रोकना पड़ा है। उन्होंने कहा कि रास्तों पर मशीनों और कर्मियों की लगातार तैनाती के चलते यात्रा फिर से शुरू करना संभव नहीं है। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी और 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होनी थी।

### केदारनाथ धाम यात्रा फिर से शुरू, 22 किमी अतिरिक्त चलना होगा पैदल

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** उत्तराखंड स्थित भगवान शिव के 11वें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ धाम जाने वाले पैदल यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के कारण कई दिनों से बाधित यात्रा शनिवार को फिर शुरू हो गई। अब श्रद्धालुओं को लगभग 22 किलोमीटर अतिरिक्त पैदल चलना होगा। रूद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक सर्वेश सिंह पंवार ने बताया कि सोनप्रयाग से गौरीकुंड के मध्य सड़क मार्ग बाधित होने के कारण विगत कुछ दिनों केदारनाथ की यात्रा रुकी हुई थी। केवल वापस आ रहे यात्रियों को सुरक्षा बलों की मदद से वैकल्पिक पैदल मार्ग से लाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि शनिवार को मुख्य सड़क मार्ग जो कि कुछ हद तक पैदल चलने लायक हो चुका है। आवागमन के लिए सुचारू होने पर सोनप्रयाग से यात्रियों के समूह को गौरीकुंड होते हुए केदारनाथ के लिए भेजा गया है।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राज्यों को दी सलाह

# जातिसूचक अपमानजनक नामों को पुनर्भाषित करें राज्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**एनएचआरसी ने नामों को बदलने के साथ ही चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए**

**लखनऊ।** देश के विभिन्न राज्यों में अनुसूचित जाति/जनजाति को लेकर इस्तेमाल में लाए जा रहे जातिसूचक व अपमानजनक नामों की समीक्षा करने के निर्देश राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सभी राज्यों को दिए है।

इस बाबत आयोग के असिस्टेंट रजिस्ट्रार (कानून) बृजवीर सिंह ने सभी राज्यों के पंचायती राज विभाग के प्रमुख सचिवों को आदेश जारी कर भावनाओं और सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले नामों को बदलने के साथ ही चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। असिस्टेंट रजिस्ट्रार (कानून) बृजवीर सिंह की ओर से जारी आदेश में प्रमुख सचिवों से कहा गया है कि मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, भारत को देश के सभी मानव अधिकारों की रक्षा और संवर्धन का दायित्व सौंपा है और पीएचआर अधिनियम, 1993 की धारा 13 के अंतर्गत जांच के लिए उसे सिविल न्यायालय के समान शक्तियां प्राप्त हैं। उन्होंने कहा है कि शिकायतकर्ता ने देश के विभिन्न भागों में गांवों, बस्तियों, बस्तियों आदि के लिए जातिसूचक और अपमानजनक नामों के निरंतर उपयोग पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। साथ ही अनुरोध किया गया है कि ऐसे नामों की समीक्षा की जाए और उनका नाम बदला जाए, क्योंकि ये अपमानजनक हैं और समानता एवं मानवीय गरिमा के संवैधानिक आदर्शों के विपरीत हैं। शिकायत में कहा गया है कि स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद भी, अनुसूचित जातियों के समुदायों को ऐसे नामकरणों के कारण सामाजिक अपमान और कलंक का सामना करना पड़ रहा है। जिन नामों को हटा दिया गया है/प्रतिबंधित किया गया है, वे कई स्थानों पर अभी भी प्रचलन में हैं और माना जाता है कि वे व्यक्तियों की गरिमा का हनन करते हैं। इस बावत आयोग ने अदालती आदेशों और अधिनियमों का हवाला देते हुए कहा है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(1) (यू) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को अपमानित करने या धमकाने के लिए जानबूझकर जाति-आधारित गालियों के इस्तेमाल को दंडित करती है। इस प्रावधान के तहत चमार, भंगी, मेहतर आदि शब्दों का इस्तेमाल करने पर मुकदमा चलाया जा सकता है। ऐसे में आयोग ने ऐसे नामों को बदलने के लिए उठाए गए कदम के बारे में चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट तलब की है।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### मप्र, पंजाब व राजस्थान में बाढ़ राहत अभियान में जुटी है सेना

**नई दिल्ली।** प्राकृतिक आपदाओं के दौरान नागरिक प्रशासन की सहायता की प्रतिबद्धता पर अडिग सेना मध्य प्रदेश, राजस्थान और पंजाब के प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ राहत अभियान में जुटी है। सेना ने शनिवार को बताया कि मध्य प्रदेश में बाढ़ से उत्पन्न स्थिति सामान्य होने के बाद गुना और शिवपुरी जिलों में तैनात सैन्य टुकड़ियों को आज वापस बुला लिया गया। इस बीच अशो. कनगर-ग्वालियर से संचालित एक बाढ़ राहत टुकड़ी राहत और सहायता की संभावित आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए ईसागढ़ और सिहोरा क्षेत्रों का सक्रिय रूप से सर्वेक्षण कर रही है। धौलपुर में सेना की एक टुकड़ी स्थिति बिगड़ने पर सहायता के लिए तैयार है। साथ ही श्रीगंगानगर के उपायुक्त से प्राप्त अनुरोध पर शीघ्र कदम उठाते हुए सेना ने एक टीम तैनात की है। इस टीम को बाढ़ जैसी स्थिति के कारण जलभराव की समस्या के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने का काम सौंपा गया है।

### छात्रा-अध्यापकों पर लाठीचार्ज की निंदा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे छात्रों और अध्यापकों पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की निंदा की है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को एक्स पर एक वीडियो साझा कर कहा कि देश का युवा सड़क पर है, लाठियां खा रहा है, क्योंकि वो अपने भविष्य के लिए सवाल पूछ रहा है। उन्होंने सवाल किया कि एसएससी की परीक्षाएं लाखों युवाओं की जिंदगी बदल सकती हैं, लेकिन जब प्रक्रिया ही सवालों के घेरे में हो तो भरोसा कैसे बचेगा?

### प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों के खाते में 20500 करोड़ रुपये भेजे

# किसान सम्मान निधि की किश्त जारी

**वाराणसी, वार्ता**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के रूप में 9.7 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 20,500 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि हस्तांतरित की और कहा कि उनकी सरकार देश के किसानों की खुशहाली के लिए निरंतर काम कर रही है।

प्रधानमंत्री आज अपने निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के 51वें दौरे पर आए। मोदी ने सेवापुरी क्षेत्र के बनौली गांव में एक जनसभा स्थल से पीएम किसान सम्मान की किस्त जारी करते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे विपक्षी दलों को 'विकास विरोधी' बताते हुए कहा कि इन पार्टियों ने शुरू में इस योजना के बारे में लोगों और किसानों को गुमराह करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में किसानों के नाम पर हुई एक घोषणा भी पूरी होना मुश्किल होता था, लेकिन भाजपा सरकार जो कहती है, वो करके दिखाती है! आज पीएम किसान सम्मान निधि सरकार के पक्के इरादों का उदाहरण बन चुकी है। इस योजना के तहत अब तक देश भर में किसानों को पौने चार लाख करोड़ रुपए मिले हैं। इनमें उत्तर



■ सपा और कांग्रेस को बताया विकास विरोधी, सरकार किसानों के लिए कृतसंकल्प

प्रदेश के करीब ढाई करोड़ किसानों को 90 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि भेजी गई है। मोदी ने कहा कि 2019 में जब पीएम-किसान सम्मान निधि शुरू हुई थी, तब समाजवादी पार्टी-कांग्रेस जैसे ने लोगों को गुमराह करने के लिए कहा था 2019 के चुनाव के बाद यह योजना बंद हो जाएगी और मोदी ने जो पैसा अभी जमा किया है ना, वो भी वापस निकाल लेगा।

प्रधानमंत्री ने इस तरह की राजनीति को 'देश का दुर्भाग्य' बताते हुए कहा कि निराशा की गर्त में डूबा हुआ विरोधी मान. सिकता वाले लोग ऐसी ही झूठी सच्चाई को लेकर के जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस योजना में ऐसी पक्की व्यवस्था बना दी है कि न कोई लीकेज होगी, न ही गरीब का हक छीना जाएगा। इसका पैसा बिना किसी कट-कमीशन, बिचौलिए या हेराफेरी के, सीधे किसानों के खाते में पहुंचता है। उन्होंने मंत्रिमंडल द्वारा हाल में स्वीकृत 24 हजार करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए, कृषि व्यवस्था मजबूत और विकसित करने के लिए इसे देश के ऐसे जिले में लागू किया जाएगा, जो पिछली सरकारों की गलत नीतियों के कारण विकास की राह में पिछड़ गए, पिछड़े रह गए। इससे उत्तर प्रदेश के भी लाखों किसानों को फायदा होगा। मोदी ने कहा कि किसानों के जीवन में बदलाव के लिए, उनकी आय बढ़ाने के लिए, खेती पर होने वाला खर्च कम करने के लिए, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पूरी शक्ति से काम कर रही है, पूरी ताकत लगा रही है। उन्होंने बताया कि पीएम फसल बीमा योजना के तहत अब तक पौने दो लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के किसानों के दावे निपटाए जा चुके हैं।

### 20वीं किस्त जारी करने पर चाहर ने किया मोदी का धन्यवाद

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया है। चाहर ने शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र बनारस से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी कर देश के 9.70 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 20500 करोड़ रुपए डाले हैं। इसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक किसानों के खाते में 3.89 लाख करोड़ रुपए डाले जा चुके हैं। 18 जून 2024 को 19वीं किस्त के रूप में 9.26 करोड़ किसानों के खाते में सम्मान निधि भेजी गई थी। उन्होंने कहा कि एक फरवरी 2019 को प्रधानमंत्री ने इस योजना की शुरुआत की थी। इस योजना का उद्देश्य उचित फसल स्वास्थ्य और उचित पैदावार सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कृषि आदानों की खरीद में सभी किसान परिवारों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करना है, जो अनुमानित कृषि आय के साथ-साथ घरेलू जरूरतों के लिए भी है।

# योगी सरकार के एजेंडे को धार देंगे गोयल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसपी गोयल को नया मुख्य सचिव बनाया है। अधिकारियों की माने तो नए मुख्य सचिव एसपी गोयल विधानसभा चुनाव 2027 के लिहाज से योगी सरकार के एजेंडे को धार देने का काम करेंगे।

हालांकि उनके कार्यकाल के दौरान कई वरिष्ठ नौकरशाहों की उम्मीदों पर भी पानी फिर जाएगा जो देश के सबसे बड़े राज्य के सबसे बड़े प्रशासनिक पद पर बैठने की उम्मीद पाले बैठे थे। उच्च पदस्थ सूत्रों की माने तो सत्ता के गलियारों में अभी से इस बात की चर्चा भी शुरू हो चुकी है कि चुनाव अवधि के दौरान प्रशासनिक निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए गोयल को कम से कम तीन महीने का विस्तार मिल सकता है। उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल का राज्य नौकरशाही के शीर्ष पर लंबा कार्यकाल तय है, क्योंकि उनकी सेवानिवृत्ति लगभग 18 महीने बाद जनवरी 2027 के अंत में होनी है। उनका संभावित लंबा कार्यकाल उन्हें विधानसभा चुनावों से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय देगा।

### आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया गया

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सैन्य बलों के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान में पल बढ़ रहे आतंकवादियों को मिट्टी में मिला दिया गया। काशी के सेवा. पुरी विधानसभा क्षेत्र के बनौली कालिका धाम में एक जनसभा में पीएम मोदी का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का काशीवासियों की ओर से हार्दिक स्वागत है। उन्होंने कहा कि सावन मास में प्रधानमंत्री जी की काशी में उपस्थिति विशेष है, जब 'ऑपरेशन सिंदूर' को पूरी दुनिया ने देखा।

# अंगदान को लेकर पूरे देश में लागू होगी एक यूनिफॉर्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अंगदान को लेकर अलग-अलग राज्यों में प्रचलित नियम व कानून को 'वन नेशन वन पालिसी' के तहत लाने की तैयारी है। इसके लिए नेशनल आर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन (नोटो) ने सभी राज्यों की सहमति के आधार पर एक ड्राफ्ट तैयार कर लागू करने के लिए केंद्र सरकार के पास भेजा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 'मन की बात' के 99 एपिसोड में इसका जिक्र कर चुके हैं। अभी तक अंगदान को लेकर आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में लोग सर्टिफिकेट के लिए बढ़-चढ़कर प्रतिज्ञा लेते हैं। लेकिन अवसर आने पर इनमें से अधिकांश लोग नदारत हो जाते हैं। दूसरे अंगदान को लेकर अलग अलग राज्यों में अलग-अलग नियम व शुल्क निर्धारित है। जिसको देखते हुए नोटो ने सभी राज्यो की सहमति के आधार पर एक ड्राफ्ट तैयार कर वन नेशन वन पालिसी के तहत लागू करने के लिए भारत सरकार के पास भेजा है। जिससे पूरे देश में एक यूनिफॉर्म लागू किया जा सके। एसजीपीजीआई में नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रमुख व यूपी में नोटो के प्रभारी प्रो नारायण प्रसाद ने बताया कि ड्राफ्ट में रजिस्ट्रेशन के लिए आधार आधारित प्रणाली को लागू करने की मांग की गई है।

### अब यूपी पुलिस भी सीबीआई और ईडी के नक्शे कदम पर

**लखनऊ।** यूपी में अब पुलिस की गिरफ्तारी और तलाशी की कार्रवाई अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनेगी। यूपी के डीजीपी ने गिरफ्तारी और तलाशी से जुड़े 16 बिंदुओं पर आधारित नया मेमो सभी जिलों को भेजा है। हर गिरफ्तारी की प्रक्रिया को कागजों में दर्ज करना और उसकी पूरी जानकारी नियमानुसार देना अनिवार्य कर दिया गया है। डीजीपी कार्यालय की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक अब हर आरा. पी की गिरफ्तारी के लिए एक अधिकारी को नामित करना जरूरी होगा, जो गिरफ्तारी से संबंधित सभी विवरण तैयार करेगा। इसके साथ ही इस विवरण को संबंधित जिले के कंट्रोल रूम में प्रदर्शित भी किया जाएगा।

# भाजपा-आरएसएस पर भड़के खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संविधान को खतरे में बताते हुए भाजपा-आरएसएस पर शनिवार को तीखा हमला किया और कहा कि उनकी विचारधारा संविधान विरोधी है, इसलिए चुनाव आयोग तथा उपराष्ट्रपति जैसी संस्थाओं की स्वायत्तता खत्म कर संसदीय परंपरा को खत्म किया जा रहा है।

खड़गे ने यहां विज्ञान भवन में कांग्रेस विधि विभाग के वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान सिर्फ एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र की आत्मा है, जो हर भारतीय को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और



■ संविधान खतरे में, स्वायत्त संस्थाएं भाजपा, आरएसएस के निशाने पर: कांग्रेस

भाईचारे का अधिकार देता है, लेकिन आज यही संविधान खतरे में है। सत्ता में बैठे लोग इसके मूल स्वरूप को बदलने की बात कर रहे हैं।

भाजपा आरएसएस के बड़े-बड़े नेताओं का इरादा संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द हटाना है, जबकि इनकी पार्टी के संविधान में ये दोनों शब्द हैं। इस दोहरे रवैए से भाजपा और आरएसएस के चाल, चेहरा और चरित्र को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा की जिम्मेवारी न्यायपालिका, चुनाव आयोग और मीडिया की है इसलिए इनकी स्वतंत्रता जरूरी है, लेकिन जब एक न्यायाधीश धर्म विशेष के लोगों के लिए अपशब्द बोलते हैं और उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। ऐसे समय में जब सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया से मुख्य न्यायाधीश को हटा दे और मीडिया को पूंजीपतियों के माध्यम से नियंत्रित करे, तो यह लोकतंत्र नहीं तानाशाही है।

सेंसेक्स 81337.95
निफ्टी 2482110

सोना रु. 100000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 114900
प्रति किलो

# शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगी देश की पहली परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी एरसिल

**मुंबई, वार्ता**

देश की पहली परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी (एआरसी) एरसिल ने शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के लिए अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की घोषणा की है। कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसने आईपीओ के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दस्तावेज जमा कराए हैं। वह शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने वाली देश की पहली एआरसी होगी।

आईपीओ के तहत 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 10,54,63,892 इक्विटी शेयर बिक्री के लिए रखे जाएंगे। इनमें 6,87,39,034 इक्विटी शेयर एवेन्यू इंडिया रिसर्जेंस द्वारा और 1,94,45,000 शेयर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बेचे जा रहे हैं। लाठे इनवेस्टमेंट 1,62,44,858 इक्विटी शेयर और फेडरल बैंक ऑफ इंडिया 10,35,000 इक्विटी शेयर बेच रहा है।

आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज, आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्योरिटीज और जेएम फाइनेंशियल को आईपीओ के लिए बैंकर नियुक्त किया गया है। एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (एरसिल) की स्थापना 2002 में हुई थी। यह देश की पहली एआरसी कंपनी है। देश के 12 राज्यों में कई क्षेत्रों में परिसंपत्ति पुनर्गठन का उसका कारोबार फैला हुआ है। उसका नेटवर्थ 2,462. 511 करोड़ रुपए है। कंपनी ने अब तक 652 ट्रस्ट बनाए हैं, जिनमें 199 को सफलतापूर्वक वित्तीय परिसंपत्ति समाधान के बाद बंद कर दिया गया है। इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में एरसिल का परिचालन राजस्व 596. 423 करोड़ रुपए और कुल आय 623.399 करोड़ रुपए रही। तिमाही के दौरान उसका शुद्ध लाभ 355.319 करोड़ रुपए रहा।



### दूसरे दिन भी सोने-चांदी के भाव में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** भारतीय सर्राफा बाजार में शनिवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। ये लगातार दूसरा दिन है जब सोने और चांदी के दामों में कमी आई है, जिससे खरीदारों के लिए यह एक सुनहरा अवसर हो सकता है। विस्तार से जानते हैं कि दिल्ली, हरिद्वार और अन्य प्रमुख शहरों में सोने-चांदी के ताजा भाव क्या हैं? अगस्त के पहले दिन सोने की कीमत में 580 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज की गई थी और आज 2 अगस्त को भी गिरावट जारी रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव लगभग 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास बना हुआ है, जबकि 22 कैरेट सोने का रेट 91,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब है। वहीं, चांदी की कीमत में भी 3,000 रुपये प्रति किलोग्राम की कमी आई और आज 1,14,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का दाम 99,960 प्रति दस ग्राम रहा, जबकि चेन्नई में 99,810 रुपये था। मुंबई में सोन का भाव 99,960 रहा, जबकि कोलकाता में 99,960 रुपये प्रति दस ग्राम रहा। कुछ विशेषज्ञों का ये भी कहना है कि दीपावली तक चांदी की कीमतें 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती हैं,जिससे ये निवेश का एक आकर्षक विकल्प बन सकता है।

# चावल सस्ता, खाद्य तेलों में घट-बढ़ चीनी-दालों में नरमी

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के दाम टूट गए जबकि गेंहू की कीमतों में स्थिरता रही। चीनी सस्ती और गुड़ महंगा हुआ। दालों में भी नरमी रही। वहीं खाद्य तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 19 रुपए घटकर 3,805.37 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गयी। गेहूं 2,839.49 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा 11 रुपए चढ़कर 3,301.10 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 112 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल करीब 168 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। सोया तेल करीब 14 रुपए चढ़ा, जबकि वनस्पति छह रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट में रही। सूरजमुखी तेल 16 रुपए और पाम ऑयल करीब 29 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल में औसतन 30 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी रही। चना दाल 30 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। तुअर दाल 107 रुपए प्रति क्विंटल और दाल मूंग आठ रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट में रही। उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा सस्ती हुई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब नौ रुपए प्रति क्विंटल बढ़े। वहीं चीनी आठ रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन : दाल चना 7916.04, मसूर काली 8081.89, मूंग दाल 10125.94, उड़द दाल 10452.70, अरहर दाल 10839.79 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2839.49 रुपए और चावल 3805.37 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4275.77 और गुड़ 4938.78 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17660.97 रुपए, मूंगफली तेल 17681.91 रुपए, सूरजमुखी तेल 15286.49 रुपए, सोया रिफाइंड 13800.12 रुपए, पाम ऑयल 12254.80 रुपए और वनस्पति तेल 14502.00 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बेटियों के..** सिंदूर का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की एकता ऑपरेशन सिंदूर की ताकत बनी। ऑपरेशन सिंदूर जवानों के पराक्रम का वो पल और आज किसानों को प्रणाम करने का अवसर मिला है। काशी में शनिवार को एक विराट किसान उत्सव का आयोजन हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि मोदी के विकास का मंत्र है, जो जितना पिछड़ा उसे उतनी ज्यादा प्राथमिकता। इस महीने केंद्र सरकार ने एक और नई योजना को मंजूरी दी है, जिसका नाम है प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना। इस योजना पर 24 हजार करोड़ रुपये किसानों के कल्याण के लिए खर्च किए जाएंगे। देश के ऐसे जिले जो पिछली सरकारों की गलत नीतियों के कारण विकास की राह में पिछड़ गए थे। उन जिलों पर प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का फोकस होगा। पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त जारी करने के बाद ये बात कही। जब काशी से धन जाता है, तो अपने आप प्रसाद बन जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी में 2200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात भी दी। पीएम ने कहा कि आज काशी में 2 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की विकास परियोनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी हुआ है। वाराणसी के मंच से पीएम मोदी ने कहा कि काशी में गंगाजल लेकर जाते हुए शिवभक्तों की दिव्य तस्वीरें देखने का अवसर मिल रहा है, खासकर सावन के पहले सोमवार को जब हमारे बंधु बाबा का जलाभिषेक करने निकलते हैं, यह बहुत ही मनोरम दृश्य होता है। डमरू की आवाज से अद्भुद भाव पैदा होता है। मेरी भी बहुत इच्छा थी कि सावन के पवित्र महीने में बाबा विश्वनाथ और मार्कंडेय महादेव के दर्शन करूं। पीएम मोदी ने हर-हर महादेव का जयकारा भी लगाया।

**ईसी पर...** (ईसी)का अस्तित्व खत्म हो चुका है और वह गायब हो गया है। चुनाव आयोग से मिले दस्तावेजें का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने यह पता लगाया है कि लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले 6.5 लाख मतदाताओं में से लगभग 1.5 लाख मतदाता फर्जी थे। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि संविधान की रक्षा करने वाली संस्था को नष्ट कर दिया गया है और उस पर कब्जा कर लिया गया है, लेकिन हमारे पास ऐसे सबूत हैं, जो पूरे देश को दिखा देंगे कि चुनाव आयोग जैसी संस्था का अस्तित्व ही नहीं है, यह गायब हो गया है। इस सबूत को खोजने में हमें लगातार छह महीने लगे हैं। आप बिना किसी संदेह के देखेंगे कि कैसे एक लोकसभा चुनाव चुराया जाता है। 6.5 लाख मतदाता वोट देते हैं और उनमें से 1.5 लाख मतदाता फर्जी होते हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें 2014 से ही कुछ गड़बड़ होने का संदेह था। गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत पर सवाल उठाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र में अपनी हार के बाद चुनावी गड़बड़ियों की जांच शुरू कर दी, जहां विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले एक करोड़ नए मतदाता सामने आए, जिन्होंने भाजपा को वोट दिया। गुजरात विधानसभा चुनाव में मुझे पहले से ही शक था, बड़ी जीत हासिल करने की यह क्षमता। कांग्रेस पार्टी को राजस्थान, मध्य प्रदेश या गुजरात में एक भी सीट नहीं मिली, जिससे मैं हैरान था। फिर, महाराष्ट्र में कुछ हुआ। कांग्रेस नेता ने कहा कि लोकसभा में हम चुनाव जीते। फिर चार महीने बाद हम न सिर्फ हारे, बल्कि पूरी तरह से खत्म हो गए। तीन मजबूत पार्टियां अचानक गायब हो गईं। हमने चुनावी गड़बड़ियों की गंभीरता से जांच शुरू की और पाया कि महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़े। इनमें से ज्यादातर वोट भाजपा को गए।

**उत्तराखंड के...** में शुक्रवार रात रियासी जिले में एक सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) की कार लैंडस्लाइड की चपेट में आ गई। उनकी कार पर अचानक चट्टान गिर गई। हादसे में एसडीएम और उनके बेटे की मौत हो गई। उनकी पत्नी समेत 6 लोग घायल हो गए। भारी बारिश के कारण अमरनाथ यात्रा को 3 अगस्त से बंद करने का फैसला लिया गया है। पहले यह 9 अगस्त को खत्म होनी थी। यात्रा के दोनों मार्गों पहलगाम और बालटाल पर मरम्मत का काम जारी है। बीते दिन सुबह बालटाल रूट से यात्रा शुरू की गई थी, लेकिन बाद में बारिश के चलते यात्रा रोक दी गई थी। मौसम विभाग ने शनिवार को असम, मेघालय, सिक्किम, पश्चिम बंगाल में बारिश का रेड अलर्ट और बिहार, अरुणाचल प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इनके अलावा मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली समेत 19 राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

# जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा छीनने की नीति फेल: महबूबा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 के हटाए जाने के 6 साल पूरे होने से पहले पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि जम्मू कश्मीर से विशेष दर्जा छीनने की नीति पूरी तरह से विफल हो गई है।

5 अगस्त 2019 को संविधान में संशोधन करके जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35। को हटाया गया था। इस पर महबूबा मुफ्ती ने कहा कि 5 अगस्त 2019 से पूरे छह साल बीत चुके हैं। उस समय, जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा छीन लिया गया था और आर्टिकल 370 को इस दावे के साथ हटा दिया गया था कि जम्मू-कश्मीर में सब कुछ ठीक हो जाएगा, लेकिन हमने देखा है कि यह नीति पूरी तरह से विफल रही है।



मुफ्ती ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में आंतरिक स्थिति सुधरने के बजाय बिगड़ी है। उन्होंने सुरक्षा बलों पर जारी कार्रवाई की ओर इशारा करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में आंतरिक रूप से हालात खराब हैं। पिछले छह सालों से रोजाना गिरफ्तारियां हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हालात पहले से भी बदतर हो गए हैं, हालांकि आज लोग चुप हैं। यही वजह है कि हमारा देश पाकिस्तान के साथ टकराव की स्थिति में आ गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# 50,000 फ्लैट्स से होगी गरीबों के पुनर्वास की शुरुआत: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सुल्तानपुरी स्थित डीडीए (ड्यूसिब) द्वारा बनाए गए फ्लैट्स का दौरा कर उनके रखरखाव, मौजूदा स्थिति और पुनर्वास की संभावनाओं का निरीक्षण किय। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार झुग्गीवासियों को गरिमामय जीवन और मकान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस योजना के तहत पहले चरण में 50,000 फ्लैट्स के जरिए गरीबों के पुनर्वास की शुरुआत होगी। दिल्ली सरकार 10 लाख मकानों की जरूरत के हिसाब से बनाने की विस्तृत रणनीति पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर गरीब को घर' के संकल्प पर काम कर रही है।

इस दौरे में मुख्यमंत्रीरेखा गुप्ता के साथ सांसद योगेंद्र चंदोलिया, दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष सूद सहित सभी सम्बंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि गरीब झुग्गीवालों के लिए वर्ष २०१६ में इन फ्लैटों का निर्माण पूरा हो गया था। इन फ्लैटों पर सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों की उदासीनता और नीयत की कमी के कारण ये मकान आज तक उनके असली हकदारों को नहीं मिल पाए। उन्होंने कहा कि यही हाल दिल्ली के बाहरी इलाकों में बने ५०,००० फ्लैट्स का है। उनकी हालत अब इतनी खराब हो



चुकी है कि उन्हें दोबारा उपयोग के लायक बनाने के लिए करोड़ों रुपये फिर से खर्च करने होंगे। दिल्ली सरकार इसे गरीबों के अधिकार का विषय मानते हुए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है ताकि हर झुग्गीवासी को सम्मानजनक, सुरक्षित और सुविधायुक्त आवास मिल सके। इन हजारों मकानों को दुरुस्त करने के लिए केंद्र सरकार ने करीब ७३२ करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध करा दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि यह प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर गरीब को घर' देने के संकल्प के अनुरूप है। दिल्ली सरकार का हर मंत्री, अधिकारी और विभाग इस संकल्प में जुटा है ताकि एक-एक झुग्गीवासी को पक्का मकान मिल सके।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन फ्लैट्स की मरम्मत संभव है, उन्हें जल्द दुरुस्त किया जाए, और जो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हैं, उन्हें फिर से बनाया जाए।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि सरकार पहले चरण में ५०,००० फ्लैट्स को चालू करके गरीबों को देने की योजना पर काम कर रही है। हमारी सरकार की ओर से भविष्य में १० लाख मकानों की आवश्यकता के आकलन के साथ विस्तृत रणनीति तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन दलों ने वर्षों तक झुग्गीवासियों के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया, वे अब केवल राजनीतिक लाभ के लिए हंगामा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पूछा कि जब उनके पास सत्ता थी तो उन्होंने ये मकान क्यों नहीं बांटे? उन्होंने इन फ्लैट्स को खंडहर बनने क्यों दिया? क्या वे इंतजार कर रहे थे कि हमारी सरकार आए और ये जिम्मेदारी निभाए? मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि किसी को भी खुले में रहने, ठंड में कांपने या शौच जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भटकने की नौबत नहीं आने दी जाएगी। सरकार का संकल्प है कि हर गरीब को सुरक्षा, सुविधा और सम्मानजनक जीवन का अधिकार मिलेगा।

# यमुना के पानी की गुणवत्ता में दिखे सुधार के संकेत : डीपीसीसी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की जुलाई २०२५ की रिपोर्ट में यमुना के पानी की गुणवत्ता में जून २०२५ के मुकाबले साफ सुधार दिखा है। बारिश के मौसम में नदियों का प्रदूषण स्तर अक्सर बारिश के पानी की वजह से बदल जाता है, इसलिए केवल मानसून के आंकड़ों के आधार पर निष्कर्ष निकालना सही नहीं है।

मंत्री ने कहा कि जून के आंकड़ों के आधार पर यह कहना कि यमुना ज्यादा प्रदूषित हुई है, आलोचकों की अपरिपक्व या प्रेरित सोच को दर्शाता है। जुलाई २०२५ में यमुना के ८ प्रमुख स्थानों ख्र पल्ला, वजी. राबाद, आईएसबीटी ब्रिज, आईटीओ ब्रिज, निजामुद्दीन ब्रिज, ओखला बैराज और अन्य ख्र से लिए गए नमूनों में :आईटीओ ब्रिज पर बीओडी जून में ७० एमजी/स था जो जुलाई में घटकर २० एमजी/स हो गया। ओखला बैराज पर बीओडी ४० एमजी/स से घटकर ८एमजी/स हो गया।सीओडी स्तर में भी बड़ा सुधार दिखा, जो आईटीओ ब्रिज पर १८६एमजी/स से घटकर ५४ एमजी / 1और ओखला बैराज पर १०० एमजी/स से घटकर ३० एमजी/1 हो गया।डिजॉल्वड ऑक्सीजन (डीओ) स्तर, जो जून में कई जगहों पर लगभग शून्य था, पल्ला और वजीराबाद में काफी बेहतर हुआ, जिससे पानी में ऑक्सीजन की बढ़ोतरी के संकेत मिले। अमोनियाकल नाइट्रोजन और पीएच स्तर में भी कई स्थानों पर गिरावट आई, जो कम प्रदूषण को दर्शाता है। सिरसा ने कहा कि बीओडी, सीओडी और डीओ जैसे पैरामीटर में सुधार को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह शुरुआती संकेत हैं कि हमारे कदम असर दिखा रहे हैं।

# सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्रीय पर्यावरण वन मंत्री से की भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से भेंट की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को हाल ही में राज्य में बादल फटने और भारी बारिश के कारण हुए नुकसान से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि इस मानसून के दौरान भवनों, बुनियादी ढांचे, सड़कों, पुलों, जलापूर्ति योजनाओं, आवासीय संपत्तियों के अलावा बहुमूल्य मानव जीवन को भी भारी नुकसान हुआ है।ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्रीय मंत्री से जमीन गवां चुके आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए एक बीघा भूमि आवंटित करने की अनुमति देने का आग्रह किया। राज्य का ६८ प्रतिशत भाग वन क्षेत्र में है, इसलिए उन्होंने पुनर्वास के लिए वन मानदंडों में ढील देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने नदियों में गाद भरने के बारे में भी चर्चा करते हुए आपदा निवारण के लिए गाद के निपटान के लिए आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया। उन्होंने आग्रह किया कि पहाड़ी राज्यों की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उनके लिए अलग मानदंड निर्धारित किए जाने चाहिए।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री को प्रदेश में बादल फटने की पुनरावृति के बारे में भी अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि इस मामले पर गृह मंत्री के साथ विचार विमर्श हुआ है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक केंद्रीय टीम ने राज्य का दौरा भी किया है। बैठक में उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक संजय अवस्थी, सुरेश कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन के.के. पंत, प्रधान आवासीय आयुक्त अजय यादव और राज्य सरकार तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



**मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू केंद्रीय पर्यावरणवन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री से मुलाकात करते हुए।**

## एक नजर

### सोलर पैनल आज लॉन्च: सीएम रेखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को विधायक दल की बैठक हुई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा पेपरलेस हो गई है। साथ ही आज रविवार को 500 केवी का सोलर पैनल लॉन्च हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि दिल्ली सचिवालय भी जल्द पेप. रलेस होगा। विधानसभा मानसून सत्र में एजूकेशन बिल लाया जाएगा।

### मानहानि के आरोपों मेंसमन जारी किया

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने तेलंगाना-स्थित स्टार्टअप एविरिश हेल्थ सर्विसेज के संस्थापक संदीप गुडापति को जबरन वसूली, मानहानि और आपराधिक धमकी के आरोपों में समन जारी किया है। यह मामला अमेरिका-आधारित वेंचर कैपिटल फर्म फॉक्सहॉग की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत पर आधारित है। दिल्ली पुलिस में दर्ज आधिकारिक शिकायत के अनुसार, संदीप गुडापति ने कथित रूप से एक फर्जी एफआईआर दर्ज कराने और फॉक्सहॉग के खिलाफ मानहानिकारक प्रचार अभियान चलाने की धमकी दी थी, जब उनकी फंडिंग अर्जी को फॉक्सहॉग ने अस्वीकार कर दिया। जो मामला एक सामान्य निवेश समीक्षा के तौर पर शुरू हुआ था, वह अब बदले की कार्रवाई में तब्दील हो गया है। गुडापति के साथ उनके दो सहयोगियों को भी अदालत ने समन जारी किया है, जो कथित रूप से इन धमकियों में शामिल बताए जा रहे हैं।

### नाटक की प्रस्तुति को सराहा



**नई दिल्ली।** द पीपल फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स ने नाटक प्रस्तुत किया। मुक्त धारा ऑडिटोरियम में लेखिका व निर्देशिकाअनुमिता दत्ता चौधरी, सहायक निर्देशक: जीतेन्द्र राजपूत द्वारा द कॉन्फेशन एक आत्मविश्लेषणात्मक प्रस्तुति रही जिसमें अस्पताल के अंतिम कॉरिडोर में प्रतीक्षा कर रहे कुछ व्यक्तियों के अंतरतम रहस्य सामने आते हैं। जैसे-जैसे समय बीतता है, वे अपने सबसे गहरे अपराधबोध, पछतावे और दर्द को उजागर करते हैं। यह नाटक मानवीय भावनाओं की तहों को छूते हुए आत्मा की गहराई तक जाता है।अनुमिता दत्ता चौधरी,विभोर आहूजा,रूपाली नाथ,राजीव सक्सेना,शील कालिया द्वारा अभिनीत इस नाटक को दर्शकों द्वारा सराहा गया।

### 25 वर्षों की यात्रा पूरी होने पर मनाई सिल्वर जुबली

**नई दिल्ली।** क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज ने अपनी 25 वर्षों की प्रभावशाली यात्रा पूरी होने पर अपनी सिल्वर जुबली मनाई। इस अवसर पर मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में, अग्रणी सदस्य कर्ज संस्थानों (एमएलआई) को एमएसएमई फाइनेंसिंग, क्रेडिट रिस्क मैनेजमेंट और संस्थागत उत्कृष्टता में उनके अविस्मरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार वितरण सीजीटीएमएसई के चेयरमैन मनोज मित्तल, सिडबी के डिप्टी प्रबंधन निदेशक प्रकाश कुमार और सीजीटीएमएसई के के सीईओ श्री मनीष सिन्हा द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम में एसबीआई के डीएमडी द्वय सुरेंद्र राणा, और श्री अनिंद्या सुंदर पॉल सहित एसबीआई सहित वरिष्ठ बैंकिंग लीडर ने भी हिस्सा लिया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने गारंटी कवरेज (राशि) और सालाना ग्रोथ में शीर्ष स्थान हासिल किया। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब नेशनल बैंक गारंटी कवरेज (संख्या) में संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर रहते हुए सम्मान हासिल किया। प्राइवेट बैंकों की श्रेणी में एचडीएफसी बैंक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बजाज फाइनेंस, जन स्मॉल फाइनेंस बैंक, कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक, और सरस्वत को-ऑपरेटिव बैंक को उनकी संबंधित श्रेणियों में शीर्ष रहने पर सम्मानित किया गया।

# एमसीडी ने तैयार किया कूड़े से आजादी दिलाने की ठोस कार्य योजना: सत्या शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एमसीडी की स्थाई समिति के अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता की पहल पर शुक्रवार से अगले 1 महीने तक शुरू होने वाले दिल्ली को कूड़े से आजादी-स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए एमसीडी ने पूरी तैयारी कर ली है।

इस संबंध में एमसीडी ने दिन प्रतिदिन की कार्य योजना तैयार की है। एमसीडी की ओर से मेगा स्वच्छता अभियान के दौरान बाजारों, आवासीय कॉलोनियों, औद्योगिक केंद्रों, स्कूलों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाए जाएंगे। सत्या शर्मा ने आज बताया कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल सफाई व्यवस्था को मजबूत करना है, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता भी बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि अभियान को बहुस्तरीय और बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ लागू किया जाएगा, ताकि इसके परिणाम दीर्घकालिक और प्रभावी हों। उन्होंने बताया कि मानसून में जलभराव रोकने के लिए नालों की गाद सफाई और मशीनों से साफ-सफाई की जाएगी। हर घर से गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग इकट्ठा करने के लिए डस्टबिन वितरित किए जाएंगे। सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव के साथ-साथ पेट्रोल पंपों और रेस्तरां के शौचालयों की भी नियमित निगरानी होगी।

डेंगू-मलेरिया प्रवण क्षेत्रों में फॉगिंग व एंटी-लार्वा स्प्रे चलाए जाएंगे। स्कूलों, कॉलेजों व बाजारों में पेंटिंग, स्किट और प्रतियोगिताओं के जरिये जनभा गीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। सत्या शर्मा ने बताया कि दिल्ली का सौंदर्यकरण करने के लिए रेलवे पटरियों के पास फैले कूड़े को हटाया जाएगा, निर्माण और विध्वंस कचरे के लिए सभी 12 क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जाएगा।

### माता वैष्णो देवी कटड़ा के लिए विशेष आरक्षित ट्रेन

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा के लिए विशेष आरक्षित रेलगाड़ी चलाने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन नई दिल्ली और श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा के बीच कुल तीन फेरों में संचालित होगी। इसका उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस और रक्षाबंधन जैसे विशेष अवसरों के दौरान बढ़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करना और यात्रियों को सुविधा देना है। उत्तर रेलवे के अनुसार विशेष रेलगाड़ी संख्या ०४०८१/ ०४०८२ का संचालन नई दिल्ली से श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा के लिए १४, १५, १६ अगस्त और कटड़ा से नई दिल्ली १५, १६, १७ अगस्त को होगा।

# एनडीएमसी शिकायत निवारण सुविधा शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं को सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए एनडीसीसी कन्वेन्शन सेंटर, जयसिंह रोड, में एक सुविधा शिविर का आयोजन किया।नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के संबंधित अधिकारियों ने शिविर में जनता से ४५ शिकायतें प्राप्त की। निवा. सियों की अधिकांश शिकायतें कार्मिक, सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी, सार्वजनिक स्वास्थ्य, प्रवर्तन, वाणिज्यिक, कर और संपदा विभागों से संबंधित हैं। इसके अलावा सैकड़ों स्थानीय निवासियों और सेवा उपयोग कर्ताओं ने नागरिक सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए सुविधा शिविर का दौरा किया।

पालिका परिषद द्वारा शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए विभिन्न विभागों से संबंधित अधिकारियों ने जनता से उनकी जन शिकायतों पर आमने-सामने चर्चा की और उनका समाधान किया गया। पालिका परिषद के ३० विभागों के सौ से अधिक अधिकारी/ कर्मचारी शिकायतों के मौके पर निवारण के लिए शिविर में मौके पर मौजूद रहे।



**न्यू उस्मानपुर इलाके में जयपुर से आए युवक को लूटने वाले ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार कर मीडिया के सामने पेश करते पुलिस के जवान।**

# सवारी को लूटने वाले दो लुटेरे धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में जयपुर से आए युवक ने एक मेट्रो स्टेशन से गंतव्य स्थान पर जाने के लिए एक ई-रिक्शा किया, कुछ दुरी चलकर ई -रिक्शा चालक ने ई रिक्शा में बैठे अन्य साथियों के साथ युवक का मोबाईल फोन और दस्तावेजों का बैग लूट लिया था, शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा चालक और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है और आगे की जांच जारी है।पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया 29 जुलाई न्यू उस्मान पुर थानांतर्गत रोशन कुमावत निवासी गांव डूंगर, जयपुर दर्ज करवाई थी कि वह जयपुर से प्रतियोगी परीक्षा देने के लिए आया था उसने कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन से नेहरू विहार के लिए ई-रिक्शा किया था और जब ई- रिक्शा तीसरा पुस्ता उस्मान पहुंचा तब ई-रिक्शा चालक ने अन्य सवारियों के साथ मिलकर उससे उसका मोबाईल फोन और दस्तवेजो का बैग लूट लिया और यमुना खादर की तरफ भाग गए।

### मराठी फिल्मों का निर्माता पुणे से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली जिला पुलिस की साइबर थाना टीम ने एक फिल्म निर्माता को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया है।आरोपित का नाम रुग्वेद अश्विन डेंगले है। इसके कब्जे से पुलिस ने चार स्मार्टफोन, १४ एटीएम कार्ड, १५ चेकबुक, छह पासबुक और ३.४५ लाख रुपये बरामद किए हैं।

मामले की छानबीन जारी है। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि २० मई को साइबर थाना पुलिस को एक शख्स ने अपने साथ हुई करीब १२.८५ लाख रुपये की ठगी की शिकायत दी। पीड़ित ने अपनी शिकायत में बताया कि टेलीग्राम के माध्यम से एक शख्स ने संपर्क किया।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# फायरिंग कर स्कूटी लेकर हुए फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी इलाके में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने एक घर के बाहर गोली चलाई और स्कूटी लेकर फरार हो गए। जिसमें बताया गया कि स्कूटी की डिग्गी में हजारों रुपये थे,जो कमेटी के थे। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। पुलिस ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने कुछ चशमदीदों के बयान भी दर्ज किये हैं।

जानकारी के मुताबिक मंगोलपुरी पुलिस को बीती रात करीब 11 बजे आई ब्लॉक में गोली चलने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को मौके पर एक कारतूस का खोल बरामद हुआ। पुलिस ने क्रॉइम और एफएसएल टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। पुलिस को शुरूआती जांच में पता चला कि कुछ लडके जिनके हाथ में पिस्टल और चाकू थे। पैदल आए और गोली चलाकर स्कूटी लेकर फरार हो गए। जिसमें ९८ हजार रुपये रखे हुए थे,जो दो भाई कमेटी से उठाकर लाए थे। गोली क्यों चलाई,स्कूटी लेकर क्यों फरार हुए थे। मामला लूट का या फिर रंजिश का है। पुलिस जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोली किसने चलाई,स्कूटी में सही में रुपये रखे हुए थे। अगर थे तो जहां पर शिकायतकर्ताओं ने कमेटी डाल रखी थी। उससे भी पूछताछ की जा रही है। वारदात में कई संदिग्ध चीजें है,फरार आरोपियों के पकड़े जाने के बाद ही सभी अनसुलझे सवालों के जवाब मिल पाएगें।

### बाथरूम में फिसल कर गिरे झारखंड के शिक्षा मंत्री, अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** बाथरूम में गिरकर गंभीर रूप से घायल झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को एयर लिफ्ट कर दिल्ली लाया गया। दोपहर 1:50 पर उन्हें अपोलो हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। उन्हें सिर में गंभीर चोट लगी है। अपोलो के न्यूरो सर्जन स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे हैं। हॉस्पिटल ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# शिबानी ने तीज महोत्सव में मंच पर मचाया धमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध बॉलीवुड सिंगर शिबानी कश्यप ने दिल्ली पर्यटन और दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित तीज महोत्सव में अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह कार्यक्रम दिल्ली हाट, पीतमपुरा में आयोजित हुआ।

इस कार्यक्रम में दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही और 3000 से अधिक उत्साही दर्शकों ने इसमें भाग लिया। शिबानी ने अपना नया सशक्तिकरण गीत 'जश्न-ए-नारी' प्रस्तुत किया, जो 'नारी फर्स्ट' के सहयोग से तैयार किया गया है। यह गीत नारीत्व, शक्ति और एकता को समर्पित एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि है। उनकी ऊर्जा से भरी प्रस्तुति और जोशीली आवाज ने इस कार्यक्रम को महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक गौरव के एक यादगार उत्सव में बदल दिया। यह केवल एक संगीतमय प्रस्तुति नहीं थी, बल्कि इस कार्यक्रम ने महिलाओं की अडिग भावना को दर्शाया, जहां संगीत, परंपरा और संदेश का अद्भुत संगम देखने को मिला।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### नेहरू नगर में चल रही तीन बिल्डिंग में

# व्यवसायिक गतिविधि को प्राधिकरण ने किया सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उपाध्यक्ष द्वारा दिये गये सख्त निर्देशों के अनुपालन में एवं प्रभाप्रवर्तन जोन-4 के नेतृत्व में शनिवार को भूखण्ड सं0- ए-43, नेहरु नगर- सेकेण्ड, गाजियाबाद का निरीक्षण किया गया। प्रश्नगत् निर्माण के बेसमेन्ट में भू-स्वामी हनी राय पुत्र गुलशन राय व बीनू राय पुत्र गुलशन राय द्वारा भू-उपयोग के विरुद्व व्यवसायिक गतिविधि प्रारम्भ किये जाने पर दिनांक 29.07.2024 को तत्कालीन अवर अभियन्ता की प्रथम सूचना रिपोर्ट के क्रम में उ0प्र0 नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा 26 (2) के अन्तर्गत वाद सं0-13/ अ0भू0उ0/ प्रवर्तन जोन- 4/ 2024 दिनांक 30.07.2024 योजित करते हुए कारण बताओं नोटिस तथा सील पूर्व कारण नोटिस क्रमशः दिनांक 30.07.2024 तथा दिनांक 16.08.2024 प्रेषित किया गया था।

लेकिन निर्माणकर्ता द्वारा न तो कोई उत्तर दिया और न ही व्यवसायिक गतिविधि को बन्द किया गया। इसलिए आवासीय भू-उपयोग के विरुद्ध स्थल पर संचालित व्यवसायिक गतिविधि पर रोक लगाने हेतु निर्माण को सील कर दिया गया, 2.भूखण्ड सं0-ए-55, नेहरुनगर-सेकेण्ड, गाजियाबाद का निरीक्षण किया गया। निर्माणकर्ता अतुल मित्तल, अरुण मित्तल पुत्रगण स्व0 के0 पी0 मित्तल, भूखण्ड सं0-ए-55, नेहरुनगर- सेकेण्ड, गाजियाबाद के आवेदन पत्र दिनांक 30.05.2025 व शपथ पत्र दिनांक 30.05.2025 के अनुरोध के क्रम में प्राधिकरण द्वारा लगायी गयी सील को इस शर्त के साथ दिनांक 03.06.2025 को खोली गयी थी कि स्थल पर व्यवसायिक गतिविधि हटाकर स्वीकृत मानचित्र में दर्शित आवासीय भू-उपयोग के अनुसार ही उपयोग में लाया जायेगा।



परन्तु स्थल पर व्यवसायिक गतिविधि हेतु लगाया गया शटर वर्तमान तक भी हटाया नही गया है और निर्माण को आवासीय रुप में परिवर्तित नही किया गया है। इसलिए निर्माण को पुनः सील कर दिया गया। 3. भूखण्ड सं0-ए-59, नेहरुनगर-सेकेण्ड, गाजियाबाद का निरीक्षण किया गया। प्रश्नगत स्थल पर बिना स्वीकृत मानचित्र प्रस्तुत किये निर्माण प्रारम्भ किये जाने पर वाद सं0- जीडीए/ एएनआई/ 2025/ 00003740 दिनांक 10.02.2025 योजित करते हुए कारण बताओं नोटिस प्रेषित किया गया था, जिसका निर्माणकर्ता अरुण कुमार द्वारा यह जवाब दिया गया है कि निर्माण कार्य के दौरान उनके द्वारा ऐसा कोई निर्माण नही कराया जायेगा। जो प्राधिकरण की नियमावली के अन्तर्गत न हो। जबकि स्थल पर स्वीकृत मानचित्र सं0- जीडीए/ बीपी/ 24- 25/ 0799 दिनांक 03.10.2024 के विरुद्ध आंशिक रुप से सेट बैक कवर करते हुए स्ट्रक्चर का निर्माण पूर्व में पूर्ण कर लिया गया है। इसलिए निर्माण को सील कर दिया गया। सीलिंग के दौरान प्रवर्तन जोन-4 सहायक अभियन्ता, प्रवर्तन जोन का समस्त स्टाफ एवं प्राधिकरण पुलिस बल की उपस्थिति में सीलिंग की कार्यवाही की गयी। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/ सील की कार्यवाही किये जाने का अभियान जारहेगा।

## इंदिरापुरम में अवैध निर्माण पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर



■ **नर्सरी के लिएआवंटित की गई भूमि पर किए गये अवैध कब्जे को भी खाली कराया गया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दिये गये सख्त निर्देशों एवं मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेशों के अनुपालन में प्रभारी प्रवर्तन जोन-6 के नेतृत्व में शनिवार को अवैध निर्माण/ अतिक्रमण/ अवैध कब्जे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई, जिसमें इन्दिरापुरम आवासीय योजना के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या-14, ज्ञानखण्ड-1, इन्दिरापुरम पर मानकों से अतिरिक्त कराये गये निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। इसके पश्चात् वर्ल्ड रेजीडेन्सी के निकट ग्रीन वर्ज पर प्राधिकरण द्वारा नर्सरी हेतु आवंटित की गई भूमि पर किये गये अवैध कब्जे को खाली कराया गया।

उपरोक्त कार्यवाही के दौरान प्रभारी प्रवर्तन जोन-6, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-06 का समस्त स्टाफ व जीडीए पुलिस बल उपस्थित रहा। भविष्य में भी अवैध निर्माण/ अतिक्रमण के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी।

## चोरों ने नाले के ऊपर रखा जाल उड़ाया

**गाजियाबाद।** शनिवार की अल सुबह लाल कुआं क्षेत्र में भारत गैस एजेंसी के पास नाले के ऊपर रखे लोहे के जाल को तीन चोरों ने चुरा लिया। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे चोरों की करतूत उजागर हुई। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा कि तीन चोर एक ई-रिक्शा में सवार होकर घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने नाले के ऊपर रखे लोहे के जाल को बड़ी सावधानी से हटाया और उसे ई-रिक्शा में लादकर फरार हो गए। खास बात यह है कि चोरों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए ई-रिक्शा की नंबर प्लेट पर काला पेंट पोत रखा था, ताकि उनकी गाड़ी की पहचान न हो सके। घटना के बाद स्थानीय लोगों और दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कौशिक इलेक्ट्रिकल्स और भारत गैस एजेंसी के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की गई, जिसमें तीनों चोर साफ तौर पर लोहे का जाल चुराते हुए दिखाई दिए। फुटेज में चोरों की सावधानी और सुनियोजित तरीके से की गई चोरी स्पष्ट रूप से नजर आ रही है। हालांकि, नंबर प्लेट पर काला पेंट होने के कारण ई-रिक्शा की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। उत्तर प्रदेश : जिला गाजियाबाद में चोर एक नाले से लोहे का जाल चुराकर ले गए। वो जिस ई रिक्शे को लाए थे, उसकी नंबर प्लेट पर काले रंग का पेंट लगा हुआ था।

## टेंट एंड बैंकट एसोसिएशन ने सांसद अतुल गर्ग से की शिष्टाचार मुलाकात, समस्याओं से कराया अवगत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** टेंट एंड बैंकट एसोसिएशन के अध्यक्ष व प्रांतीय अध्यक्ष अशोक चावला के नेतृत्व में लोकसभा क्षेत्र के सांसद अतुल गर्ग से उनके निवास स्थान पर एक प्रतिनिधिमंडल मिला। अशोक चावला ने टेंट, वेंकट, लाइट्स, जेनरेटर पर जीएसटी की दर 18% है। उसको 12% कराने का अनुरोध किया। इसके साथ ही अयोध्या व वाराणसी आने जाने वाली वंदे भारत एवं शिवगंगा ट्रेनों को गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर रुकवाने का अनुरोध भी किया। जिससे गाजियाबाद नोएडा व आस-पास के जनपद के नागरिकों को आने जाने में आसानी होगी और धार्मिक लाभ भी प्राप्त होगा। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष अशोक चावला, महामंत्री मुकेश त्यागी, कोषाध्यक्ष विवेक मोहन, सह- कोषाध्यक्ष अनिल मित्तल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष क्रमशः के.एल. बहल, अशोक आजमानी, अशोक बाठला, उपाध्यक्ष सरदार सुखविंदर सिंह, उपाध्यक्ष अतुल सिंघल आदि उपस्थित रहे।

### मुरादनगर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान उत्सव दिवस सम्पन्न

## भाजपा सरकार किसानों की हितैषी, किसानों के हित में निरंतर प्रयासरत: नरेन्द्र कश्यप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान उत्सव दिवस के आयोजन का सभी विकास खण्ड परिसर, सहकारी समितियाँ, कृषक उत्पादक संगठन, किसान समृद्धि केन्द्रों पर लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वाराणसी से मा० प्रधानमंत्री द्वारा किया गया, जिसके द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त का हस्तान्तरण कृषकों के बैंक खाते में किया गया, जिसका लाइव प्रसारण ग्राम पंचायत, विकास खण्ड, उर्वरक विक्रेता एवं स्वयं सहायता समूह, सहकारी समितियों पर दिखाया गया।

गाजियाबाद में उत्सव का जनपद स्तरीय कार्यक्रम कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मुरादनगर के परिसर में किया गया तथा अन्य विकास खण्ड कार्यालयों यथा कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, रजापुर, लोनी एवं भोजपुर में भी किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा सभी अतिथियों का फूल माला व पटका पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया। मंत्री नरेंद्र कश्यप द्वारा अपने संबोधन में बताया गया कि भाजपा सरकार किसानों की हितेषी है वह विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों के हित के विषय में लगातार कार्य करती रहती है। प्रत्येक किसान को सम्पन्न व खुशहाल बनाने हेतु भाजपा सरकार सकंल्पबद्ध है।



उन्होने कहा कि कार्यक्रम के मद्देनजर जनपद में 52000 कृषकों को लगभग 10 करोड़ रूपये की धनराशि उनके बैंक खाते में हस्तान्तरित की गयी। इस प्रकार अभी तक कुल 200 करोड़ रूपये जनपद के कृषकों को डी०बी०टी के माध्यम से उनके खाते में हस्तान्तरित की गयी।

इस अवसर पर नरेन्द्र कश्यप मा० मन्त्री स्वतन्त्र प्रभार पिछड़ा वर्ग उ०प्र शासन द्वारा प्रगतिशील कृषकों को बाजरा, ज्वार, रागी के मिनीकिट तथा साथ में ट्राइकोड्रमा वितरित किया गया। यह कार्यक्रम जनपद में लगभग 150 स्थानों पर प्रसारित कर कृषकों को दिखाया गया। कार्यक्रम में राजीव त्यागी मा० ब्लाक प्रमुख मुरादनगर, मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, पंकज भारद्वाज महानगर अध्यक्ष किसान मोर्चा, अरविन्द भारतीय पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, मास्टर सुरेन्द्र त्यागी जिला महामंत्री किसान मोर्चा, राम जतन मिश्र उप कृषि निदेशक, एस०पी पाण्डे परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, विकास कुमार जिला कृषि रक्षा अधिकारी तथा अन्य अधिकारी/ कर्मचारी सहित लगभग 500 कृषक विकास खण्ड मुरादनगर परिसर में उपस्थित रहे।

## जेकेजी स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल मे रोटरी गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट एवं जेकेजी रोटरेक्ट क्लब के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अभिभावको के साथ क्षेत्र के अन्य लोगों ने भी रक्तदान किया। यह रक्तदान शिविर वरदान अस्पताल, बल्ड बैंक एवं मेमोग्रॉफी टेस्ट रोटरी डिस्ट्रिक 3012 के सहयोग से लगाया गया। रक्तदान शिविर व मेमोग्रॉफी टेस्ट का उदघाटन मुख्य अतिथि असिस्टेंट गवर्नर - रोटेरियन अभिषेक जिंदल, पी. डी. जी. रोटेरियन अशोक अग्रवाल, प्रेसिडेंट क्लब ऑफ गजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट रोटेरियन अरुणा अग्रवाल और प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन वरुण गौड़ एवं पीडीजी रोटेरियन जेके गौड़ ने सयुक्त रूप से किया।

मुख्य अतिथि असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन अभिषेक जिंदल ने कहा कि रक्तदान से बढकर दूसरा कोई दान नहीं है। रक्तदान से हम दूसरों का जीवन बचाकर उन्हें नया जीवन दे सकते हैं, अत: अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए ताकि रक्त के अभाव में किसी की असमय मत्यु ना हो सके। स्कूल के डायरेक्टर डॉ करूण कुमार गौड़ ने कहा कि रक्त के अभाव में हर वर्ष लाखों-करोडों लोग असमय ही काल के मुंह में चले जाते हैं। यदि हर व्यक्ति मानवता के प्रति अपने कर्त्तव्य का पालन करें तो इन मौतों को रोका जा सकता है और लाखों-करोडों का जीवन बचाया जा सकता है।

लोगों में यह भ्रम है कि रक्तदान करने से नुकसान होता है। रक्तदान करने से तो हमारा स्वास्थ्य और बेहतर होता है। यदि हम खुद को स्वस्थ रखने के लिए ही रक्तदान करें तो भी यह मानवता की बहुत बडी सेवा होगी। प्रधानाचार्या अंजू गौड़ ने कहा कि जेकजी इंटरनेशनल स्कूल समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहा है। इसी के चलते स्कूल बच्चों को शिक्षित व संस्कारित करने के अलावा स्वच्छता, पर्यावरण व जल संरक्षण, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहा है।

रक्तदान शिविर व मेमोग्रॉफी टेस्ट का आयोजन का उददेश्य लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। लोग जागरूक होंगे तो रक्तदान के लिए खुद ही आगे आएंगे जिससे रक्त के अभाव में किसी की भी जान नहीं जाएगी।

## आईटीएस डेंटल कॉलेज ने मरीजों के लिए लगाए स्वास्थ्य शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेन्टल कॉलेज द्वारा जुलाई में मरीजों के लिए गाजियाबाद के विभिन्न स्थानों पर नियमित शिविरों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत संस्थान ने गाजियाबाद जिले के विभिन्न हिस्सों में लगभग 4000 मरीजों के विभिन्न षिविर लगाये जिसमें भोपुरा, कच्छेड़ा, लाजपत नगर, बापुंधाम, ग्यासपुर, नंदग्राम, फरूखनगर, फिरोजनगर, खेड़का, लोनी, चमरावल, दासना आदि के साथ-साथ भारत सिटी, देविका स्काईपर और अग्रवाल हाइट्स जैसी गाजियाबाद की विभिन्न सोसायटियों में भी विभिन्न दंत चिकित्सा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त आईटीसी फैक्ट्री गाजियाबाद में दो दिवसीय विशेष दंत चिकित्सा जागरूकता और उपचार शिविर भी आयोजित किया गया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, व्यक्तियों को सामान्य दंत समस्याओं के प्रारंभिक संकेतों के बारे में शिक्षित करना और मुफ्त निदान तथा उपचार सेवाएं प्रदान करना था। प्रत्येक शिविर की शुरूआत मौखिक स्क्रीनिंग सत्र से हुई, जिसके बाद प्रत्येक मरीज को अपना उपचार कराने के लिए प्रेरित किया गया।

विशेष रूप से दांतों की सड़न, मसूड़ों की बीमारियों, दंत फ्लोरो. सिस और उन्हें रोकने के उपायों पर जोर दिया गया। इसके साथ ही उन्हें कैरियोजेनिक खाद्य पदार्थो के बारे में शिक्षित किया गया जो दांतों की सड़न पैदा कर सकते है। इसके बाद उन्हें मौखिक रोगों से संबंधित उकने प्रश्नों के उत्तर भी दिये। इसके अतिरिक्त मरीजों को संस्थान में प्रदान किये जाने वाले उन्नत उपचार जैसे डेंटल इंप्लांट, लैमिनेट्स, वेनीर्स, माइक्रोस्कोपिक रूट कैनाल ट्रीटमेंट, ब्रेसेस, एलाइनर्स, टीथ व्हाइटनिंग, हेयर ट्रांसप्लांट आदि के बारे में भी बताया गया। इसके बाद शिविर स्थल पर मरीजों के दांत निकाले गये, दांतो की सफाई करायी, दांतों की सड़न को रोकने के लिए एपीएफ जैल लगाना और और मरीजों का एक्स-रे तथा दांतो मे मसाला भी भरा गया। इसके साथ मरीजों को तंबाकू समाप्ति पर परामर्श भी दिये गये। इसके अतिरिक्त, संस्थान के द्वारा भोजपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और मुरादनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपनी चल रही सेटेलाइट के जरिए लगभग 1000 से अधिक मरीजों को निशुल्क उपचार प्रदान किया।

## पहले ली ट्रेनिंग फिर लूट लिया एटीएम

**गाजियाबाद।** की स्वाट टीम नगर जोन और थाना कोतवाली नगर पुलिस ने एक संयुक्त कार्रवाई में दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिल्ली के संगम विहार निवासी सूरज नारायण और दिल्ली के गायमुनीरका निवासी सोनू राजपूत के रूप में हुई है। दोनों को विजय नगर फ्लाईओवर के पास से हिरासत में लिया गया। इन आरोपियों ने जस्सीपुरा स्थित हिटैची एटीएम से 24 जुलाई 2025 को 12.40 लाख की चोरी की थी। पुलिस के अनुसार, आरो. पियों ने सुनियोजित तरीके से जस्सीपुरा में हिटैची एटीएम को निशाना बनाया। उन्होंने पहले एटीएम की सुरक्षा प्रणाली को कमजोर किया। इसके बाद सीसीटीवी कैमरों पर स्प्रे पेंट छिड़ककर उन्हें निष्क्रिय किया और फिर वायर्स काटकर एटीएम से 12.40 लाख नकद चुरा लिए। यह घटना 24 जुलाई 2025 को अंजाम दी गई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। स्वाट टीम नगर जोन और थाना कोतवाली नगर पुलिस ने संयुक्त रूप से सघन जांच और गुप्त सूचना के आधार पर विजय नगर फ्लाईओवर के पास आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की रकम का एक बड़ा हिस्सा, घटना में प्रयुक्त उपकरण और अन्य सामान बरामद किया है।

## स्वाट टीम और वेवसिटी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, दो ठगों को दबोचा

**गाजियाबाद।** स्वाट टीम ग्रामीण जोन और थाना वेवसिटी पुलिस ने एक संयुक्त ऑपरेशन में दो शातिर ठगों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। इन ठगों ने 25 जुलाई 2025 को थाना वेवसिटी क्षेत्र के लाल कुआं के पास एक सर्राफा व्यापारी से ठगी की घटना को अंजाम दिया था। इस कार्रवाई में पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 1 किलो 900 ग्राम चांदी, 1 लाख 5 हजार रुपये नकद, 1 अवैध तमंचा, 1 खोखा कारतूस, 1 जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। 25 जुलाई 2025 को सुबह करीब 4 बजे, गाजियाबाद से आगरा जा रहे एक सर्राफा व्यापारी को दो बाइक सवार ठगों ने लाल कुआं के पास निशाना बनाया। ठगों ने व्यापारी से एक बैग छीन लिया, जिसमें 1 किलो 900 ग्राम चांदी और 1 लाख 55 हजार रुपये नकद थे। इस घटना के संबंध में थाना वेवसिटी में मुकदमा संख्या 215/2025 धारा 318(4)/303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### डॉ. केएन मोदी ग्लोबल की शाखा

# प्रीटी पेंग्विंस में 'टी टॉक' कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉ. के. एन. मोदी ग्लोबल स्कूल की शाखा प्रीटी पेंग्विंस स्कूल में छात्रों के समग्र विकास के लिए माता-पिता और स्कूल के बीच मजबूत साझेदारी में विश्वास रखते हुए 'टी टॉक' कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य माता-पिता और स्कूल प्रबंधन के बीच एक खुला और रचनात्मक संवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ के.एन. मोदी फाउंडेशन के प्रबंधक मेघराज, चीफ एक्सिक्यूटिव दीपांकर, स्कूल उपप्रधानाचार्या पूजा शर्मा, स्कूल हेड मिस्ट्रेस प्रेरणा वर्मा, आदि के द्वारा द्वीप प्रज्वलित करके की गई।



इस कार्यक्रम के अंतर्गत पी. पी. टी. के माध्यम से स्कूल मे पूरे वर्ष हुई गतिविधियों व उनके उद्देश्य और स्कूल के विजन को अभिभावकों से साझा किया। जिसमे अपने बच्चों को गति. विधि करते देख अभिभावकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 225 से भी अधिक अभिभावकों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक वर्कशॉप भी आयोजित की गई जिसमें बच्चों को मोबाइल से दूर कैसे रखा जाए इस बात पर चर्चा की गई जो आजकल अभिभावकों के लिए सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। चीफ एक्सिक्यूटिव दीपांकर व उपप्रधानाचार्या पूजा शर्मा ने स्कूल मे आए सभी अभिभावकों का धन्यवाद किया तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

टी टॉक कार्यक्रम मे स्कूल परिसर के अंतर्गत बच्चों द्वारा बनाए गए क्राफ्ट की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अभिभावकों को जूनियर शेफ और पुस्तकालय का भ्रमण भी कराया गया। जिसे देखकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस मौके पर स्कूल हेडमिस्ट्रेस प्रेरणा वर्मा ने कहा कि स्कूल बच्चों के लिए शिक्षा के मंदिर के साथ-साथ उनके अंदर अन्य चीजों के विकास करने का भी केंद्र होता है बच्चों को स्कूल में जितनी चीज सीखने को मिलती हैं उतनी कहीं और नहीं मिल पाती।

यह उनके शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास की भी केंद्र होता है इसको ध्यान में रखकर समय-समय पर स्कूल में इस तरह की गतिविधियां कराई जाती है। कार्यक्रम के अंत मे स्कूल हेडमिस्ट्रेस प्रेरणा वर्मा ने अध्यापिकाओं के कार्य की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बहन के देवर को सुपारी देकर पति की हत्या करवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अलीपुर इलाके में एक महिला ने पहले अपने ही पति( हिस्ट्रीशीटर) की बहन के देवर को सुपारी देकर हत्या कर दी। जब देवर ने उसे मोबाइल फोन पर शव को ठिकाने लगाने तक की वीडियो भेजी,उसके बाद महिला ने थाने में जाकर पति के लापता होने की झूठी गुमशुदगी दर्ज करवा दी।

सुपारी की रकम भी महिला ने अपने का ऑटो बेचकर दी। जबकि पति का फोन अपने प्रेमी को दे दिया था। जिसने कुछ महीने पहले फोन को ऑन कर लिया था। जिसके बाद अपराध शाखा पुलिस ने उसी फोन की सहायता से पहले प्रेमी को पकड़ा और फिर महिला को। जबकि महिला की बहन का कातिल देवर हरियाणा पुलिस ने किसी चोरी के मामले में पहले ही गिरफ्तार किया हुआ है। मृतका का शव हरियाणा पुलिस ने पहचान नहीं होने के कारण उसका अंतिम संस्कार कर दिया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल बीस जुलाई को अलीपुर थाने में आरोपी सोनिया ने अपने पति प्रीतम प्रकाश की गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। सोनिया ने बताया था कि पांच जून की रात से उसका पति लापता है। पुलिस प्रीतम प्रकाश को तलाशने के लिये उसका फोन सर्वलांस पर लगाकर उसकी लोकेशन पता कर रही थी। लेकिन शुरूआत में उसका कुछ पता नहीं चला था।

एसीपी अशोक शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप तुषीर के नेतृत्व हेडकांस्टेबल प्रदीप तोमर को पता चला था कि अलीपुर से लापता प्रीतम प्रकाश का कुछ पता नहीं चला है,लेकिन उसका फोन गाँव जाजी, सोनीपत, हरियाणा में चल रहा है। फोन को इस्तेमाल करने वाले रोहित को पकड़ा। रोहित पहले भी हरियाणा में हत्या और आर्म्स एक्ट सहित चार मामलों में शामिल रहा है और दिल्ली में टैक्सी चलाया करता है। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि उसके सोनिया यानी लापता प्रीतम प्रकाश की पत्नी के साथ अवैध संबंध थे। फोन उसे सोनिया ने दिया था। जिसको ठिकाने लगाना था,लेकिन उसने फोन अपने पास रख लिया था और कुछ समय से उसको चला रहा था। पुलिस ने सोनिया को गिरफ्तार किया। सोनिया से पूछताछ करने पर पता चला कि जुलाई २०२४ में, उसने अपने पति की हत्या की सुपारी विजय (उसकी बहन के देवर) निवासी गाँव गुमड़, गन्नौर, सोनीपत को दी थी। किसने उसकी हत्या की और उसके शव को फेंक दिया गन्नौर, सोनीपत के अगवानपुर गाँव के पास एक नाले में फेंक दिया था। दस जुलाई को थाना गन्नौर, सोनीपत को नाले में एक अज्ञात शव मिला। मृतक की कभी पहचान नहीं हो पाई है, लेकिन पोस्टमार्टम के दौरान डीएनए के नमूने वहीं संरक्षित किए गए थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोनिया और प्रीतम प्रकाश की लव मैरिज हुई थी। उनके तीन बच्चे हैं। प्रीतम आए दिन शराब के नशे में झगड़ा व मारपीट करता था। सोनिया काफी परेशान हो गई थी। हिस्ट्रीशीटर होने के कारण प्रीतम घर में हथियार रखा करता था। घर का माहौल भी खराब हो रहा था। २०२३- २४ में सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी दोस्ती सह-आरोपी रोहित से हुई। रोहित कई बार जेल भी जा चुका है। वे शादी करना चाहते थे, लेकिन उसका पति इसमें रोड़ा बन रहा था। २ जुलाई २०२४ को प्रीतम से झगड़ा होने पर वह रोहित की टैक्सी लेकर अपनी बहन दीपा के घर गन्नौर, सोनीपत चली गई थी। इस बीच उसने रोहित से अपने पति की हत्या करने के लिए कहा, लेकिन रोहित ने यह कहकर ६ लाख रुपये मांगे कि वह अकेले यह काम नहीं कर सकता और उसे किसी और को भी काम पर रखना होगा। उसके पास इतने पैसे नहीं थे। इस बीच रोहित के खिलाफ कोई मामला दर्ज हो गया और वह अंडरग्राउंड हो गया। पांच जुलाई को प्रीतम उसे लेने गन्नौर आया और उससे झगड़ा करने लगा। उसे बेइज्जत किया। तभी उसने बहन के देवर विजय से पति की हत्या करने की बात कही। इसके लिये एक लाख रुपये मांगे। पचास हजार रुपये सौदा तय हुआ। प्रीतम को बहाने से घर पर ही रोक लिया। रात को विजय और प्रीतम एक कमरे में सोए। उसी वक्त विजय ने प्रीतम की हत्या कर दी।

## रिश्तेदार को जेल में डालने की धमकी देकर आठ लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शालीमार बाग इलाके में रिश्तेदार को जेल में डालने की धमकी देकर ठगों ने बुजुर्ग से आठ लाख रुपये ठग लिये। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक शालीमार बाग इलाके में ७३ साल के बुजुर्ग सीपी सचदेवा परिवार के साथ रहते हैं। उनके पास एक अंजान नंबर से फोन आया था। फोन रिश्तेदार रवीश का था। उसी वक्त एक ओर अंजान नंबर से फोन आया। जिसने खुद को एक विभाग का अधिकारी बताया। पहले रवीश ने बताया कि उसे मेडिकल इमरजेंसी है,वीजा संबंध समस्या को लेकर उन्हें नजरबंद कर रहे हैं। वहीं कॉलर अधिकारी ने कहा कि अगर पैसे जमा नहीं करोगे तो रवीश को दुबई से बाहर किया जा सकता है। कॉलर का विश्वास करके उसने करीब 8 लाख रुपए उनके कहे बैंक खातों में जमा करवा दिये। पुलिस मामला दर्ज करके पीड़ित से उनके फोन और बैंक खातों की डिटेल लेकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

## छात्र ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पांचवीं कक्षा के छात्र ने निहाल विहार क्षेत्र में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला कि छात्र करीब ११ घंटे तक मोबाइल फोन में गेम खेल रहा था। उसके मोबाइल फोन में पबजी जैसा गेम मिला है। बच्चे की खुदकुशी से परिजन सकते में है।

बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि घटना अंबिका विहार, निहाल विहार की है। यहां पर लक्ष्मण खींची छोटे बेटे सोनू (८) के साथ रहते थे। बड़ा बेटा आगरा में पढ़ता है। लक्ष्मण बृहस्पतिवार को पत्नी के साथ काम पर गए थे, जबकि सोनू घर पर ही था। लक्ष्मण शाम को काम से लौटे, तो घर के सामने भीड़ जुटी थी। उनको पड़ोसियों ने बताया कि उनके बेटे ने चुन्नी से फंदा लगा लिया है। पड़ोस में रहने वाली महिला ने बच्चे को सबसे पहले फंदे पर लटके देखा। लक्ष्मण ने संदेह जाहिर किया कि उनके बेटे की हत्या कर उसे लटकाया गया है।

# कलाम को सलाम अभियान के तहत सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर ए पी जे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर कलाम को सलाम अभियान के तहत मेधावी छात्र एवं सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान का आयोजन किया गया। दिल्ली के ३०० से अधिक मेधावी छात्र एवं छात्राओं जिन्होंने १०वीं एवं १२वीं की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किए हैं एवं लगभग १०० शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष आतिफ रशीद, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अनिस अब्बासी ने सभी बच्चों को संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रभारी मोहम्मद हारुन ने किया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकघ्वी ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए विपक्ष विशेषकर कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी और भारत ने कलाम साहब को ऐसे वक्त में राष्ट्रपति बनाया था जब पूरे विश्व में अल-कायदा के आतंक, और इस्लाम को सुरक्षाकवच बना कर इन्सानियत को लहूलुहान करने का शैतानी दौर चल रहा था, भारत ने दुनियाभर को संदेश दिया कि भारत में कलाम साहब जैसे नेशनलिस्ट पैदा होते हैं, बिन लादेन जैस टेररिस्ट नहीं।

नकवी ने कहा कि मुसलमानों को भाजपा के प्रति असहिष्णुता, अस्पृश्यता के मिजाज, रिवाज से मुक्त होना होगा। सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आए मेधावी छात्र आज इस बात के गवाह है कि दिल्ली में हुनर की कोई कमी नहीं है।




कलाम को सलाम अभियान के तहत मेधावी छात्र को सम्मानित करते पूर्व केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी व सांसद बांसुरी स्वराज।

# हौजकाजी में गिरा इमारत का छज्जा, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हौजकाजी इलाके में शुक्रवार रात एक जर्जर इमारत का छज्जा भरभराकर गिर गया। हादसे में एक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पास के लोक नायक अस्पताल में ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त काशिफ के रूप में हुई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच कर रही है। दमकल विभाग के मुता. बिक शुक्रवार रात करीब ८.०९ बजे पुलिस को हौजकाजी इलाके में एक इमारत की छत गिरने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही दमकल की छह गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। दमकल अधिकारियों ने देखा कि एक इमारत की पहली मंजिल का छज्जा गिरा है।

इमारत जर्जर हालत में है। जांच करने पर पता चला कि हादसे में ४५ साल का काशिफ गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे लोग पास के अस्पताल में लेकर गए हैं। जिला पुलिस निधिन वाल्सन ने बताया कि घायल व्यक्ति को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। जांच में पता चला कि इमारत के नीचे गोदाम है। जिसमें फायर सेफ्टी के सामान रखे हुए थे, जबकि पहली मंजिल पर लोग रह रहे थे।

# झुग्गियों में चलाएं स्वच्छता अभियान: रविन्द्र इंद्राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने रोहिणी सेक्टर-२४ में जनसुनवाई के दौरान आमजन और जन प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प स्वच्छ भारत अभियान की दिशा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में स्वच्छ दिल्ली-कूड़ा मुक्त दिल्ली लक्ष्य को हासिल कर आजादी के पर्व पर देश के महानायकों को श्रद्धांजलि दें।

समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी सभी वार्डों की जे जे कॉलोनियों, झुग्गी बस्तियों, स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों और दुकानों में स्वच्छता अभियान को लेकर लोगों को प्रेरित और जागरुक करने के साथ ही अभियान की लगातार मॉनिटरिंग भी करें।उन्होंने निर्देश दिये कि हर कोने तक कूड़ा एकत्र करने वाले वाहन पहुंचें। नाली-नालों की लगातार सफाई हो। मच्छरों से बचाव के लिए दवा का छिड़काव भी करें। हर कॉलोनी में वालंटियर तैयार करें, जो लोगों को लापरवाही करने से रोकें और अभियान में विशेष सहयोग दें।जनसुनवाई में प्रशासन, दिल्ली पुलिस, एमसीडी, दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## विदेशी तस्करों से कोकीन बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड ने गोविंदपुरी में ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया। इस मामले में दो विदेशियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से १० लाख रुपये की कीमत वाली एमडीएमए और कोकीन बरामद की गई है।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बतायाकि दो विदेशी नागरिक ड्रग तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। जिनके पास से १० लाख रुपये की कीमत वाली ६१.१६ ग्राम एमडीएमए और ३६.६४ ग्राम कोकीन बरामद हुई है। वहीं इन दोनों के पास से आठ मोबा. इल फोन जब्त हुए हैं। साथ ही १०,६०० रुपये नकद बरामद हुए हैं।

# हथियारों की फैक्टरी सील, सरगना समेत दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भरतपुर में अवैध हथियार बनाकर दिल्ली एनसीआर में गैंगस्टरों और उनके गुर्गो को सप्लाई करने वाले हथियार बनाने वाले सरगना और हथियार लेने वाले आरोपी को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने भीमा पहाड़ी, धीग, भरतपुर स्थित अवैध हथियार बनाने की फैक्टरी को भी सील किया है। जहां से १८ अवैध हथियार और हथियार बनाने में इस्तेमाल उपकरण जब्त किये हैं। आरोपियों की पहचान बिलाल खान उर्फ बिल्ला और साहिल के रूप में हुई है। पुलिस आरोपियों से उनके नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की को. शिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख में इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार और मंजीत के निर्देशन में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद बिजवासन- बामनोली रोड पर घेराबंदी करके आरोपी बिलाल को ८ सिंगल- शॉट पिस्तौल और पालम गांव से चोरी स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया। वह इलाके में किसी को हथियारों की खेप देने आया था।

उसकी निशानदेही पर भीमा पहाड़ी, धीग, भरतपुर में छापे मारी करके हथियार और हथियारों को बनाने वाले औजार बरामद किये। उसकी निशानदेही पर साहिल को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से दो सिंगल-शॉट पिस्तौल बरामद की। रविंदर, मुस्ताक, पवन और रहीश को भी गिरफ्तार किया गया। प्रत्येक के पास एक सिंगल-शॉट पिस्तौल पाई गई थी। पता चला कि ये हथियार बिलाल द्वारा बनाए गए थे और आरोपी रहीश को दिए गए थे, जिसने फिर उन्हें अपने गिरोह के सदस्यों में बाँट दिया। आरोपी बिलाल खान उर्फ बिल्ला को २०२० में स्पेशल सेल ने अवैध हथियारों की खेप के साथ गिरफ्तार किया था। मेवात क्षेत्र में अवैध हथियारों की बढ़ती माँग के बारे में उसे पता चला। २०१७ की शुरुआत में, उसने अपने चाचा से अवैध हथियार बनाने की कला सीखी, जो एक छोटे पैमाने पर हथियार निर्माण इकाई चलाते थे।

## एमसीडीकर्मियों को लगातार दूसरे महीने समय पर मिला वेतन: सत्या शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एमसीडी की स्थाई समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि दिल्ली में भाजपा के नेतृत्व में केंद्र-राज्य-नगर निगम की समन्वित ट्रिपल इंजन सरकार के गठन के बाद से सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। आम आदमी पार्टी के दिल्ली और एमसीडी में शासन के दौरान वर्षों से वेतन में देरी झेलते आ रहे निगम कर्मचारियों वह अधिकारियों को लगातार दूसरे महीने समय पर वेतन मिलना शुरू हो गया है। जुलाई महीने का वेतन १ अगस्त को ही सभी स्थायी कर्मचारियों और अधिकारियों के खातों में पहुंच गया है। इसी तरह जून महीने का वेतन १ जुलाई को उन्हें मिल गया था। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बताया कि "यह परिवर्तन कोई संयोग नहीं, बल्कि भाजपा की कार्यसंस्कृति और सुशासन की सोच का परिणाम है। पहले जहां कर्मचारियों और अधिकारियों को वेतन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था, अब उन्हें महीने की पहली तारीख को ही वेतन मिल रहा है। भाजपा प्रचार नहीं, काम में विश्वास करती है और यही बात अब जमीनी स्तर पर दिख रही है। सत्या शर्मा ने आगे कहा कि "पिछली सरकार ने केवल एक महीना में चुनिंदा कर्मचारियों को समय पर वेतन देकर खुद की पीठ थपथपाई थी, लेकिन व्यापक सुधार की दिशा में कोई स्थायी प्रयास नहीं किया गया। भाजपा शासन में अब यह एक व्यवस्था बन रही है।




समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने रोहिणी में जनसुनवाई के दौरान आमजन व जन प्रतिनिधियों से स्वच्छ भारत अभियान की दिशा में काम करने को कहते हुए।

# नई तकनीक से किया गया कंधे का सफल ऑपरेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फरीदाबाद के रहने वाले २८ साल के वासु बत्रा उत्तर भारत में ऐसे पहले मरीज बने जिनकी कंधे की सर्जरी ह्यूमन डर्मल एलोग्राफ्ट पैच की मदद से की गई। यह इलाज आमतौर पर अमेरिका और दूसरे पश्चिमी देशों में होता है। अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद में किया गया यह ऑपरेशन देश में इस क्षेत्र में पहली बार फटी हुई रोटेटर कफ मांसपेशी की मरम्मत के लिए एचडीए पैच का इस्तेमाल किया गया। यह पैच विशेष तौर पर मरीज के लिए भारत में मंगवाया गया था। वासु बत्रा की 2021 में बार-बार कंधा खिसकने की समस्या के लिए बैंकार्ट सर्जरी हुई थी। लेकिन वह सर्जरी लंबे समय तक राहत नहीं दे पाई और समय के साथ उनकी हालत और बिगड़ गई। उन्हें बार-बार दर्द और कंधा खिसकने की परेशानी होती रही।

डॉ. प्रियतर्शी अमित ने इस केस के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, यह केस बहुत गंभीर था क्योंकि हड्डी और मांसपेशी दोनों को नुकसान पहुंचा था। इसी वजह से हमने बोन ग्राफ्ट के साथ-साथ ह्यूमन डर्मल एलोग्राफ्ट पैच लगाने का फैसला किया। डॉ. अमित विदेश में भी इस तकनीक का इस्तेमाल कर चुके हैं। उन्होंने इसके बारे में आगे बताया, "फटी हुई रोटेटर कफ मांसपेशी को ठीक करने के लिए हमने यह डर्मल पैच लगाया। इस तकनीक से हमें लंबे समय तक अच्छे परिणाम मिलने की उम्मीद थी और दोबारा मांसपेशी फटने का खतरा भी कम था।

# मेट्रो के दरवाजों में कुछ फंसा तो रोकगा एंटी-ड्रैग सिस्टम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने मेट्रो दरवाजों में कपड़े, साड़ी, बैग आदि फंसने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एंटी-ड्रैग सिस्टम लगाने का काम शुरू कर दिया है। फिलहाल एक ट्रेन में यह सिस्टम लगाकर परीक्षण किया जा रहा है और जल्द ही चार और ट्रेनों में इसे जोड़ा जाएगा। माना जा रहा है कि यह कदम उस हादसे के बाद उठाया गया है, जब दिसंबर २०२३ में एक महिला की साड़ी मेट्रो के दरवाजे में फंसने से ट्रेन के चलने पर उसे कई मीटर तक घसीटा गया, जिससे उसकी मौत हो गई थी। डीएमआरसी ने इस घटना को बेहद गंभीर मानते हुए अब मेट्रो के सुरक्षा मानकों में महत्वपूर्ण बदलाव करने जा रहा है। एंटी-ड्रैग सिस्टम एक अत्याधुनिक सेफ्टी तकनीक है, जो मेट्रो के दरवाजे बंद होने के बाद भी दरवाजों के बीच फंसे कपड़े, बैग स्ट्रैप या किसी अन्य पतली वस्तु का दबाव महसूस कर सकती है। यदि सिस्टम को यह संकेत मिलता है कि कुछ फंसा हुआ है तो ट्रेन को रोकने के लिए स्वत: इमरजेंसी ब्रेक लग जाते हैं।

इससे यात्री को दरवाजे में फंसने और ट्रेन द्वारा घसीटे जाने से बचाया जा सकेगा। फिलहाल एक ट्रेन में यह सिस्टम लगाकर परीक्षण शुरू कर दिया है। चार अन्य ट्रेनों में भी इसे लगाया जा रहा है। अगले एक-दो वर्षों तक इन ट्रेनों पर विस्तृत परीक्षण, विश्लेषण और फीडबैक के आधार पर निर्णय लिया जाएगा कि बाकी ट्रेनों में इसे शामिल किया जाए या नहीं।

# कॉपीराइट व ट्रेडमार्क धोखाधड़ी का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के नारायणा पुलिस स्टेशन में सुनियोजित धोखा धड़ी, बौद्धिक संपदा की चोरी और आपराधिक धमकी का मामला आधिकारिक तौर पर दर्ज किया गया है। ट्रेडमार्क अधिनियम, 1999 की धारा 103/104 के तहत 19जुलाई को दर्ज की गई प्राथमिकी (एफआईआर संख्या 0224/ 2025) ने वीडीजी इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक विश्व दीपक गुप्ता के स्वामित्व वाले प्रतिष्ठित शैक्षिक ब्रांड जूनियर दिल्ली स्कूल को निशाना बनाकर की जा रही एक गंभीर साजिश का कॉपीराइट और ट्रेडमार्क धोखाधड़ी का खुलासा किया है। गुप्ता का आरोप है कि अश्विनी गुलाटी (एडवांटेज ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस, नारायणा के मालिक), विकास सिंह (नारायणा में एक अन्य प्रिंटर) और पूर्व कर्मचारियों सुनील कुमार, दीपक कुमार, हिमांशु और नीरज के एक समूह ने जूनियर दिल्ली स्कूल – ए ग्रेट प्लेस टू ग्रोष नामक पंजीकृत ट्रेडमार्क नाम से पुस्तकों का अवैध रूप से पुनरुत्पादन और वितरण किया है, जो कई पंजीकृत ट्रेडमार्क (पंजीकरण संख्या 5620887, 5620888 और 5632972) के अंतर्गत संरक्षित है।

# जमात ए इस्लामी ने की मालेगांव ब्लॉस्ट के आरोपियों को बरी किए जाने पर न्यायिक आयोग से जांच कराने की मांग


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जमात ए इस्लामी हिंद ने आज अपने हेड क्वार्टर में आयोजित मासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मालेगांव ब्लास्ट के आरोपियों को अदालत से बड़ी किए जाने के मामले की न्यायिक आयोग से जांच कराए जाने की मांग की है। जमात उपाध्यक्ष मलिक मोहतसिम सिंह खान और इंजीनियर सलीम अहमद ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अदालत के जरिए आरो. पियों को बरी किए जाने के मामले से यह सिद्ध होता है कि इस मामले में जांच एजेंसी ने सही से जांच नहीं की है और ना ही सही से सबूत इकट्ठा किए जिसके बिना पर अदालत ने सबूतों के अभाव में आरोपियों को बरी किया गया है। उन्होंने राज्य सरकार से इस मामले को उच्च न्यायालय में चुनौती दिए जाने की भी मांग की है। जमात नेताओं ने बिहार में चुनाव आयोग के जरिए चलाए जा रहे गहन मतदाता परीक्षण पर सवाल करते हुए कहां है कि यह पूरी तरह से गैर जरूरी है और चुनाव आयोग को इस तरह का कार्य करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने चुनाव आयोग से इस प्रक्रिया को फौरन बंद करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि मतदाताओं का वेरिफिकेशन होना चाहिए लेकिन चुनाव आयोग के जरिए जो कागजात मांगे जा रहे हैं वह नागरिकता की जांच करने जैसा है जिसका अधिकार चुनाव आयोग के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि खबरें आ रही है कि बड़ी तादाद में लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं लेकिन अभी आधिकारिक रूप से यह नहीं बताया गया है कि कितने नए लोगों के नाम जोड़े गए हैं और कितने पुराने लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैंघ्। संवाददाता सम्मेलन में बांग्ला भाषी लोगों के साथ देशभर में होने वाले अपमानजनक व्यवहार की भी कड़ी निंदा की गई है। संवाददाता सम्मेलन में कहा गया है कि देशभर में बंगाली बोलने वाले मुसलमान को बांग्लादेशी समझा जा रहा है जो की सही नहीं है। उन्होंने कहा कि बंगाल में २७ प्रतिशत मुसलमान रहते हैं जो बांग्ला भाषा बोलते हैं और यह भारतीय हैं इन्हें बांग्लादेशी बता कर परेशान किया जा रहा हैघ्घ्। उन्होंने कहा कि दिल्ली एनसीआर विशेष तौर से गुरुग्राम में पुलिस के जरिया अवैध रूप से सर्च ऑपरेशन कराकर हजारों बांग्ला भाषी लोगों को पकड़ा गया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया जिसमें महिलाएं बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल थे।

## भूमि पूजन संग शुरू हुई अष्टम श्रीकृष्ण जन्माष्टमी नंदोत्सव की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** रोहिणी स्थित जापानी पार्क में श्री श्री खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा भूमि पूजन कर अष्टम श्री कृष्ण जन्माष्टमी नंदोत्सव 2025 की तैयारी शुरु कर दी। श्री श्री खाटू श्याम सेवा समिति के चेयरमैन हरीश शर्मा ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी नंदोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार अष्टम श्री कृष्ण जन्माष्टमी नंदोत्सव 11 अगस्त से शुरू होगा जो 17 अगस्त तक चलेगा।इस अवसर पर चेयरमैन हरीश शर्मा, वाइस चेयरमैन संजय मित्तल, चेयरमैन कंट्रोल बोर्ड जय किशन बंसल, अध्यक्ष कंट्रोल बोर्ड राजेश जैन, प्रेसिडेंट अमित गोयल, वाइस प्रेसिडेंट संजय गुप्ता, महामंत्री अरविंद गोयल, कोषाध्यक्ष सीए नितेश गोयल सहित समिति के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम अभिषेक पांडेय व एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। जहां आए हुए फरियादियों की दोनों अधिकारियों ने समस्याओं को सुना और समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में 60 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 24 शिकायतों का मौके पर ही अधिकारियों द्वारा समाधान कराया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार का विलम्ब नहीं होने पाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आईजीआरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए। धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर उनके निराकरण हेतु क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया। शिकायतों को प्राथमिकता एवं गम्भीरता से सुनें और उनका समय से निस्तारण करें। इस अवसर पर एसडीएम सदर इला प्रकाश, सीएमओ डा. सुनील कुमार त्यागी,



सीओ जितेंद्र शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लाख दावों के बावजूद भी डग्गामार वाहनों का नहीं रुक रहा संचालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर रोडवेज के रंग में फर्राटा भर रही डग्गामार बसों पर कार्रवाई के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठ पा रहे है। यहीं कारण है कि हाईवे पर इस प्रकार की बस में यात्रियों से रोडवेज का किराया वसूलकर विभाग को भी चूना लगा रही हैं।



क्षेत्र में भारी संख्या में डग्गामार बसों का संचालन होता है। इनमें सबसे अधिक बसें हापुड़ दिल्ली मार्ग पर दौड़ती हैं। क्योंकि इस मार्ग पर सबसे ज्यादा यात्री सफर करते हैं। इसी का फायदा उठाकर गढ़ से दिल्ली बार्डर के बीच दर्जनों की संख्या में डग्गामार वाहनर्राटा भरते हैं। आश्चर्य की बात यह है की ये डग्गामार बसें रोडवेज की तरह दिखती हैं। इन्हें रोडवेज के रंग में रंग दिया गया है। जिससे यात्री गुमराह होकर इन बसों में सफर कर रहे हैं। लेकिन सुरक्षा और सुविधा के नाम पर उन्हें ठगा जा रहा है। इस संबंध में परिवहन निगम के अधिकारियों से कई बार शिकायतें हो चुकी है। लेकिन चुनिंदा बसों पर कार्रवाई कर अधिकारी अपनी पीठ थपथपा लेते हैं। रोडवेज के रंग रूप में दौड़ रही डग्गामार बसों से ना सिर्फ रोडवेज को नुकसान हो रहा है। शासन को भी प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व का चूना लग रहा है। बसों को इनके चालक सड़कों पर बेतरतीब तरीके से दौड़ाते हैं, जल्द गंतव्य तक पहुंचने की होड़ में कई बार वह अन्य वाहनों को टक्कर तक मार देते हैं लेकिन परिवहन निगम के अधिकारियों को इसकी तनिक भी चिंता नहीं है। इस संबंध में आरटीओ ने बताया की ऐसे डग्गामार वाहनों पर समय-समय पर विभाग द्वारा करवाई होती रहती है। लेकिन अगर अब ऐसा है तो ऐसे डग्गा मार वाहनों पर जल्द ही अभियान चला कर कार्रवाई की जाएगी।

# उपनिरीक्षकों की विदाई पर विदाई समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्थित जदीद चौकी पर तैनात उपनिरीक्षक बृजराज का स्थानांतरण हापुड़ जनपद से सहारनपुर जनपद में कर दिया गया है, वहीं उपनिरीक्षक दिनेश यादव का तबादला मेरठ जनपद में हुआ है। दोनों ही उपनिरीक्षकों की सेवाओं को यादगार बनाते हुए चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार द्वारा चौकी परिसर में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के दौरान पुलिस स्टाफ व स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने उपनिरीक्षक बृजराज व दिनेश यादव को माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका भावपूर्ण विदाई दी। चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि



दोनों उपनिरीक्षकों ने चौकी पर रहते हुए कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनहित के कार्यों में उत्कृष्ट योगदान दिया है, जो सदैव स्मरणीय रहेगा। विदाई समारोह के दौरान उपस्थित कर्मचारियों की आंखें नम हो गईं, वहीं दोनों उपनिरीक्षकों ने भी अपने कार्यकाल की यादों को साझा करते हुए चौकी स्टाफ व जनपद पुलिस का आभार व्यक्त किया। यह विदाई समारोह जहां एक ओर सौहार्दपूर्ण वातावरण का परिचायक रहा, वहीं दूसरी ओर यह उदाहरण भी पेश करता है कि कैसे विभागीय संबंधों में मानवीय भावनाएं भी महत्वपूर्ण होती हैं। इस अवसर पर एसआई रोहित, एस आई गौरव, हेड कांस्टेबल मुबारक अली, हेड कांस्टेबल हरिओम, हेड कांस्टेबल विजय कांत, हेड कांस्टेबल नोनीहाल, हेड कांस्टेबल विजय प्रताप सिंह व स्थानीय निवासी उमेश अग्रवाल बादशाह आदि लोग उपस्थित रहे।

# कुकर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने नाबालिग साले के साथ कुकर्म करने व मारपीट करने के बाद नाबालिग की मौत होने के मामले में फरार नामजद आरोपी मौलाना को गिरफ्तार किया है।



थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि नाबालिक के परिजनों द्वारा थाने पर आरोपी मौलाना के खिलाफ नाबालिग के साथ कुकर्म करने व मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुड़ गई थी। शनिवार को पुलिस ने अपने नाबालिग साले से कुकर्म करने और मारपीट करने के बाद नाबालिग की मौत होने के मामले में फरार नामजद आरोपी मौलाना शहजाद पुत्र हनीफ निवासी ग्राम गौसपुर थाना सिंघावली अहीर जनपद बागपत, वर्तमान पता इमाम नूर मस्जिद ग्राम उबारपुर थाना हाफिजपुर को गांव उबारपुर से ग्राम अकडौली वाले रास्ते पर पड़ने वाले चौराहे से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में एक 65 वर्षीय व्यक्ति की रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के रेलवे रोड पर शनिवार सुबह हुई। मृतक की पहचान मोहल्ला लुहारान निवासी सुरेंद्र के रूप में हुई है। हादसे के समय सुरेंद्र रेलवे स्टेशन की तरफ जा रहे थे।

रेलवे फाटक के पास, उनका पैर पटरी की कैंची में फंस गया। जिसके कारण वह खुद को नहीं बचा पाए। इसी दौरान गाजियाबाद से हापुड़ की ओर आ रही अवध असम एक्सप्रेस की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची। मृतक की पहचान की गई और उनके परिजनों को सूचित किया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस दुखद घटना ने स्थानीय लोगों में रेलवे ट्रैक पर सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय निवासियों का कहना है कि रेलवे फाटक और पटरी के पास सुरक्षा नियमों की अनदेखी की जाती है, जिससे इस तरह के हादसे होते रहते हैं। स्थानीय लोगों ने रेलवे प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। रेलवे ट्रैक के आसपास निगरानी बढ़ाई जाए। साथ ही रेलवे फाटक पर बैरियर और चेतावनी संदेशों को और प्रभावी बनाया जाए ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### पशु को भगाने का विरोध करने पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पूठ निवासी टुनटुन ने बताया कि उसके गांव निवासी राकेश का बैल उनके घर पर आ गया। उसने उसको भगा दिया। इसी दौरान आरोपी राकेश, बंटी, मोनू, शेर सिंह उसके घर में घुस गए और वहां आकर गाली गलौज करने लगे। पीड़ित ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पति पर लगाया हत्या के प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला राजीव नगर निवासी गीता ने बताया कि उसका पति बाहर नौकरी करता है। घर पर जब भी आता है तो शराब पीकर उसके और उसके बच्चों के साथ पिटाई करता है। पीड़िता ने बताया कि अब दो दिन पूर्व पति घर आया और आते ही गाली गलौज की। पीड़िता ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

### मिल कर्मचारी पर धोखाधड़ी करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गाजियाबाद के गांव भिक्कनपुर निवासी शिवदत्त शर्मा ने बताया कि उनके गांव में चीनी मिल का गन्ना कांटा लगा हुआ था। वहां पर तैनात तोला बाबू ने उनसे करीब करीब तीन सो पांच क्विंटल गन्ने को अपने पास रखकर मिल बंद होने के दौरान भेजने की बात कहीं। पीड़ित ने उनकी बात में आकर अपने गन्ने को दे दिया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी उसके गन्ने की रकम को लेकरफरार हो गया है। अब आरोपी उसके फोन को नहीं उठा रहा है। पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में युवक हुआ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव खुड़लिया के निकट नये हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसकी गंभीर दशा को देखकर मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया।

मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने उनको स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी गंभीर दशा को देखकर मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया है।

### अंतर्राज्य बस स्टेशन न बनने से गंगा भक्त हो रहे परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के बाद भी कई साल बीत चुके हैं मगर अभी तक गंगानगरी के पास अंतर्राज्य बस स्टेशन का सपना परवान नहीं चढ़ पाया है, जिससे विभिन्न प्रांतों से धार्मिक अनुष्ठानों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में खूब दिक्कत झेलने के साथ ही भूमाफिया भी परिवहन निगम की बेशकीमती भूमि पर अपनी कुदृष्टि गढ़ाए हुए हैं।

प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थल हरिद्वार को सन 2001 में उत्तराखंड राज्य में सम्मिलित कर दिया गया था। जिसके बाद से ही मुक्ति धाम के रूप में विख्यात सदियों से उपेक्षित गढ़ ब्रजघाट गंगानगरी को इसी तर्ज पर विकसित कराए जाने की कवायद लगातार होती आ रही है। इस गंगानगरी को हरिद्वार की तर्ज पर विकसित कराने का बीड़ा तत्कालीन राजनाथ सिंह सरकार ने उठाया था एआरएम हेमंत मिश्रा का कहना है कि ब्रजघाट के पास हाईवे किनारे स्थित परिवहन निगम की 84 बीघा भूमि में भव्य एवं आधुनिक सुविधाओं वाला बस स्टेशन बनाया जाना प्रस्तावित है, जिसको लेकर शासन स्तर से औपचारिकता पूरी कराई जा रही हैं।

# बंद मकान में चार दिन पुराना शव मिलने से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के आनंद विहार मोहल्ले में एक बंद मकान से 60 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मुन्ना खान के रूप में हुई है, जिसकी मौत संभवत तीन-चार दिन पहले हुई थी।

शनिवार को जब पड़ोसियों को मकान से तेज दुर्गंध महसूस हुई, तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुँचकर बंद मकान का ताला तोड़ा। शव की स्थिति को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि मौत कई दिन पहले हो चुकी थी। दुर्गंध इतनी ज्यादा थी कि पुलिसकर्मियों और टीम के सदस्यों को मुंह पर कपड़ा बांधकर अंदर जाना पड़ा। पुलिस ने



शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह घटना स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।

# पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को दी जाने वाली धनराशि का दिखाया गया प्रसारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में शनिवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के तहत किसानों को दी जाने वाली राशि का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 6 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों के खातों में 20,500 करोड़ की सम्मान राशि के हस्तांतरण को जिले के किसानों को दिखाना



था। कार्यक्रम का प्रसारण सुबह 11 बजे से शुरू हुआ और इसमें 200 से अधिक किसानों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर सदर विधायक विजयपाल आढ़ती, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, किसान मोर्चा से अमित सिंघल, पुनीत कुमार व कई जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इन अतिथियों ने किसानों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और पीएम किसान सम्मान निधि से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. अरविंद कुमार प्रभारी अधिकारी, डा. आशीष त्यागी, डा. नीलम कुमारी और डा. पीके मडके का विशेष योगदान रहा।

# पलभर में किसान का खाता हो गया खाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** खादर क्षेत्र के गांव जमालपुर निवासी किसान के खाते से साइबर ठगों ने पांच लाख से अधिक की धनराशि को उड़ा दिया। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित के पैरों तले जमीन खिसक गईद। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी प्रणम सिंह ने बताया कि उनका एक बैंक में खाता है। उससे वह निरंतर लेनदेन करते है। उन्होंने बताया कि उनके खाते में पांच लाख से अधिक धनराशि जमा थी। उन्होंने बताया कि उनको कुछ रुपये की आवश्यकता पड़ी तो वह बैंक में गए और रुपये निकालने के लिए फार्म भरा। इस दौरान बैंक अधिकारियों ने खाते से रुपये न होने की बात कहीं। पीड़ित ने जानकारी की तो मालूम हुआ कि उसके खाते से आनलाइन साइबर ठगों ने पांच लाख पांच हजार चार सौ रुपये उड़ा दिए गए है। खाते से धनराशि उड़ाए जाने से वह परेशान हो गए। पीड़ित परिजन के साथ कोतवाली पहुंचे। वहां पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि लोगों से पुलिस द्वारा निरंतर अपील की जा रही है कि वह साइबर ठगी के शिकार होने से बचें।

# नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जे एम एस इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.एस.सी. कंप्यूटर साइंस, बी.एस.सी. बायोटेक्नोलॉजी एवं बी.पी.ई.एस. पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत में एक भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन संस्थान परिसर में किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक प्रणाली, अनुशासन, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और संस्थागत मूल्यों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ एन.आर.ई.सी. खुर्जा से सेवानिवृत्त असिस्टेंट प्रोफेसर एवं प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर ए.बी. भटनागर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, अनुशासन और लक्ष्य-निर्धारण की महत्ता समझाई। उन्होंने कहा, सपनों को सच करने से पहले उन्हें देखना जरूरी है। उनके विचारों ने छात्रों में नई ऊर्जा का संचार किया। संस्थान के चेयरमैन राकेश सिंघल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा में नैतिकता और समय प्रबंधन की भूमिका पर प्रकाश डाला। संस्थान के महानिदेशक डा. सुभाष गौतम ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम को भारत के शिक्षाविदों की दूरदर्शिता का परिणाम बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। संस्थान के निदेशक डक्क



अनिरुद्ध बिस्वास ने विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता, निरंतर प्रयास और आत्म-नवीनता के महत्व को समझाया और प्रेरित किया कि वे प्रतिस्पर्धात्मक युग में खुद को तकनीकी रूप से सशक्त बनाएं। इस अवसर पर संस्थान के समस्त पदाधिकारी, शिक्षकगण, सहयोगी स्टाफ और नवप्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने छात्रों में आत्मबल, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति नयी चेतना जागृत की।

# वॉलीबॉल के तीसरे दिन भारत माता की जय के नारों से गूंजा जेएमएस वर्ल्ड स्कूल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सीबीएसई क्लस्टर XIX वॉलीबॉल बालक वर्ग के तीसरे दिन का सूर्योदय जेएमएस में देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ था। दिन के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने समूह को देशभकित की माला में पिरोया और एक ऐसे सपने की चर्चा की जिसका हर खिलाड़ी हमेशा सपना देखता है कि एक दिन वह तिरंगे झंडे को हवा में सभी झंडों से ऊपर उठता हुआ और गर्व और श्रद्धा से लहराता हुआ देख सके। उनके शब्दों ने प्रतिभागियों में जोश भर दिया और उनकी प्रेरणा ने उनके उत्साह को बढ़ाया।

उन्होंने प्रतिभागियों को यह समझाया कि खेल न केवल शरीर को आकार देते हैं, बल्कि मस्तिष्क को भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने इस



बात पर ज़ोर दिया कि मेहनती खिलाड़ी बुद्धिमान और समझदार छात्र बनते हैं। बाद में भाजपा प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने अपने उत्साहवर्धक शब्दों से छात्रों को प्रेरित किया। सभी कार्यक्रम के पश्चात मैच शुरू हो गए और एक के बाद एक शानदार मैच होते देख सभी दंग रह गए। अंडर 19 वर्ग में डायनेस्टी एमजी अकादमी उत्तराखंड, राजेंद्र अकादमी मुरादाबाद, सेंट टेरेसा नैनीताल, रेनेसां स्कूल बुलंदशहर, एसजीएन हाई स्कूल उत्तराखंड, आर्मी पब्लिक स्कूल मेरठ, दयानंद विद्या मंदिर नोएडा, द आर्यन स्कूल मेरठ, नेहरू इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल नोएडा, केडी पब्लिक स्कूल बुलंदशहर, जे एसएस पब्लिक स्कूल उत्तराखंड, विद्या वर्ल्ड स्कूल बरेली, कृष्णा पब्लिक स्कूल मेरठ, मॉडर्न नेशनल पब्लिक स्कूल गाजियाबाद, बाल बारी पब्लिक स्कूल मोदीनगर, आर्मी स्कूल देहरादून रायवाला, सेंट मैरी गजरौला ने सभी बाधाओं को पार करते हुए शानदार जीत हासिल की।

# महिला की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बदरखा निवासी जहीर अली की 22 वर्षीय बेटी शन्नो की शनिवार को उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। उसे सात माह पूर्व पति ने सिर में कांच का गिलास मारकर घायल कर दिया। महिला की मौत के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया था। परिजन ने अब एएसपी को शिकायत पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। गांव निवासी जियाउलहक ने कोतवाली में तहरीर दी है। जिन्होंने बताया उनकी बहन शन्नो का निकाह करीब तीन वर्ष पूर्व हापुड़ के गांव निवासी युवक से हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद से ही पति व ससुरालियों ने दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन का उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। युवक ने बताया की करीब सात माह पूर्व उसकी बहन के पति ने विवाद होने के दौरान कांच के गिलास से उस पर हमला कर दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़ित ने बताया कि 26 जुलाई को उसकी बहन की उपचार के दौरान मौत हो गई। पीड़ित ने मृतका के पति और ससुराल पक्ष के लोगों को नामजद कर कार्रवाई की मांग करते हुए एएसपी को शिकायत पत्र दिया हैं।

# संपूर्ण समाधान दिवस में नारेबाजी

## विद्युत विभाग के खिलाफ धरनारत हैं लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील में विद्युत विभाग के खिलाफ चल रहे धरने पर आए शहीद भगत सिंह समिति के कार्यकर्ताओं ने संपूर्ण समाधान दिवस में जोरदार नारेबाजी प्रदर्शन किया तथा अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन जिला अधिकारी को सोपा गया जिला अधिकारी द्वारा जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया लेकिन समिति ने धरना जारी रखने का ऐलान किया। गत 4 अप्रैल को विद्युत विभाग की टीम द्वारा रात्रि के समय छापेमारी के दौरान सीढी लगाकर घर में घुसने को लेकर टीम व कस्बे के लोगों के बीच विवाद हो गया था।

जिसमें पुलिस चौकी पर समझौता भी हो गया था लेकिन बाद में मारपीट की वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था तथा कई लोगों पर जुर्माना भी लगा था जिसे लेकर शहीद भगत सिंह युवा समिति के कार्यकर्ता तहसील में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं शनिवार को कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया तथा जिला.धिकारी को तीन सूत्रीय मांगे जिसमें विद्युत विभाग द्वारा दर्ज किए गए मुकदमे व जुर्माने वापस लिए जाए अगर जुर्माने व मुकदमे वापस नहीं होते तो कस्बे वासियों की तहरीर पर भी मुकदमा दर्ज किया जाए तथा बिना नोटिस किसी उपभोक्ता का कनेक्शन न काटा जाए जिला अधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया तथा धरना समाप्त करने की अपील की लेकिन समिति के कार्यकर्ताओं ने धरना जारी रखने का ऐलान करते हुए सोमवार से आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है धरना प्रदर्शन में दर्जनों महिलाओं सहित दीपक सभासद इंद्रपाल, मोहित, जयवीर, पंकज, सुशील, बबलू कुमार, ब्रजपाल यशपाल, सुरेंद्र, अरविंद, राजेंद्र, नीटू शामिल रहे।



## नहीं रुक रहा है चोरों का शोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी में देर रात ग्रामीण ने एक युवक को चोर समझकर पकड़ लिया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पकड़ा गया युवक मंदबुद्धि निकला। बाद में परिजनों को बुलाकर युवक को उनके हवाले कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव में रात में आए दिन चोरों के आने के शोर मच रहे। जिसके चलते चलते ग्रामीण रात में लाठी डंडे लेकर जागकर पहरा दे रहे हैं। पुलिस लगातार बैठक कर लोगों को जागरूक करने में लगी है कि अफवाहों पर ध्यान ना दो, ओर गांव में चोर आने की झूठी सूचना न दो। ऐसे में किसी दिन कोई घटना घटित हो सकती है, लेकिन उसके बाद भी ग्रामीण हर रोज गांव में चोर आने की सूचना दे रहे हैं। क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी में ग्रामीण रात में पहरा दे रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने एक युवक को चोर समझकर पकड़ लिया। इस दौरान सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# अक्षित का राष्ट्रीय टीम में चयन होने पर स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में कक्षा 12 के छात्र अक्षित खैवाल का राष्ट्रीय टीम में चयनित होने पर भव्य स्वागत का आयोजन किया गया। छात्र अक्षित खैवाल ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्कूल ही नहीं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया।

शनिवार को शहर के बीएसएम स्कूल में छात्र अक्षित खैवाल का राष्ट्रीय टीम में चयनित होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मेरठ के सत्यकाम इंटरनेशनल स्कूल, में सीबीएसई नॉर्थ जोन अंडर 19 क्लस्टर के अंतर्गत आर्चरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें अक्षित खैवाल ने अद्वितीय प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर श्रेणी में कांस्य पदक, 30 मीटर श्रेणी में रजत पदक और मिक्स टीम में भी कांस्य पदक अर्जित करते हुए राष्ट्र टीम के लिए स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय की मैनेजर छाया सिंह और चौयरमेन सूर्यवीर सिंह ने भी अक्षित खैवाल को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा छात्रों को खेल और शारीरिक विकास के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। अक्षत की असफलता सभी विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा है कि वे भी अपने सपनों को पूरा करने का साहस रखें और यह उपलब्धि न केवल अक्षत की मेहनत का परिणाम है बल्कि उनके माता-पिता, प्रशिक्षण को और विद्यालय के संयुक्त प्रयासों की भी पहचान है। मौके पर प्रधानाचार्या राहुल चौधरी, उप प्रधानाचार्या आशु पंडित मौजूद रहे।



# पत्नी से अनबन के बीच पति ने फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बा चौसाना में शुक्रवार सुबह एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। युवक की पहचान गोपाल पुत्र बिजेंद्र निवासी गांव मोरना, मुजफ्फरनगर के रूप में हुई है जो बीते कई वर्षों से अपनी ससुराल में ही रहकर डेयरी का काम कर रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच कराई लेकिन परिजनों ने किसी भी कार्रवाई से इनकार करते हुए शव का पोस्टमार्टम भी नहीं कराया और बिना पीएम शव अपने गांव ले गए।

मूल रूप से मोरना निवासी गोपाल की शादी वर्ष 2014 में चौसाना की पुष्पा पुत्री पालू से हुई थी। शादी के एक साल बाद ही गोपाल चौसाना आकर ससुराल में रहने लगा था और डेयरी का कार्य कर



अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। पत्नी पुष्पा स्वास्थ्य विभाग में आशा वर्कर के रूप में कार्यरत है। दोनों के दो बच्चे हैं, एक बेटा और एक बेटी।

पत्नी पुष्पा ने बताया कि वह दोनों बच्चों को लेकर नीचे वाले मकान में सो रही थी जबकि उसका पति गोपाल ऊपरी मंजिल पर सोया था। सुबह जब वह ऊपर गई तो देखा कि गोपाल छत पर लगे पंखे में रस्सी के फंदे से लटक रहा था। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और गोपाल को नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

सूचना पर चौसाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। इसी दौरान मृतक के मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गए। गांव में चर्चा है कि पति-पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था। वहीं चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि परि.जनों ने बताया गोपाल मानसिक तनाव में रहता था और नशे का भी आदी था। संभवतः इसी वजह से उसने आत्मघाती कदम उठाया है। परिजनों ने लिखित में बयान देकर पंचनामा भर शव अपने सुपुर्द करवा लिया।



## एक नजर

### समाधान दिवस में जांच कराकर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** नगर पंचायत में लगातार हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर सभासद ने संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को शिकायत की तथा जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। नगर पंचायत में भ्रष्टाचार को लेकर सभासद सरोज देवी ने जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान को शिकायत की सभासद का आरोप है कि नगर पंचायत में पांच वाटर कूलर लगाए गए हैं जिनमें करीब 15 लाख रूपए खाते से निकाल दिए गए, चार एसी नगर पंचायत कार्यालय में लगाए गए हैं जबकि ऐसी की कीमत रु. 40000 होती है नगर पंचायत द्वारा करीब 85000 प्रत्येक के निकाले गए हैं इसके अलावा नगर पंचायत में अध्यक्ष द्वारा अपने करीबी रिश्तेदारों व संबंधियों के करीब 25 कर्मचारी ठेके पर लगाए गए हैं प्रतिमाह लाखों रू का वेतन निकाला जा रहा है इसके अलावा नगर पंचायत में नल ठीक कराने की एवज में बिना जे ई व संबंधित अधिकारी की अनुमति के मोटी रकम खातों से निकाल ली गई है ।उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी से जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ पर धन के दुरुपयोग का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** नगर पंचायत झिंझाना के सभासदों ने नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी पर सरकारी धन के दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की तथा जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। नगर पंचायत झिंझाना में सभासदों ने नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी पर सरकारी धन के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान को शिकायत की सभासदों का आरोप है कि नगर पंचायत द्वारा चार बोरिंग, 10 सडके ,पाइपलाइन, लाइट ,आउटसोर्सिंग कर्मचारी ,नाला सफाई ठेका तथा नाला निर्माण आदि कार्य नहीं कराई तथा कागजों में दर्शाकर उनका पैसा हड़प कर लिया इसके अलावा बारात घर की रिपेयर में थोड़ा पैसा लगाकर बाकी गबन कर लिया रु. 20000 की खाद भी बेच डाली। इस संबंध में सभासदो ने जिला अधिकारी से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है ।शिकायत करने वालों में तस्लीम, जीशान ,नासिर, हाशिम, इस्तिखार,रेहाना, शाहनवाज, अनुज आदि शामिल रहे।

### नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मेपल्स एकेडमी में नई शिक्षा नीति कार्यक्रम न्यू एजुकेशन पॉलिसी की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न सीबीएसई स्कूलों के शिक्षकों व प्रधानाचार्यो ने प्रतिभाग किया। शनिवार को मेपल्स एकेडमी शामली में क्षमता संवर्धन कार्यक्रम की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमे शामली जिले के सभी सीबीएसई विद्यालयों के अध्यापक एंव अध्यापिकाओ ने भाग लिया। कार्यशाला में प्रत्एक छात्र की ब्रद्धि विकास एवं प्रगति को समझाने की एक सतत प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। उनके व्यक्तिगत शिक्षण, सीखने के लक्ष्यों के संबंध में व्यक्तिगत शक्तियों के आंकलन करने के लिए और सीखने के तरीके और सीखाने के माहौल की प्रभावशीलता का विष्लेषण और छात्रओ के मूल्यांकन करने की चुनोतियों के बारे में अवगत कराया गया। इस कार्यशाला के संसाधन व्यक्ति के तौर पर सीबीएसई द्वारा आमंत्रित की गई रेडिकोन स्कूल गाजियाबाद से सुमन सिंह एवं भूषण त्यानी द ओम पब्लिक स्कूल बुलंदशहर रही। जिन्होने कार्यशाला में अध्यापक एवं अध्यापिकाओ को क्षमता संवर्धन के बारे में अवगत कराया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मुकेश कुमार संभल, चेयरमैन विपिन कुमार, प्रथानाचार्य मुकेश शर्मा, उपप्रधानाचार्य मौसमी दास मौजूद रहे।

### आधा दर्जन का चालान किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में कैफे में बैठने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई थी। मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू मैन बाजार में स्थित कैफे में बैठने को लेकर हिमांशु व सुनील निवासी ग्राम गढ़ी श्याम के साथ गांव गंगेरू निवासी मेहरबान के साथ कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि मेहरबान ने अपने परिवार के इरशाद, इरफान, गय्यूर, रईस व दानिश सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों के साथ मिलकर सुनील और हिमांशु की पिटाई कर दी थी। मारपीट में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे घायलों ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी थी।मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। पुलिस ने शनिवार को मामले में कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि सुनील की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर आधा दर्जन लोगों का चालान किया गया है।

# रक्षाबंधन नजदीक आते ही बाजारों में लौटी रौनक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रक्षाबंधन पर्व नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है। बाजार रंग-बिरंगी राखियों से सज गए हैं और दुक.ानदारों ने आकर्षक राखियों की रेंज के साथ ग्राहकों को लुभाना शुरू कर दिया है। परंपरागत रेशमी राखियों से लेकर आधुनिक डिजाइन वाली राखियों तक हर तरह की राखी बाजार में उपलब्ध है।

इस बार रक्षाबंधन 9 अगस्त को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर खरीदारी का दौर शुरू हो चुका है। खासतौर पर कपड़ा और सर्राफा बाजार में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। महंगाई और सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में उछाल के बावजूद चांदी की राखियों की जमकर मांग देखने को मिल रही है। सर्राफा व्यापारी रवि संगल ने बताया कि इस बार चांदी की राखियों की डिमांड काफी बढ़ी है। एक हजार रूपए से लेकर पांच हजार रूपए तक की राखियां बिक रही हैं। हालांकि सोने की राखियों की खरीदारी बहुत कम हो रही है। बाजार में इस बार बच्चों के लिए भी खास राखियां आई हैं। कैमरे वाली राखी की कीमत 700 रूपए से लेकर एक हजार रूपए तक है, जबकि घड़ी वाली राखी 300 से 500 रूपए तक बिक रही है। रक्षाबंधन को लेकर राखी बाजार, गिफ्ट आइटम्स और सौंदर्य प्रसाधन के बाजारों में भी ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है। वहीं पिछले कुछ वर्षों से मंदी की मार झेल रहे सर्राफा व्यापारियों को इस बार उम्मीद है कि त्योहार के इस मौसम में बिक्री में सुधार आएगा। बाजार में खरीदारों का उत्साह देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि रक्षाबंधन इस बार व्यापारियों के लिए राहत लेकर आएगा।

# द न्यू हाइट्स एकेडमी में मेहंदी व राखी प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के झाड़खेड़ी रोड पर स्थित द न्यू हाइट्स एकेडमी में दो दिनों तक कला, संस्कृति और प्रतिभा का उत्सव मनाया गया। इस दौरान रचनात्मक प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया।

एकेडमी में शुक्रवार को मेहंदी तथा शनिवार को राखी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने भाग लेकर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। पहले दिन कार्यक्रम की शुरुआत मेहंदी प्रतियोगिता से हुई, जिसमें छात्राओं ने अपने हाथों पर सुंदर, पारंपरिक व नवाचारी डिजाइन बनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। डिजाइनों में संस्कृति की झलक, सृजनात्मकता का गहरापन और सौंदर्य की सरिता स्पष्ट दिखाई दी। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शमा व इबरा, द्वितीय स्थान अदीबा व अलीशबा तथा तृतीय स्थान मनु एवं शेबी ने प्राप्त किया। दूसरे दिन राखी मेकिंग प्रतियोगिता ने पूरे वातावरण को भावनात्मक और सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। इस दौरान छात्राओं ने अपनी कल्पनाशीलता से खूबसूरत, रंग-बिरंगी और अनूठी राखियां तैयार की। हर राखी में भाई-बहन के रिश्ते की मिठास और भारतीय परंपरा की गरिमा स्पष्ट झलकती रही। राखी प्रतियोगिता में बिंदु, जोया, सना, अदीबा, अनन्या आदि प्रतिभागी विजेता रहे। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की कलात्मकता, नवीनता और प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया। वहीं, एकेडमी चेयरमैन इमरान सिद्दीकी ने अपने संदेश में कहा कि छात्राओं की प्रतिभा देख कर प्रसन्नता हुई। ऐसे कार्यक्रमों से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। प्रधानाचार्य विवेक कुमार उपाध्याय ने कहा कि प्रतियोगिताएं बच्चों की सोच और रचनात्मकता को निखारती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं ज्ञापित की।



## पंचायत सचिव ने ग्राम प्रधान पक्ष के लोगों को बेच दी कुरड़ी खाद

**कैराना।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के एनसीआर उपाध्यक्ष एवं क्षेत्र के गांव गोगवान निवासी आमिर अली ने शनिवार को तहसील मुख्यालय पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि गांव के सार्वजनिक मार्ग व कब्रिस्तान की भूमि पर कुछ लोगो ने कुरड़ी, उपले व कूड़ा आदि डालकर गंदगी फैला रखी थी, जिसे हटवाने एवं सफाई कराने के सम्बन्ध में उसने विगत 21 जून को सम्पूर्ण समाधान दिवस में पत्र दिया था। आरोप है कि पंचायत सचिव ने वहां पर पड़ी कुरड़ी, उपले व कूड़ा आदि को प्रधान पक्ष के लोगो को 700-800 रूपए प्रति ट्राली के हिसाब से खाद के रूप में बेच दिया, जबकि उक्त खाद को गांव में स्थित आरआरसी सेंटर पर डलवाया जाना चाहिए था।

# पत्नी की हत्या के आरोप में पति को जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी रामकौर में तीन दिन पूर्व एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक महिला के शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया था। मृतक विवाहिता के परिजनों ने पति, सास, ससुर के खिलाफ दहेज हत्या की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव गढी रामकौर निवासी कृष्ण के पुत्र राम समन्दर की शादी जनपद सहारनपुर के मोहल्ला पंत नगर निवासी अनिका के साथ जनवरी 2020 में हुई थी। गत गुरुवार की सुबह को अनिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। विवा.हिता की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया था । मृतक विवाहिता के ससुराल पक्ष के लोगों ने मामले की सूचना मृतक महिला के परिजनों को दी थी। सूचना पर मृतक महिला के परिजन भी मौके पर आ गए थे। मृतक विवाहिता के परिजनों ने हंगामा करते हुए मृतक विवाहिता के ससुरालियों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। सूचना पर पुलिस भी गांव में पहुंच गई थी और मृतक विवाहिता के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था। मृतक विवाहिता के पिता चरणपाल सिंह ने पति राम समंदर, ससुर कृष्ण कुमार व सास सुलेचना के खिलाफ दहेज हत्या की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। शनिवार को पुलिस ने आरोपी पति राम समंदर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि आरा.पी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शीघ्र ही फरार आरो.पियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




# महानता के द्वार का रास्ता मानवता से होकर गुजरता है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** अग्रवाल धर्मशाला मे चल रही शिव महा.पुराण के कथा व्यास के विदाई समारोह मे आयोजित सत्संग में कथा व्यास राज राजेश्वर महाराज ने कहा महानता के द्वार का रास्ता मानवता से होकर ही गुजरता है। मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म और उपासना है।

मानवता रूपी पथ का परित्याग ही तो पथच्युत हो जाना है। भविष्य बनाया नहीं जाता, वह हमारे विच.ारों, शब्दों और कार्यों से बनता है प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत आपके अपने विचार हैं, इसलिए बड़ा सोचें और खुद को जीतने के लिए प्रेरित करे ।मनुष्य का व्यवहार अक्सर उसके ज्ञान से बड़ा होता है, क्योंकि जीवन में कई परिस्थितियां ऐसी आती हैं जहां आपका ज्ञान विफल हो जाता है परंतु वहां आपका व्यवहार सब कुछ संभाल सकता है। खुशी एक मानसिक स्थिति है।

उन्होने कहा यह हमें जीवन के उतार-चढ़ाव से सहजता से गुजरने के लिए ऊर्जा और उत्साह देती है और ध्यान हमें इसे सहजता से समृद्ध करता है केवल किसी व्यक्ति विशेष को प्रसन्न करने के लिए हमारे कर्म नहीं होने चाहिए। जब अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए हमारे द्वारा कार्य संपन्न किया जाता है।

तो वही कार्य परमात्मा को प्रसन्न करने वाला भी बन जाता है। निष्ठापूर्वक, समर्पण भाव, विवे.कपूर्ण एवं निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर किया गया प्रत्एक कर्म पूजा ही है।जिस जीवन में संघर्ष नहीं होगा उस जीवन में सुख - समृद्धि एवं शांति रूपी मधुर फलों की प्राप्ति भी नहीं हो सकती। संघर्ष वो वृक्ष है जिसकी जड़ें कड़वी जरूर होती हैं मगर उसके फल बड़े ही मधुर होते हैं। जिस जीवन में आज जितनी मधुरता है उस जीवन में कभी उतना ही संघर्ष भी रहा होगा। आंतरिक सफलता और बाहरी सफलता के बीच संतुलन आपको लंबे समय तक खुश, स्वस्थ और हल्का रखता है। इस अवसर पर योगेश तायल, सुरेन्द्र गर्ग, नवीन गोयल,संजय कश्यप, दीपक तायल, सचिन गोयल, राहुल तायल, नवीन बन्धु,रवि तायल आदि मौजूद रहे।



# ड्रॉन की सूचना देने वाले व्यक्ति को ही पुलिस ने किया अन्दर

## ग्रामीणों में चौकी इंचार्ज पर लगाया मदद न करने और दुर्व्यवहार करने का आरोप, एसपी से की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति को संदिग्ध ड्रोन की सूचना देना भारी पड़ गया। सुनहेड़ा गांव के संजीव पुत्र इंद्रपाल ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे गांव के आसपास ड्रोन जैसी कोई संदिग्ध वस्तु उड़ती दिखाई दी।

कई ग्रामीणों ने इस वस्तु को देखा और चिंता व्यक्त की। कई लोगों ने संजीव को फोन कर इसकी जानकारी दी। संजीव ने तुरंत 112 डायल कर पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उड़ती हुई वस्तु का वीडियो बनाया। उस समय वहां ग्रामीणों की भीड़ भी जमा हो गई थी। संजीव ने बताया कि रात लगभग 12 बजे बड़ा गांव चौकी इंचार्ज का फोन आया। उन्होंने संजीव से कहा कि वे मौके पर आ रहे हैं और संजीव उनसे वहीं मिले। चौकी इंचार्ज अपनी निजी गाड़ी में अकेले आए।



उन्होंने बताया कि इंस्पेक्टर का कॉल आया है और संजीव को उनके साथ थाने चलकर घटना की जानकारी देनी होगी। संजीव ने बताया कि रास्ते में उसे लगा कि चौकी इंचार्ज शराब के नशे में हैं। थाने पहुंचने पर संजीव के साथ दुर्व्यवहार किया गया। बिना किसी उचित कारण के उसे अपराधी की तरह व्यवहार करते हुए हवालात में बंद कर दिया गया। संजीव ने बताया कि उसने केवल एक सजग नागरिक के रूप में संदिग्ध घटना की सूचना दी थी। पीड़ित संजीव के अनुसार थाने में उसे प्रताड़ित किया गया। इस कार्रवाई से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि अगर चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई नहीं होती है तो वे उच्च अधिकारियों से भी शिकायत करेंगे। इस मौके पर विना. द, बिजेंदर, सुमित, राजकुमार प्रधान, सचिन, रविंद्र कुमार, बब्लू, ओमबीर सिंह, संजय सिंह, जसवीर, राकेश कुमार, विरेन्द्र सिंह, सूरज चौधरी, कालूराम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नाबालिग लड़की पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाए जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि शोएब के साथी और परिवार के लोग उसे व्हाट्सएप कॉल और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से परेशान कर रहे हैं।

घटना 3 जुलाई की है जब शोएब नामक युवक पीड़िता को बहला-फुसलाकर ले गया था। उस समय नाबालिग लड़की गाजियाबाद में अपने रिश्तेदार के यहां रह रही थी। परिजनों ने गाजियाबाद में ही अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने 9 जुलाई को नाबालिग और आरा. पी शोएब को बरामद किया। 10 जुलाई को आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। अब पीड़िता खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में अपने घर पर रह रही है। पीड़िता का कहना है कि शोएब के साथी और परिवार के लोग उस पर धर्म परिवर्तन करने और शोएब से शादी करने का दबाव बना रहे हैं। इससे वह और उसका परिवार परेशान है। इस मामले में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भी खेकड़ा कोतवाली पहुंचे और कड़ी कार्रवाई की मांग की। संगठन के लोगों का आरोप है कि लगातार नाबालिग को धर्म परिवर्तन के लिए निशाना बनाया जा रहा है और ऐसे आरोपियों पर ठोस कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस अधिकारी इस समय पूरे मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

# पड़ोसी द्वारा महिला व उसके बच्चों को प्रताड़ित करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रमाला थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने पड़ोसियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि उसके पड़ोसी उसे और उसके बच्चों को प्रताड़ित कर रहे हैं।

पीड़िता ने बताया कि उसका पति काम के सिलसिले में अक्सर बाहर रहता है।

इस दौरान वह अपने बच्चों के साथ घर पर अकेली रहती है। इसका फायदा उठाकर पड़ोसी उसे परेशान करते हैं। महिला का आरोप है कि पड़ोसी उस पर गलत नजर रखते हैं। साथ ही उसके बच्चों को भी मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। उसने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने यह भी बताया कि जो लोग उन्हें परेशान कर रहे हैं, वे अपराधी किस्म के हैं। वे कई बार उसे धमकियां भी दे चुके हैं।

महिला का यह भी आरोप है कि पड़ोसी उनसे रंजिश रखते हैं। इसी वजह से उनका मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया जा रहा है। अपनी जान और माल की सुरक्षा को लेकर चिंतित महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मदद की गुहार लगाई है। अधिकारियों ने पूरे मामले में जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने शनिवार को तहसील खेकड़ा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई कर आम जनता की समस्याएं सुनीं। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके।



तीनो तहसीलों में कुल 87 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 16 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि किसी भी शिकायत को औपचारिकता के रूप में न लें, बल्कि समस्याओं की तह तक जाकर समाधान किया जाए। उन्होंने राजस्व, बिजली, जल आपूर्ति, पुलिस एवं ग्राम पंचायत से संबंधित प्रकरणों की गहराई से जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खेकड़ा के उपजिला. धिकारी, तहसीलदार, नायब तहस. ीलदार, राजस्व निरीक्षक, बिजली विभाग, पशुपालन, समाज कल्याण, बाल विकास व अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। शिकायतें भूमि विवाद, राशन कार्ड, बिजली कनेक्शन, पेंशन, एवं पशु चिकित्सा से जुड़ी रहीं।

## एक नजर

### मोबाइल टावर हटाने की मांग को लेकर बडौत तहसील पर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में पहुंचकर शनिवार को नगर के सर्कुलर रोड पट्टी चौधरान से मोबाइल टावर हटाने की मांग को लेकर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कॉलोनी के लोगों ने बिना परमिशन बिना अनुमति के लगाई जा रहे टावर को हटवाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन करते हुए लोगों ने कहा कि बिना एनओसी के टावर लगाया जा रहा है जो गैरकानूनी है। किसी भी कीमत पर यहां टावर नहीं लगने दिया जाएगा। इस मौके पर अनीश कुरैशी राजीव चौधरी इकराम चौधरी राशि चौधरीग़ौजी सादिक इमरान तालीम दानिश कामील मेहताब चौधरी विनोद चौधरी वसीम चौधरी आदिल चौधरी आदि मौजूद रहे।

### स्वर्ण पदक जीतकर नेशनल आर्चरी के लिए किया क्वालिफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** एल्पाइन पब्लिक स्कूल प्रबंधन, मुख्य रूप से विद्यालय प्रभारी पंकज मैम एवं प्रबंधक मनोज सर, अत्यंत गर्व और प्रसन्नता के साथ यह घोषणा करते हैं कि कक्षा 8 के छात्र अग्रीम चौहान' ने CBSE NORTH ZONE&1 CHAMPIONSHIP 2025-26, 28 जुलाई से 31 जुलाई 2025 में आर्चरी स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। साथ ही, अग्रीम ने राष्ट्रीय आर्चरी प्रतियोगिता के लिए भी सफलता पूर्वक क्वालिफाई किया है। विद्यालय की ओर से पंकज मैम और मनोज सर ने व्यक्तिगत रूप से अग्रीम चौहान की कड़ी मेहनत, समर्पण व अनुशासन की सराहना की है, और इस उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उनका कहना है कि अग्रीम की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनेगी, और ऐसे क्षण विद्यालय परिवार के लिए गौरवपूर्ण हैं। एल्पाइन पब्लिक स्कूल की पूरी टीम, शिक्षकगण एवं छात्रगण की तरफ से अग्रीम चौहान को इस अद्वितीय उपलब्धि पर ढेरों बधाईयाँ एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बागपत में 14 मध्यस्थों के चयन की प्रक्रिया शुरू

**टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागपत द्वारा मध्यस्थता एवं सुलह समझौता केन्द्र में मध्यस्थों की नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में अपर जिला जज एवं प्राधिकरण सचिव शबिस्ता आकिल ने बताया कि कुल 14 मध्यस्थों का चयन किया जाएगा, जिनका कार्यकाल नियुक्ति की तिथि से तीन वर्षों का होगा। नियुक्ति प्रक्रिया उत्तर प्रदेश सिविल प्रक्रिया (जिला न्यायालय) मध्यस्थता नियमावली, 2021 के प्रावधानों के अंतर्गत की जाएगी। पात्रता में वे अधिवक्ता शामिल हैं जिनके पास 10 वर्ष का विधिक अनुभव हो, सेवानिवृत्त जिला/अपर जिला जज तथा ऐसे विशेषज्ञ जिन्हें संबंधित क्षेत्र में 15 वर्ष का अनुभव हो और जो विधिक क्षेत्र में सुपरिचित हों। दिवालिया घोषित व्यक्ति, आपराधिक आरोप-पत्र वाले, नैतिक अधमता से दोषसिद्ध तथा अनुशासनिक कार्यवाही की स्थिति में व्यक्ति अयोग्य माने जाएंगे। आवेदन निर्धारित प्रारूप में 7 अगस्त 2025, सांय 5 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागपत में जमा किए जाने हैं।

### स्मार्ट मीटर से बदलेगी बिजली व्यवस्था की तस्वीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिजली उपभोक्ताओं की सुविधाओं में इजाफा करते हुए उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा बागपत जनपद सहित पूरे प्रदेश में स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इस संबंध में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि स्मार्ट मीटर योजना उपभोक्ताओं के लिए कई वर्षों से चली आ रही समस्याओं का स्थायी समाधान है। इससे उपभोक्ता को हर माह मीटर रीडिंग के झंझट, गलत बिल, बकाया राशि के बोझ, लेट फीस और किरायेदार-मकान मालिक के बीच बिल विवाद जैसी परेशानियों से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली उपभोक्ता को अपने बिजली खर्च पर स्वयं नियंत्रण रखने की सुविधा देगी और डिजिटल रूप से मजबूत बनाएगी। स्मार्ट मीटर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह प्री-पेड सिस्टम पर आधारित है, यानी जितनी बिजली खर्च करेंगे, उतना ही भुगतान करना होगा। इससे भारी-भरकम बिल की संभावना समाप्त हो जाएगी और उपभोक्ता अपने मासिक बजट अनुसार बिजली खपत को नियंत्रित कर सकेगा। इस प्रणाली में रिचार्ज की सुविधा भी मोबाइल या ऑनलाइन माध्यम से घर बैठे उपलब्ध होगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को भी विशेष लाभ मिलेगा। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बिजली दरों पर 2 प्रतिशत की छूट देगा।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र राजीव से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

चरणसिंह पुत्र स्व.टीकाराम निवासी ग्राम कर्मअलीपुर गढी पोस्ट ग्वालीखेडी थाना सिंघावली अहीर जनपद बागपत।

**PUBLICE NOTICE**

That in the school records of my son, my name has been incorrectly mention as "IRSHAD AHMED and my son's mother name also has been incorrectly mention as "AYESHA AHMEDThat the my correct name should be IRSHAD AHMAD and my son's mother correct name should be "AYESHA AHMAD"Irshad Ahmad son of Sh. Yusuph, resident of Coat Road, Baghpat tehsil & Distt. Baghpat.

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मनोज व पुत्रवधू ज्योति से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सावित्री पत्नि स्व.रामपाल निवासी पट्टी अहीरान कुम्हारो वाली गली कस्बा व थाना खेकडा जनपद बागपत।

# चकबंदी की समस्यां को लेकर कैंसर पीड़ित महिला ने दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में बामनौली के किसानों ने चौथे दिन भी अपनी मांगों को लेकर धरना जारी रखा है। शनिवार को धरना स्थल पर एसडीएम भावना सिंह ने किसानों से वार्तालाप करते हुए समस्या का समाधान किए जाने का आश्वासन दिया।

बामनौली गांव में चकबंदी का मामला लंबे समय से सुलझा नहीं पा रहा है। लगातार धरना स्थल पर शनिवार को कैंसर से पीड़ित मंजू देवी भी धरना स्थल पर पहुंच गई धरने पर लेट गई जिससे अधिका. रियों में हड़कंप मच गया। बामनौली के किसान तहसील परिसर में धरने प्रदर्शन करते आ रहे हैं। मगर आज तक भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। गांव के ही एक किसान परिवार ने अधिकारियों पर अपने खेत का नदी में काटने का आरोप लगाते हुए तहसील परिसर में परिवार सहित धरना दिया। यह परिवार धरना स्थल पर ही रहना खाना पीना साथ लेकर बैठा है। वहीं भोजन बनाकर खा रहा है। धरना स्थल पर बामनौली निवासी राजीव कुमार पुत्र मांगेराम ने बताया कि खेत को चकबंदी अधिकारियों ने कृष्णा नदी के पास हनुमान मंदिर के पीछे लगा दिया है। वाह कृष्णा नदी की जमीन है उसमें पानी चल रहा है। ऊपर खबर इस जमीन पर फसल नहीं उगाई जा सकती। इस समस्या को लेकर पहले भी अधिकारियों से मिला गया था। आश्वासन के अलावा कोई समस्या का समाधान आज तक नहीं हो पाया। जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो भूख हड़ताल भी की जाएगी। उन्होंने चकबंदी अधिकारी से मांग करते हुए कहा कि उन्हें अपर चकबंदी संचालक के निर्देश के अनुसार उनकी जमीन का खेत दिया जाए। इस मौके पर कैंसर से पीड़ित मंजू देवी, राजीव चौधरी उधम सिंह पुष्पा देवी सनी चौधरी तुषार चौधरी आदि धरना स्थल पर मौजूद है।



# बैठक में समाज में फैली बुराईयों को खत्म करने का लिया निर्णय

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**बडौत।** नगर की शाहमल कॉलोनी स्थित शनिवार को राष्ट्रीय सैनी सभा रजि.के पदाधिकारियों की एक बैठक बड़ौत में सुन्दर पाल सैनी के शाहमल एन्क्लेव स्थित आवास पर हुई।

इस अवसर पर मुख्य रूप से बैठक को संबोधित करते हुए जिला महासचिव बागपत सुंदर पाल सैनी ने कहा कि हम सब लोगों को मिलकर समाज को एक सूत्र में बांधकर कार्य करना है। समाज में फैली कुर्तियां को जड़ से मिटाना है। गांव गांव जाकर समाज के लोगों को जागरूक करना हमारा मुख्य उद्देश्य है जब तक समाज एकजुट होकर कार्य नहीं करेगा तब तक समाज का भला नहीं हो सकता। देश में समाज की शक्ति सबसे बड़ी शक्ति होती है। हम सब लोगों को एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना है। अपने साथ युवा वर्ग को जोड़कर चलना है। मीटिंग में सैनी समाज प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद पौधारोपण किया गया। बैठक में अध्यक्ष नरेश कुमार सैनी, महासचिव जयभगवान सैनी उत्तर प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार सैनी जनपद गाजियाबाद के अध्यक्ष सचिन कुमार सैनी जनपद बागपत के जिला अध्यक्ष धर्मपाल सैनी जनपद बागपत महासचिव सुन्दर पाल सैनी व सर्व महावीर सैनी, कर्म सिंह सैनी, जनेश्वर सैनी, जयकुमार सैनी उपस्थित रहे।

# छपरौली विकासखंड कार्यालय पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को उपनिदेशक पंचायत , मेरठ मण्डल, मेरठ के कुशल मार्ग निर्देशन में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स (PAI) संस्करण 1.0 के प्रसार एवं संस्करण 2.0 के क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन विकासखंड छपरौली में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक विकास अधिक. ारी पंचायत, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं अध्यापक व शिक्षामित्र एवं पंचायत सचिव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमें पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 1.0 व 2.0 पर सभी प्रतिभागियों को मास्टर ट्रेनर प्रवीण कुमार व रेणु गौतम द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ फैकल्टी मेरठ चरन जीत व सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) विकासखंड छपरौली अमित वर्मा उपस्थित थे।



# ट्रैक्टरों से बेट्री और पेट्रोल पम्प के समीप से सलेन्डर पंखा चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली मार्ग पर लहचौड़ा मोड़ के समीप पेट्रोल पम्प के पास तीन ट्रेक्टर से अज्ञात चोर बेट्री चोरी कर ले गये। इसके अलावा समीप में ही बने क्वाटर मे रखा सिलेन्डर और पंखा चोरी कर ले गये। वही ईट भटटे के पास भी बिजली तार चोरी का प्रयास किया शोर मचाने पर चोर फरार हो गये।

खैला निवासी दीपक पुत्र जग्गी ने बताया कि लहचौड़ा मोड़ के समीप पेट्रोल पम्प के पास टायल बनाने वाले कारखाने पर उसके दो ट्रेक्टर खड़े थे जिससे अज्ञात चोर दोनो ट्रेक्टर की बेट्री चोरी कर ले गये। इसके अलावा पास ही खड़े आजाद के ट्रेक्टर से भी चोर बेट्री चोरी कर ले गये। इसके बाद चोरो ने पेट्रोल पम्प के समीप बने क्वाटर में रखा एक सिलेंडर और पंखा चोरी कर ले गये। इसके बाद चोरो ने बड़ा गांव मोड़ के पास ईट भट्टे के पास रखे बिजली के तार चोरी कर लिये ईट भट्टे पर काम करने वाले सचिन ने शोर मचाया तो चोर तार छोड़कर फरार हो गये सचिन ने बताया कि रटौल बिजली घर के लाईनमैन बिजली के तार यहा रख कर गये थे। ईट भटटे पर काम करने वाले मुनीम ने 112 पर काल कर पुलिस को सूचना दी। वही रटौल गांव में भी अमजद पुत्र एजाज अली के घर की अलमारी में रखे 12 हजार रूपये चोर चोरी कर ले गये। क्षैत्र मे लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है जिससे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है।



# अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के लोगों ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शनिवार को तहसील में पहुंचकर नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद दस्तावेज लेखक राक. ेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम भावना सिंह को अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के लोगों ने दिया ज्ञापन। ज्ञापन में देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या से देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। इस पर कानून लागू होना चाहिए बढ़ती जनसंख्या से देश में दिन प्रतिदिन अपराधों की वृद्धि हो रही है। इससे शासन प्रशासन आम नागरिक भी समस्या का समाधान समय से नहीं कर पा रहा है। बढ़ती जनसंख्या से दिन प्रतिदिन बेरोजगारी होती जा रही है। उन्होंने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा। ज्ञापन देने वालों में रामपाल सिंह देवेंद्र पांचाल सत्येंद्र कुमार मुकेश जांगिड़ सोमनाथ शर्मा जयपाल सिंह राजेंद्र कुमार रमेश पंचल बाबूराम पांचाल रामकुमार पांचाल आदि लोग मौजूद रहे।

# समान शिक्षा कानून और सीधे चुनाव से होगा भ्रष्टाचार पर नियंत्रण:रामपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामपाल सिंह शनिवार को बड़ौत पहुंचे। स्थानीय बार हॉल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने पार्टी की प्राथमिकताओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से बातचीत की।

रामपाल सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी समान शिक्षा कानून को लागू करवाने की दिशा में गंभीरता से प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में सभी वर्गों को एक जैसी और गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले, इसके लिए सुभासपा लगातार आवाज़ उठा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख के चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि इनका चुनाव सीधे जनता के वोट से होना चाहिए। उनका कहना था कि यदि यह चुनाव सीधे जनता द्वारा किए जाएं, तो इससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और चुनावी खर्च भी कम होगा। रामपाल सिंह ने बड़ौत और बिनौली ब्लॉक के आकार पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ये दोनों ब्लॉक काफी बड़े हैं और यदि जनप्रतिनिधि प्रस्ताव भेजते हैं, तो इन्हें चार भागों में विभाजित किया जा सकता है ताकि प्रशासनिक कामकाज और विकास कार्यों में गति आ सके इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता हेमंत कुमार, पूर्व अध्यक्ष वेदपाल पवार एडवोकेट, चौ.हरेंद्र सिंह, अध्यक्ष सत्यपाल पवार, देवेंद्र आदि मौजूद रहे।



# युवक को चोर समझ लाठी-डंडों से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** जनपद शामली के कस्बा गढ़ीपुख्ता क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव में सुबह-सुबह एक अनजान युवक के दिखाई देने पर कुछ लोगों ने उसे चोर समझ लिया। इसके बाद युवक के साथ न सिर्फ मारपीट की गई, बल्कि उसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया है।

मिली जानकारी में जनपद बरेली के थाना सुभाषनगर के रहने वाले प्रमोद पुत्र नेकपाल 27 जुलाई को ग्राम भैंसवाल जनपद शामली में यशपाल पुत्र ब्रह्मसिंह के यहां खेती नौकरी के कार्य हेतु आया था। काम की अधिकता के चलते प्रमोद 31 जुलाई की सुबह लगभग 5:30 बजे गांव से निकला, लेकिन रास्ता भटककर कस्बा गढ़ी पुख्ता पहुंच गया। वही कस्बा निवासी राजीव कुमार पुत्र ओमबीर सिंह ने थाना में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मोहल्ला कश्यपुरी कस्बा गढ़ी पुख्ता में मजदूर प्रमोद को देखकर कुछ स्थानीय लोगों कृ जिनमें अहतराम पुत्र मौलाना इकराम, आकिल पुत्र गय्यूर अली, शेरखान पुत्र वकील निवासी सुभाषपुरी आदि ने प्रमोद को चोर समझ लिया और 10.15 लोगों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। इस दौरान गाली गलौज भी की गई और माहौल बिगाड़ने के उद्देश्य से वीडियो बनाकर वायरल कर दी गई। आरोप है की स्थानीय लोगों को भड़काकर यह अफवाह फैलाई गई कि युवक चोरी की नीयत से आया था। राजीव कुमार द्वारा दी तहरीर में बताया की जैसे ही हम घटनास्थल पर पहुंचे, तब तक आरा. ेपी जान से मारने की धमकी देकर भाग चुके थे।जिससे इस घटना से समाज में भय व अस्थिरता का माहौल बना। वही पुलिस ने भी तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए अहतराम, आकिल, शेरखान और गद्धन पुत्र पवन को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया है। और भी लोगों की वीडियो फोटोस के मदद से पहचान की जा रही है।

# समाधान दिवस में अधीक्षण अभियंता विद्युत रहे अनुपस्थित डीएम ने दिए एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रदेश सरकार के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज तहसील ऊन के सभागार में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए।संपूर्ण समाधान दिवस में विद्युत विभाग की शिकायत पर डीएम द्वारा अधीक्षण अभियंता विद्युत के अनुपस्थित पाएं जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में आज फरियादियों द्वारा 33 शिकायतें पत्र



प्राप्त हुए जिनमें से मात्र-03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। और शेष शिकायतों का समय से निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है अत: शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार के लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस से संबंधित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें।आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी, सीएमओ डॉ अनिल कुमार, पीड़ी डीआरडीए प्रेम चन्द,सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

इसके अलावा तहसील शामली में सत्येन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी, शामली की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आज अपर जिलाधिकारी के समक्ष 45 शिकायती पत्र निस्तारण हेतु रखे गए। प्राप्त शिकायतों में से मौके पर 04 शिकायत का निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, सहित समस्त संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहें।

**कैराना।** शनिवार को तहसील मुख्यालय पर स्थित सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने की। इस दौरान विभिन्न मामलों से सम्बंधित 43 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से पांच शिकायतों का अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया। शेष प्रार्थना-पत्रों को शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। सीडीओ ने अधीनस्थ अधिकारियों को शिकायतों के धरातलीय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए है। इस दौरान एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज, तहसीलदार अर्जुन चौहान, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार सतीश यादव समेत विभिन्न विभागों के अधिक. ारीगण उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटरों के विरोध में ग्रामीणों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन क्षेत्र के ग्राम भैंसानी इस्लामपुर में शनिवार को विद्युत विभाग द्वारा प्रस्तावित स्मार्ट मीटरों को लेकर एक अहम बैठक का आयोजन स्थानीय बिजलीघर परिसर में किया गया। बैठक में जूनियर इंजीनियर उपखंड अधिकारी और संबंधित कंपनी के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में गांव के गणमान्य नागरिक और जिम्मेदार लोग उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य गांव में प्रस्तावित स्मार्ट मीटरों की स्थापना को लेकर चर्चा करना था। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया। ग्रामीणों का कहना है कि स्मार्ट मीटरों के आने से बिलों में अनियमितता और उपभोक्ताओं को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़



सकता है।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बिना लिखित सहमति के कोई भी घर में स्मार्ट मीटर नहीं लगाया जाएगा।

यदि कोई व्यक्ति स्वेच्छा से मीटर लगवाना चाहता है, तो उसे एक लिखित पत्र में स्पष्ट रूप से यह बताना होगा कि वह स्वयं की इच्छा से स्मार्ट मीटर लगवा रहा है और उसके परिणामों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।शाम के 6 बजे के बाद किसी भी उपभोक्ता का विद्युत कनेक्शन काटने की कार्यवाही नहीं की जाएगी।

यदि कोई अधिकारी इस नियम का उल्लंघन करता है, तो वह उसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। यह बात अधिकारियों के समक्ष स्पष्ट रूप से रखी गई है।बिना अनुमति किसी भी अधिकारी द्वारा घर में प्रवेश नहीं किया जाएगा। साथ ही, यदि किसी अधिकारी को घर में प्रवेश करना हो तो उसके साथ महिला कर्मचारी की उपस्थिति अनिवार्य होगी। अनुपालन न होने पर ग्रामीणों से वीडियो रिकॉर्डिंग कर पुलिस को सूचित करने की अपील की गई है।बिजली बिल बनाने के दौरान यदि घर में कोई पुरुष जिम्मेदार मौजूद नहीं है, तो अधिकारी को इंतजार करना होगा।

बिल तभी बनाया जाए जब घर का कोई पुरुष सदस्य उपस्थित हो।इस बैठक में युवा जिला अध्यक्ष किसान मजदूर संगठन शहजाद पुंडीर, आसिफ पुंडीर, मुहम्मद शकील शेख, राव वसीम, मुकम्मिल पहलवान,राव दानिश, अदनान, मोहम्मद अल्ताफ, राव तैमूर, और आरिफ यूनुस सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि गांव की सहमति के बिना कोई भी तकनीकी बदलाव जबरन न किया जाए, जिससे क्षेत्र में शांति और भरोसा बना रहे।

# विद्युत पोल व लाइनें स्थापित कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** निरन्तर तत्पर सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों ने कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में विद्युत पोल व लाइनें स्थापित कराए जाने की मांग की है। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में मामले से सम्बंधित प्रार्थना-पत्र दिया है।



शनिवार को निरन्तर तत्पर सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता अध्यक्ष शमून उस्मानी के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि कस्बे के तीतरवाडा मार्ग, मोहल्ला अफगानान में स्थित नवाब तालाब के निकट एवं भारत बैंक्विट हॉल के सामने गली में अनेक स्थानों पर विद्युत खंभे तथा लाइनें न होने के कारण स्थानीय नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है। मोहल्ला अफगानान में बांस के सहारे विद्युत लाइन की अस्थाई व्यवस्था की गई है, जिससे दुर्घटना होने की प्रबल संभावना है। मामले के सम्बंध इससे पूर्व विगत 19 मई को भी एसडीएम को संबोधित प्रार्थना-पत्र तहसीलदार कैराना को देकर व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की गई थी, जिस पर आजतक कोई सुनवाई नही हुई। पत्र में समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की गई है। इस दौरान कुर्रत मेहदी, जौहर अली, फैसल, सुहैल, शाहजान, लुकमान-उल-हक मौजूद रहे।

## एक नजर

### लूट की झुटी सूचना से पुलिस में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना फाटक के समीप दिन दहाड़े लूट की सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तो मामला मारपीट का निकला पुलिस ने राहत की सांस ली। शनिवार को बागपत जनपद के गांव दहा निवासी कासिम पुत्र अली हसन ने पुलिस को सूचना दी कि उसके साथ बदमाशों ने मारपीट करते हुए हजारों की नगदी लूट ली और बदमाश फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई लूट की सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और पीड़ित व्यक्ति से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने लूट की घटना की जांच पड़ताल की तो मामला मारपीट का निकला पुलिस ने सूचना झूठी निकलने पर राहत की सांस ली। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति ने पुलिस को लूट की सूचना दी थी पुलिस जांच मे सूचना झूठी निकली और मामला मारपीट का निकला है पुलिस जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### चोरी किए ट्रेक्टर सहित दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 1.8.2025 को वादी सुधीर कुमार पुत्र राजपाल निवासी ग्राम बिरालसी थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर ने बनत चौराहे के पास से अज्ञात चोर द्वारा ट्रैक्टर चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर तहरीर दी थी । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना आदर्शमण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीमें लगी हुई थीं। इसी क्रम में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई ट्रैक्ट चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में लिप्त 2 अभियुक्त को चोरी किए हुए ट्रैक्टर सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तार अभियुक्तगण रवि कुमार पुत्र सतपाल निवासी ग्राम बुडिया थाना मुलाना जनपद अम्बाला (हरियाणा), साबिर पुत्र रुकमदीन निवासी ग्राम मलकपुर थाना कांधला जनपद शामली है।



### एक अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 30.7.2025 को थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत नाबा. लिग युवती के साथ अभियुक्त द्वारा छेडखानी, अभद्र टिप्पणी व गाली गलौच करने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर नामजद लिखित तहरीर दाखिल की गई थी। इसी क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा युवती के साथ छेडखानी, गाली गलौच व अभद्र टिप्पणी करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त राशिद पुत्र शहजाद निवासी मौहल्ला सरवरपीर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

### कौशल रथ कार्यक्रम में कम्प्यूटर की ट्रेनिंग दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कस्बा बनत स्थित देवी उमराकौर इंटर कॉलेज में शनिवार को कौशल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित कौशल रथ कार्यक्रम के अंतर्गत कम्प्यूटर से सुसज्जित विशेष बस के माध्यम से छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर की बेसिक ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान ट्रेनिंग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए है। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह की प्रेरणा से कस्बा बनत स्थित देवी उमराकौर इंटर कॉलेज में कौशल रथ कार्यक्रम के अंतर्गत कम्प्यूटर से सुसज्जित विशेष बस के माध्यम से छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर की बेसिक ट्रेनिंग दी गई। शनिवार को प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थानाभवन विधायक अशरफ अली, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल युग में कम्प्यूटर ज्ञान आवश्यक हो गया है और सरकार द्वारा चलाई जा रही यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलेगी। कस्बावासियों ने कार्यक्रम का स्वागत करते हुए इसे सराहनीय कदम बताया। उनके साथ प्रधानाचार्य डीपी राणा, मुकेश सैनी, विजय कौशिक, ऋषिराज, अरविन्द झाल, नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह, ललित चौधरी मौजूद रहे।

### वृद्ध महिला पर बंदरों के झुंड ने बोला जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में घर के आंगन में बैठी एक वृद्ध महिला पर बंदरों के झुंड ने हमला कर महिला को घायल कर दिया पीड़ित महिला के परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर महिला को छुट्टी दे दी। नगर एवं क्षेत्र में बीते दो महा से लगातार बंदर एवं आवारा कुत्ते खूंखार होते जा रहे हैं। जो सैकड़ो लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुके हैं प्रशासन आवारा बंदरों एवं कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई भी अभियान नहीं चल रहा है। शनिवार की सवेरे थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी वृद्ध महिला कलादेवी अपने घर के आंगन में बैठी हुई थी परिजनों के अनुसार तभी बंदरों के एक झूंड ने अचानक से वृद्ध महिला पर हमला बोल दिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर परिजन डंडे लेकर बंदरों की झुंड की ओर दौड़े और मौके से भगाया। परिजनों ने घायल महिला को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर महिला को एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाकर छुट्टी दे दी। चिकित्सक प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि महिला को एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाई गई है दो और वैक्सीन लगाई जाएगी महिला के परिजनों को जानकारी दे दी गई है।

# समाजवादी व्यापार प्रकोष्ठ ने कांधला में लगाया नि:शुल्क मेडिकल कैम्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यमंत्री प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कांधला में समाजवादी व्यापार सभा द्वारा आयोजित फी मेडिकल कैंप का उद्घाटन किया। कैंप में डा। अक्षय मलिक एवं डा। अनिल द्वारा मरीजों का चेकअप किया गया और उनको परामर्श देते हुए निशुल्क दवाओं को वितरण किया गया। कैंप को संबोधित करते हुए प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि जनहित के लिए चलाए गए कार्यक्रम के लिए समाजवादी व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विपुल गोयल एवं महासचिव राजकुमार यादव ने सराहनीय कार्य किया है। इससे गरीब लोगों को कैंप में जांच कराकर दवा मिल सकेगी।

# हंसिका ने सीबीएसई क्लस्टर में रचा इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव शेखूपुरा में स्थित सरस्वती पब्लिक स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा हंसिका रावत ने सीबीएसई क्लस्टर-2025 के अंतर्गत मेरठ में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। शनिवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य निखिल कुमार ने हंसिका रावत को विद्यालय पहुंचने पर स्वर्ण पदक पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, यह न केवल शारीरिक रूप से हमें मजबूत बनाते हैं, बल्कि




आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी प्रदान करते हैं। प्रधानाचार्य ने छात्रों को खेलों के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों, सुंदर लेखन प्रतियोगिता, वाद-विवाद, तात्कालिक भाषण आदि में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने की प्रेरणा दी, ताकि वे बहुआयामी प्रतिभा के धनी बन सकें। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुखपाल सिंह चौहान समेत समस्त विद्यालय स्टाफ ने हंसिका रावत को आशीर्वाद और शुभकामनाएं ज्ञापित की।


**मेरठ में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक जीतकर किया विद्यालय का नाम रोशन, सरस्वती पब्लिक स्कूल शेखूपुरा में 8वीं कक्षा की छात्रा है हंसिका**

# आत्मा का अपना गुण होता है इसे शुद्ध रखें: विव्रत सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में मुनि 108 विव्रत सागर मुनिराज शनिवार को जैन धर्मशाला में प्रवचन करते हुए बता रहे हैं कि जैन धर्म को प्राप्त करना भावों की विशुद्धि से होता है, जो कि आत्मा का निज धर्म या स्वभाव है। आत्मा के अपने गुण और अवगुण होते हैं, जिन्हें अपनी .ष्टि से देखना महत्वपूर्ण है, न कि दूसरों के अवगुणों को देखकर हंसना।

शनिवार को अपने प्रवचनों में जैन मुनि ने कहा कि क्रोध अवगुण है। क्षमा को सामान्यत: गुण माना जाता है, पर अध्यात्म में, यदि क्षमा का भाव भी पर के निमित्त से आता है और बंध का कारण बनता है, तो वह भी अवगुण है। सच्चा गुण आत्मा में स्वयं से उत्पन्न सहज और उत्तम क्षमा है, क्योंकि पुण्य भी आत्मा के संसार में बंध का कारण बनता है। शत्रुता का



भाव अवगुण है। मित्रता का भाव भी आध्यात्मिक दृष्टि से अवगुण है क्योंकि इसमें राग होता है और यह द्वेष को जन्म देता है, तथा इसमें जाति, उम्र, पद जैसी शर्तें होती हैं। मैत्री भाव ही सच्चा गुण है। मैत्री भाव एकाकी होता है, बिना किसी शर्त के सभी जीवों के प्रति होता है, और इसमें राग



नहीं होता। यह धर्म के मार्ग का पहला सोपान है और निर्वाण की यात्रा कराता है। मित्रता भाव संसार में भटकाता है क्योंकि जहां राग होता है, वहां द्वेष नियम से होता है।

एक कहानी द्वारा समझाया गया कि कैसे आचार्य गुरुदेव ने रात भर चींटियों के शरीर पर चढ़ने के बावजूद पद्मासन में बैठकर मैत्री भाव का पालन किया। यह दर्शाता है कि मैत्री भाव में यह फर्क नहीं पड़ता कि दूसरा व्यक्ति या जीव आपके साथ कैसा व्यवहार कर रहा है, बल्कि स्वयं का भाव सभी के प्रति शुद्ध होना चाहिए। चित्र अनावरण, दीप प्रज्जवलन राजबाला जैन अंजलि जैन द्वारा, पाद प्रक्षालन पाल जैन, ममलेश जैन द्वारा एवं शास्त्र भेंट मुनि विव्रत सागर की दिल्ली से आई गृहस्थ अवस्था की बुआ व बहन प्रियंका जैन द्वारा किया गया।

# भारतीय पूर्व सैनिक संगठन ने की शहीद स्मारक की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा से भारतीय पूर्व सैनिक संगठन ने पत्र देते हुए शहीद स्मारक बनवाने की मांग की है। मामले में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने बताया कि रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री से बात कर जनपद शामली में शहीद स्मारक के साथ-साथ कैंटीन बनवाने के लिए वार्ता की जाएगी।

भारतीय पूर्ण सैनिक संगठन जनपद शामली के सदस्य पूर्व सैनिकों ने थाना भवन पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा से मुलाकात की इस दौरान उन्होंने पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा से जनपद में शहीद स्मारक बनाने की मांग रखी उन्होंने बताया कि जनपद शामली के निवासियों ने सेना में रहते हुए सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर वीरगति पाई है। उन्हें बताया कि इसके बावजूद जनपद शामली के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए कोई भी शहीद स्मारक नहीं बनाया गया है। उन्होंने कहा कि शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए जनपद में एक स्थान चिन्हित कर आवंटित कराया जावे तथा शहीद स्मारक बनवाया जाना चाहिए। कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने पूर्व सैनिकों को जल्द स्मारक बनाए जाने के लिए आश्वासन दिया। उधर फोन पर हुई वार्ता के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने बताया कि जनपद में स्मारक भवन के साथ-साथ एक कैंटीन, शाहिद सैनिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं आदि के लिए एक भवन बनाए जाने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वार्ता की जाएगी तथा जल्द से जल्द स्मारक भवन बनाए जाने का प्रयास किया जाएगा।

# किसान निधि की किस्त मिलने से चेहरे खिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के विकासखंड सभागार में किसान गोष्ठी आयोजित कर किसानों को जागरूक किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के खाते में किसान सम्मन निधि की 20वीं किस्त जारी की इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान हित के लिए लगातार योजनाएं निकल रहे हैं। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मन निधि की 20वीं किस्त किसानों के खाते में जारी की। किसान सम्मन निधि की रकम किसानों के खाते में आने से किसानों के चेहरे खिल उठे। नगर के विकासखंड सभागार में किसान गोष्ठी आयोजित की गई।

किसान गोष्ठी में ब्लॉक प्रमुख विनोद मलिक ने किसानों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी और बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में किसानों को योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। इस दौरान समा. जसेवी जुनेद अली,जयदेव सिंह, सहित आदि लोग मौजूद रहे।



## नियमित टीकाकरण अभियान चलाया

**शामली।** जनपद शामली को राज्य स्तर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के क्रम में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र झिंझाना पर आज नवीन कोल्ड चेन का उद्घाटन आज डा. अनिल कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं डा. करन चौधरी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उक्त कोल्ड चेन के माध्यम से झिंझाना क्षेत्र में आने वाले समस्त सब सैन्टरो पर नियमित टीकाकरण के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं एवं 0 से 16 साल के समस्त बच्चों के होने वाले टीकाकरण हेतु वैक्सीन वितरित की जाएगी। उक्त कोल्ड चेन के उद्घाटन के समय डा. तरूण चौधरी, चिकित्सा अधीक्षक सामु. स्वा के ऊन, डा शशीकान्त चिकित्सा अधीक्षक, सामु स्वा के झिंझाना, देवेन्द्र कुमार फार्मासिस्ट, परवेज तालिब, वी.सी.सी.एम., मनसूर अली यूविन कोर्डिनेटर एवं अमित कुमार स्टाफ नर्स व अन्य के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## डायलो को हराकर फ्रिट्ज नेशनल बैंक ओपन के चौथे दौर में पहुंचे

**टोरंटो, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फिट्ज ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को हराकर नेशनल बैंक ओपन के अगले दौर में जगह बना ली है। वहीं महिला एकल वर्ग के मुकाबले में जेसिका पेग.ला को हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार की रात खेले गये तीसरे दौर के मुकाबले में फिट्ज ने 6 फुट 8 इंच लंबे गेब्रियल डायलो को 6-4, 6-2 से हराया। फिट्ज का चौथे दौर में चेक गणराज्य के 19वें वरीय जिरी लेहेका से मुकाबला होगा। लेहेका ने 15वें वरीय फ्रांस के आर्थर फिल्स को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। मैच के बाद फिट्ज ने कहा कि मेरा मानना है कि टूर्नामेंट में कनाडाई खिलाड़ी के साथ खेलने के दौरान दर्शकों ने बहुत अच्छा व्यवहार किया। मुझे लगा था कि दर्शक अधिक आक्रामक होंगे। लेकिन सभी बहुत अच्छे थे। मैंने इससे भी बदतर हालात का सामना किया है।

## भारत-पाक मैच के लिए सहमति के खिलाफ शिवसेना ने किया प्रदर्शन

**जम्मू, वार्ता।** शिवसेना की जम्मू-कश्मीर इकाई ने बीसीसीआई द्वारा आगामी एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के लिए सहमति जताए जाने का आज विरोध किया। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों से आतंकवाद का गंदा खेल खेल रहे पाक के साथ खेल संबंध बहाल करना देश की जन भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम होगा। वरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए शिवसेना के अध्यक्ष ने कहा कि पिछले चार दशकों से जम्मू-कश्मीर में हमलों सहित आतंकवाद का गंदा खेल खेल रहे पाक के साथ खेल संबंध बहाल करना देश की जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम होगा।

# पांचवां टेस्ट: सिराज का घातक प्रदर्शन

**● भारत के स्टार तेज गेंदबाज का जलवा जारी, पहली पारी में 4 विकेट लेकर स्टोक्स को पछाड़ा**



**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला के दौरान भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का जलवा जारी है। जसप्रीत बुम.राह की गैरमौजूदगी में उन्होंने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया और पहली पारी में चार विकेट झटके। बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज बल्लेबाजों के लिए और घातक साबित होते हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि उनके आंकड़े बता रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने चार विकेट लेकर बेन स्टोक्स को भी पीछे छोड़ दिया है। शुक्रवार के दिन ओवल टेस्ट में 15 विकेट गिरे। यह इस सीरीज के एक दिन के खेल में सर्वाधिक है। इससे पहले लाड्र्स टेस्ट के चौथे दिन 14 विकेट गिरे थे। दरअसल, इस सीरीज में दो टेस्ट ऐसे आए, जिनमें बुमराह नहीं खेले। इससे पहले एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में बुमराह नहीं खेले थे। उस मैच को भारत ने 335 रन से जीता था और इतिहास रचा था। उस मुकाबले में भी सिराज ने गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया था और घातक गेंदबाजी की थी। उस टेस्ट में सिराज ने पहली पारी में छह विकेट और दूसरी पारी में एक विकेट लिया था। अब उन्होंने कुछ ऐसा ही ओवल में आखिरी टेस्ट में किया है। ओवल टेस्ट की पहली पारी में सिराज ने कप्तान ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक और जैकब बेथेल के महत्वपूर्ण विकेट झटके। उनके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा ने भी चार विकेट लिए, जबकि आकाश दीप को एक विकेट मिला। सिराज ने फ्रंट से लीड किया और इंग्लैंड के मुख्य बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। सिराज ने अब तक 41 टेस्ट की 75 पारियों में 31.49 की औसत से 118 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उन्होंने चार बार पारी में पांच विकेट लिए, जबकि 15 रन देकर छह विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन रहा है। इन 75 पारियों में से 28 पारियों में सिराज के साथ बुमराह नहीं थे। यानी बुमराह उन पारियों में सिराज के साथी गेंदबाज नहीं थे। वैसी 28 पारियों में सिराज ने 25.6 की बेहतरीन गेंदबाजी औसत से 44 विकेट चटकाए। वहीं, बुमराह के साथ उन्होंने टेस्ट की 47 पारियों में गेंदबाजी की है और 35 की गेंदबाजी औसत से 74 विकेट चटकाए। यानी बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज बेहद घातक साबित हुए हैं। चार विकेट लेने के साथ ही सिराज के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 200 विकेट भी पूरे हो गए। उन्होंने टेस्ट में 118 विकेट लेने के अलावा वनडे में 71 और टी20 में 14 विकेट लिए हैं। वह इस मुकाम को छूने वाले भारत के 15वें तेज गेंदबाज बने। इतना ही नहीं, सिराज ने मौजूदा एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 18 विकेट ले लिए हैं और बेन स्टोक्स को पीछे छोड़ इस सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने 35.7 की औसत से ये विकेट लिए हैं। इस सीरीज में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 70 रन देकर छह विकेट रहा है।

## मुकाबला देखने ओवल पहुंचे हिटमैन

**स्टेडियम में एंट्री के दौरान गेट पर कैमरे में कैद हुए**



**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला लंदन के ओवल मैदान में खेला जा रहा है। तीसरे दिन भारतीय टीम की दूसरी पारी जारी है।

हालांकि, इस मैच को देखने के लिए एक ऐसा शख्स पहुंचा, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। भारतीय टेस्ट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा इस मैच को देखने के लिए ओवल पहुंचे। वह स्टेडियम में एंट्री के दौरान गेट पर कैमरे में कैद हो गए। पिछले इंग्लैंड दौरे पर बतौर खिलाड़ी स्टेडियम में एंट्री लेने वाले हिटमैन को ओवल में लाइन में लगकर और टिकट दिखाने के साथ-साथ पहचान पत्र दिखाकर एंट्री लेनी पड़ी। रोहित इन दिनों पत्नी रितिका और परिवार के साथ यूरोप टूर पर हैं। वह इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा करते रहते हैं।

इसी कड़ी में उन्होंने भारत और इंग्लैंड के बीच ओवल टेस्ट देखने का फैसला किया। दो महीने पहले तक वह इस भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान हुआ करते थे। हालांकि, मई में टेस्ट से संन्यास के बाद शुभमन गिल को टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया। रोहित ने इंस्टाग्राम पोस्ट में सबसे लंबे प्रारूप से संन्यास का ऐलान किया था।

## भारत ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का जीता खिताब



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने आज कहा कि भारत ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का खिताब जीत लिया है।

डब्ल्यूएफआई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह घोषणा करते हुए लिखा कि भारत ने 151 अंकों के साथ विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का खिताब जीता। अमेरिका (दूसरे) और जापान (तीसरे) स्थान पर रहा। भारतीय युवा पहलवानों के लिए गर्व का क्षण। डब्ल्यूएफआई के अनुसार भारतीय महिला कुश्ती टीम ने दो स्वर्ण,

**● भारत ने 151 अंकों के साथ विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिला टीम का खिताब जीता**

तीन रजत और एक कांस्य सहित कुल छह पदक जीते। यह उपलब्धि विश्व मंच पर भारत की अंडर-17 महिला कुश्ती टीम की लगातार दो ऐतिहासिक जीत का प्रतीक है। कुल 151 अंकों के साथ, भारत ने कुश्ती की दिग्गज टीम अमेरिका को पछाड़ा। अमेरिका 142 अंक के साथ दूसरे और जापान ने 113 अंकों के साथ तीसरा स्थान पर रहा।

## भारत को अब तक नहीं मिला पुजारा का रिप्लेसमेंट

**● करुण नायर के बाद सुदर्शन भी नंबर-तीन पर फेल, बनाए 140 रन**



**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबले में टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल ने इस मुकाबले के लिए प्लेइंग-11 में चार बदलाव किए। जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर, अंशुल कंबोज और ऋषभ पंत यह मैच नहीं खेले। उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, करुण नायर और ध्रुव जुरेल को प्लेइंग-11 में शामिल किया गया। चेतेश्वर पुजारा को टीम से बाहर करने के बाद अब तक भारत को नंबर तीन पर कोई स्थाई खिलाड़ी नहीं मिल पाया है। इस दौरान टीम इंडिया ने कई खिलाड़ियों को आजमाया है, लेकिन बस नाकामी हाथ लगी है। सुदर्शन को पहले टेस्ट में तीसरे नंबर पर आजमाया गया, फिर करुण नायर को भी आजमाया गया, लेकिन दोनों तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए कुछ खास नहीं कर सके हैं। ऐसे में, नंबर तीन पर एक मजबूत बल्लेबाज की खोज जारी है। सुदर्शन को पहले टेस्ट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी का का मौका मिला। हालांकि, उस टेस्ट में हार के बाद उन्हें अगले टेस्ट से बाहर कर दिया गया। हेडिंग्ले में सुदर्शन पहली पारी में खाता नहीं खोल सके थे, जबकि दूसरी पारी में 30 रन बनाए थे। इसके बाद करुण को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी का मौका मिला। करुण ने एजबेस्टन में 31 और 26 रन की पारी और लाड्र्स में 40 और 14 रन की पारी खेली। इसके बाद मैनचेस्टर टेस्ट के लिए करुण को भी ड्राप किया गया और वापस से सुदर्शन पर भरोसा जताया गया। सुदर्शन पहली पारी में जरूर 61 रन बनाए, लेकिन फिर उनके बल्ले से रन ही नहीं निकले। मैनचेस्टर टेस्ट की दूसरी पारी में वह खाता भी नहीं खोल सके। फिर ओवल में पहली पारी में सुदर्शन 38 रन और दूसरी पारी में 11 रन बना सके। इस तरह नंबर तीन पर सुदर्शन की पहली अंतर्राष्ट्रीय सीरीज का अंत तीन टेस्ट की छह पारियों में 140 रन के साथ हुआ। इस दौरान उनका औसत 23.3 का रहा। वहीं, करुण ने नंबर तीन पर चार पारियों में 111 रन के साथ किया। जब विराट कोहली टेस्ट टीम का हिस्सा थे तो गिल को नंबर तीन स्थान दिया गया था। कोहली के संन्यास लेने पर नंबर चार पर कोहली के स्थान पर गिल को शिफ्ट किया गया और उन्होंने इतिहास रच दिया। वहीं, रहाणे के नंबर पांच पर पंत पिछले कुछ समय से काफी सफल रहे हैं। हालांकि, गिल के नंबर तीन से हटने के बाद से कोई स्थाई नंबर तीन नहीं मिल पाया है। पिछले 10 टेस्ट यानी ऑस्ट्रेलिया दौरे से बात करें तो भारत ने पांच खिलाड़ियों को अब तक नंबर तीन पर आजमाया है। इनमें गिल के अलावा देवदत्त पडिक्कल, केएल राहुल, साई सुदर्शन और करुण शामिल हैं। पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में खिलाने के बाद अगले टेस्ट में ड्राप कर दिया गया। वहीं, गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे और तीसरे टेस्ट में नंबर तीन पर खेले, लेकिन चौथे टेस्ट में उन्हें बाहर कर दिया गया।

## रूट के साथ जुबानी जंग पर प्रसिद्ध: यह योजना का हिस्सा था

**लंदन, वार्ता।** तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को इस बात का अंदाजा नहीं था कि उनके शब्द जो रूट की लय बिगाड़ देंगे और रूट को पवेलियन की राह दिखाने की यह एक बड़ी वजह बनेंगे जिसके चलते भारत ओवल टेस्ट में ड्राइविंग सीट पर पहुंच जाएगा।

रूट जब बल्लेबाजी के लिए आए थे तब इंग्लैंड 129 के स्कोर पर दो विकेट के नुकसान के साथ अच्छी स्थिति में था। दोपहर में धूप से भरे मौसम के बाद बादल छाने लगे और प्रसिद्ध ने आकाश दीप और मोहम्मद सिराज के साथ मिलकर इंग्लैंड की पारी की रफ्तार को धीमा करना शुरू किया। रूट ने पहली गेंद का जब सामना किया तब प्रसिद्ध की गुड लेंथ पर पड़ी गेंद उछाल के साथ उनके दस्ताने पर जा लगी। दो गेंद बाद, एक वोबल सीम गेंद पर वह प्रसिद्ध के खिलाफ डिफेंस पर बीट हुए और संभवत: तभी प्रसिद्ध ने रूट से यह शब्द कहे थे। इसकी ठीक अगली गेंद पर रूट ने स्क्वायर ड्राइव पर चौका जड़ते हुए प्रसिद्ध को भी कुछ शब्द कहे और अंपायर कुमार धर्मसेना को बीच-बचाव करना पड़ा और उन्होंने प्रसिद्ध से बात की। धर्मसेना जब प्रसिद्ध से बात कर रहे थे तब के एल राहुल और शुभमन गिल भी वहां पहुंच गए और यह चर्चा दो मिनट से अधिक देर तक चली। अगले कुछ ओवरों तक धर्मसेना ने प्रसिद्ध पर नजरें जमाई रखीं और इस दौरान अन्य भारतीय खिलाड़ी रूट के साथ उलझते रहे। प्रसिद्ध ने माना कि रूट के इस तरह घबरा जाने से वह हैरान थे। उन्होंने बीबीसी के टेस्ट मैच स्पेशल को कहा मुझे नहीं पता कि रूटी ने ऐसा क्यों किया। मैंने बस इतना कहा कि आप बहुत अच्छे फॉर्म में दिख रहे हो' और फिर बात गाली-गलौज वगैरह में बदल गई। प्रसिद्ध ने स्वीकार किया कि रूट को बहस में उलझाकर उनका ध्यान भटकाने की योजना ओवल टेस्ट से पहले मेहमान टीम ने बनाई थी। उन्होंने मीडिया ब्रीलफग में कहा कि यही योजना थी, लेकिन मुझे उम्मीद नहीं थी कि मेरे कुछ शब्दों पर उनकी इतनी तीखी प्रतिक्रिया होगी। प्रसिद्ध ने कहा कि उन्हें 'आक्रामक' होने में मज़ा आता है और यह सिर्फ 'प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त' लेने के चलते रूट और उनके बीच 'मज़ाक' हुआ। जब मैं गेंदबाजी कर रहा होता हूं, जब मैं अपने खेल का आनंद ले रहा होता हूं, तो मैं ऐसा ही होता हूं। अगर इसका मतलब है कि मैं बल्लेबाज से थोड़ी-बहुत बात. चीत कर पाता हूं और जब मैं बल्लेबाज को परेशान कर पाता हूं और उनसे प्रतिक्रिया प्राप्त कर पाता हूं, तो इससे मुझे मदद मिलती है। लेकिन मुझे वह एक इंसान के रूप में पसंद हैं। वह खेल के दिग्गज हैं और मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा होता है जब दो लोग किसी खास पल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और विजेता बनने की चाहत रखते हैं। इंग्लैंड के सहायक कोच मार्कस ट्रेसकॉथिक, रूट को परेशान करने की भारत की योजना को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेना चाहते थे। रूट इस सीरीज में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं। ट्रेसकॉथिक ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा कि मुझे लगता है कि उन्होंने कोई टिप्पणी की है, है ना? जाहिर है कि उन्होंने (प्रसिद्ध) रूट पर दबाव बनाने और उन्हें थोड़ा उत्तेजित करने की कोशिश की। हो सकता है कि उन्होंने पिछले कुछ मैचों में उन्हें इतना अच्छा खेलते देखा हो कि भारत ने एक अलग तरीका अपनाया, और जो ने जवाब दिया, जैसा कि वह कभी-कभी करते हैं। आम तौर पर, वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो बस हंसते-खिलखिलाते रहते हैं और चीजों को होने देते हैं।

## मोहम्मद शमी ईस्ट जोन के दल में शामिल, इशान किशन करेंगे कप्तानी

**● 15 सदस्यीय दल में आकाशु दीप, मुकेश कुमार, रियान पराग, व अभिमन्यु जैसे खिलाड़ी शामिल है**



**कोलकाता, वार्ता।** भारत और बंगाल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एक बार फिर मैदान में वापसी करने वाले हैं। शमी को ईस्ट जोन के दल में दलीप ट्रॉफी 2025-26 के लिए शामिल किया गया है। इशान किशन सितारों से भरे हुए इस दल की कप्तानी करेंगे। 15 सदस्यीय दल में आकाश दीप, मुकेश कुमार और रियान पराग-अभिमन्यु ईश्वरन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। ईश्वरन को इस दल का उप-कप्तान बनाया गया है। 34 वर्षीय शमी आखिरी बार आईपीएल 2025 में खेले थे, जहां उन्होंने अपनी नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए नौ पारियों में छह विकेट लिए थे। उनका पिछला लाल गेंद का मैच नवंबर 2024 में बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में था। एसआरएच में शमी के साथी किशन, फिलहाल काउंटी चैंपियनशिप में नॉटिंघमशायर के लिए दो अर्द्धशतक लगाकर वापसी कर रहे हैं। इस दल में पिछले सीजन में बंगाल के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सुदीप चटर्जी के लिए कोई जगह नहीं है, जबकि उनके बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सुदीप कुमार घरामी स्टैंडबाय में हैं। झारखंड के दोनों सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज विराट सिंह और शरणदीप सिंह ईस्ट जोन की टीम का हिस्सा हैं, और बाएं हाथ के स्पिनर मनीषी भी इस दल में शामिल हैं, जिन्होंने सात मैचों में 22 विकेट लिए हैं। जिसमें तमिलनाडु के खिलाफ पिछले दौर के मैच में 49 रन देकर 4 विकेट शामिल हैं। 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी, जिन्होंने भारत के अंडर-19 इंग्लैंड दौरे पर युवा वनडे मैचों में सबसे तेज शतक लगाया था और दो अनौपचारिक टेस्ट मैच खेले थे, वह भी छह स्टैंडबाय खिलाड़ियों में शामिल हैं। छह टीमों वाली दलीप ट्रॉफी क्षेत्रीय प्रारूप में खेली जाएगी, जिसमें राष्ट्रीय चयनकर्ता नहीं, बल्कि

## जियोस्टार करेगा डीपीएल सीजन-2 के सभी मैचों का सीधा प्रसारण

**नई दिल्ली, वार्ता।** जियोस्टार दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सीजन के सभी मैचों का सीधा प्रसारण करेगा। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सीजन के लिए जियोस्टार के साथ तीन साल के ऐतिहासिक प्रसारण समझौते की घोषणा की है। इस समझौते के तहत डीपीएल के सभी मैचों का स्टार स्पोर्ट्स 2 लहदी पर और जियो हॉटस्टार पर सीधा प्रसारण किया जायेगा। डीपीएल का दूसरा सत्र आज से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज़ और गत विजेता ईस्ट दिल्ली राइडर्स के बीच मैच के साथ शुरू होगा। दिल्ली प्रीमियर लीग सीजन 2

## वार्नर ने इंग्लैंड के रूट पर एशेज को लेकर कटाक्ष किया

**● इंग्लैंड नवम्बर के अंत में एशेज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा, जब वे 10 साल में पहली बार एशेज जीतने की कोशिश करेंगे**

**लंदन, वार्ता।** डेविड वार्नर ने कहा कि अगर इंग्लैंड को इस सर्दी में ऑस्ट्रेलिया में सफल होना है, तो जो रूट को 'अपने अगले पैर से सर्फबोर्ड हटाना होगा'। 38 वर्षीय वार्नर, द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट के साथ खेलने के लिए इंग्लैंड में हैं और हालांकि वह एक महीने के लिए लॉड्र्स को अपना घर कहने के लिए उत्सुक हैं, लेकिन वह अपने पूर्व एशेज प्रतिद्वंद्वियों पर एक हल्का-फुल्का कटाक्ष करने से खुद को नहीं रोक पाए।

इंग्लैंड नवंबर के अंत में एशेज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा, जब वे 10 साल में पहली बार एशेज श्रृंखला जीतने की को.शिश करेंगे। वार्नर ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा कि 'इसमें सबसे बड़ा एंकर रूटी (इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट) हैं, जिन्होंने अभी तक ऑस्ट्रेलिया में शतक नहीं बनाया है। रूट के अक्सर एलबीडब्ल्यू आउट होने की धारणा के संदर्भ में, वार्नर ने कहा कि जोश हेजलवुड का नंबर अक्सर उनके सामने होता है। उन्हें अपने अगले पैर से सर्फबोर्ड हटाना होगा। पिछले साल अंत.रराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले वार्नर मंगलवार को ओवल इनविंसिबल्स के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में अपना शतक लगाने के लिए तैयार हैं। वह 14 अगस्त को लॉड्र्स में रूट की ट्रेंट रॉकेट्स से भिड़ सकते हैं। रूट दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज़ हैं और इंग्लैंड की एशेज जीतने की उम्मीदों के लिए अहम हैं, लेकिन उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में कभी शतक नहीं बनाया है। ऑस्ट्रेलियाई तेज गें.दबाज हेजलवुड ने उन्हें 18 टेस्ट मैचों में 10 बार आउट किया है - ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कलमस और भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह द्वारा उन्हें 11 बार आउट किए जाने से एक कम। वार्नर ने कहा कि 'सब कुछ गेंदबाज़ों पर निर्भर करता है। अगर इंग्लिश गें.दबाज ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर सकते हैं तो वे मुकाबले में आ जाएंगे। वार्नर को इस साल द हंड्रेड में अपने एक अन्य पूर्व एशेज प्रतिद्वंद्वी अनुभवी गेंदबाज जेम्स एंडरसन का भी सामना करना पड़ सकता है।

## ओवल टेस्ट: दूसरी पारी में भारत 300 पार

**● इंग्लैंड पर मिली बढ़त, 281 रन, जडेजा-जुरेल पिच पर, जायसवाल ने टेस्ट करियर का छठा शतक लगाया**



**द ओवल, वार्ता।** भारत ने द ओवल टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड पर 281 रन की बढ़त हासिल कर ली है। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट खोकर 305 रन बना लिए हैं। रवींद्र जडेजा और ध्रुव जुरेल पिच पर हैं। ओपनर यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। जायसवाल ने टेस्ट करियर का छठा शतक पूरा कर लिया हैं। उन्हें जोश टंग ने जैमी ओवर्टन के हाथों कैच कराया। कप्तान शुभमन गिल 11 और नाइट वाचमैन 66 रन बनाकर आउट हुए। गस एटकिंसन ने 3, जोश टंग ने 2 और जैमी ओवर्टन ने 1 विकेट लिया। टीम इंडिया ने आज 75/2 के स्कोर से खेलना शुरू किया। एक दिन पहले इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम को भारत की पहली पारी के आधार पर 23 रन की बढ़त मिली। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। आकाश दीप 2011 के बाद पहले भारतीय नाइट वाचमैन बने हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल मैदान पर 50 से ज्यादा रन बनाए। अमित मिश्रा ने 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ 84 रन बनाए थे। आकाश दीप नाइट वाचमैन के रूप में नंबर-4 पर बैटिंग करने उतरे और फिफ्टी लगा दी। ओवल टेस्ट के तीसरा दिन का दूसरा सेशन मिलाजुला रहा है। टीम इंडिया ने इस सेशन में 115 रन बनाए, जबकि इंग्लैंड ने 3 विकेट हासिल किए। टी-ब्रेक पर भारत का स्कोर 304/6 है। रवींद्र जडेजा और ध्रुव जुरेल की जोड़ी नाबाद है। यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। 67वें ओवर की आखिरी बाल पर रवींद्र जडेजा को लेकर पगबाधा आउट होने से बच गए। जोश टंग की यार्कर उनके पैर के जूते पर लगी। उन्हें फील्ड अंपायर आउट भी दे दिया। ऐसे में जडेजा ने क्ते की मांग की। वीडियो देखने के बाद थर्ड अंपायर ने फैसला बदला। 65वें ओवर में भारतीय टीम ने छठा विकेट गंवाया। यहां ओपनर यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोश टंग ने जिमी ओवर्टन के हाथों कैच कराया। 58वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 250 रन का आंकड़ा पार कर लिया। जिमी ओवर्टन के ओवर की चौथी बाल पर बेन डकेट से यशस्वी जायसवाल का कैच ड्रॉप हुआ। इतना ही नहीं, बाल बाउंड्री लाइन के बाहर चली गई। इन 4 रनों के सहारे टीम ने 250 रन का आंकड़ा हासिल किया। 55वें ओवर में भारतीय टीम ने 5वां विकेट गंवाया। यहां करुण नायर 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें गस एटकिंसन ने विकेटकीपर जैमी स्मिथ के हाथों कैच कराया। नायर पिछले ओवर में मिले जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके। 54वें ओवर में हैरी ब्रूक से कैच ड्राप हुआ। तब वे 12 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। ओवल टेस्ट के तीसरे दिन का पहला सेशन भारतीय टीम के नाम रहा। टीम इंडिया ने 26 ओवर के इस सेशन में एक विकेट खोकर 114 रन बनाए। आकाश दीप 66 रन बनाकर आउट हुए। यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल नाबाद लौटे हैं।

# अमेरिका ने सात महीने में 1700 भारतीय निकाले

## इनमें 1562 पुरुष और 141 महिलाएं, विदेश राज्य मंत्री बोले: बीते 5 साल में 5541 डिपोर्ट किए



■ कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में लिखित उत्तर में ये जानकारी दी
■ अमेरिका और अन्य देशों से डिपोर्ट किए जा रहे भारतीयों के साथ मानवीय व्यवहार हो इसके लिए भारत लगातार उनसे संपर्क में है

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने साल 2025 में शुरुआती 7 महीने में अबतक 1703 भारतीय नागरिकों को भारत डिपार्ट किया है। इनमें 1562 पुरुष और 141 महिलाएं शामिल हैं। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में लिखित उत्तर में ये जानकारी दी।

उनका जवाब डीएमके सांसद कनिमोझी ने विदेश मंत्रालय के सवाल पर आया, जिसमें पूछा गया था-क्या सरकार जनवरी 2025 से अमे. रिका से डिपोर्ट किए भारतीय नागरिकों का डेटा रखती है? सिंह ने कहा: बीत 5 साल (2020 से 2024) के बीच अमेरिका से कुल 5541 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया। इसी अवधि में ब्रिटेन से 311 भारतीयों को वापस भेजा गया है। यहां से 2025 में अबतक 131 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि डिपोर्ट की वास्तविक संख्या में अंतर आ सकता है, क्योंकि कुछ मामलों में भारतीय नागरिकों के पास वैध यात्रा दस्तावेज होते हैं, फिर भी ब्रिटेन सरकार उन्हें सीधे डिपोर्ट कर देती है। इसके अलावा अवैध भारतीय प्रवासियों को जारी किए गए आपातकालीन यात्रा दस्तावेज (ईटीडी) का पूरा उपयोग नहीं हो पाता, क्योंकि वे कोर्ट में अपील करके अपने डिपोर्टेशन को टाल सकते हैं। मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा: अमेरिका और अन्य देशों से डिपोर्ट किए जा रहे भारतीयों के साथ मानवीय व्यवहार हो इसके लिए भारत लगातार उनसे संपर्क में है। 5 फरवरी 2025 के बाद अब तक किसी डिपोर्ट फ्लाइट में यात्रियों के साथ अमानवीय व्यवहार की कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा: अमेरिका में हथकड़ी पहनाए जाने, साथ ही महिलाओं-बच्चों के साथ व्यवहार को लेकर भारत सरकार ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। इसके अलावा धार्मिक-सांस्कृतिक संवेदनाओं जैसे पगड़ी पहनने और खानपान की प्राथमिकताओं को लेकर भी औपचारिक तौर पर अमेरिकी प्रशासन से बात की गई है।

# अमेरिका के मोंटाना में गोलीबारी, चार मरे

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में मोंटाना राज्य के एनाकोंडा में शुक्रवार को एक बार में हुई गोल. ीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। एनबीसी मोंटाना की रिपोर्ट के अनुसार गोलीबारी कल सुबह दक्षिण-पश्चिमी मोंटाना के एनाकोंडा शहर के द आउल बार में हुई। एनाकोंडा-डियर लॉज काउंटी कानून प्रवर्तन केंद्र द्वारा एक फेसबुक पोस्ट के अनुसार संदिग्ध की पहचान माइकल पॉल ब्राउन के रूप में हुई है। पोस्ट में कहा गया है, 'जानकारी के लिए बता दें कि गोलीबारी करने वाला संदिग्ध हथियारबंद और खतरनाक हो सकता है। अधिकारियों ने फेसबुक पर संदिग्ध की एक तस्वीर पोस्ट की और लोगों को स्टंपटाउन क्षेत्र और आसपास के इलाकों से दूर रहने की सलाह दी।



मिर्जापुर। गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद आबादी में पहुंचे पानी से गुजरते राहगीर।

# कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति उरीबे को 12 साल की नजरबंदी की सजा

**बोगोटा।** कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे (73) को प्रक्रियात्मक धोखाधड़ी और गवाहों को रिश्वत देने का दोषी पाए जाने के बाद 12 साल की नज़रबंदी की सजा सुनाई गई है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार बचाव पक्ष के वकील ने पहले घोषणा की थी कि वे अपील दायर करेंगे। पूर्व राष्ट्रपति ने खुद को निर्दोष बताया था। बोगोटा के 44वें आपराधिक न्यायालय की न्यायाधीश सैंड्रा हेरेडिया ने पूर्व राष्ट्रपति को इन अपराधों का दोषी पाए जाने के चार दिन बाद शुक्रवार को सज़ा की घोषणा की।

## संक्षिप्त समाचार

### अभी भी महसूस किए जा रहे रूस में भूंकप के झटके

**मॉस्को।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप में 30 जुलाई को आए भीषण भूकंप के बाद पिछले 24 घंटों के दौरान क्षेत्र में भूकंप के 140 से अधिक झटके महसूस किए गए हैं। आपात स्थिति से संबधित मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कहा ष्क्षेत्र में पिछले 24 घंटों के दौरान 3.2 से 6.2 तीव्रता वाले 146 झटके महसूस किए गए। आबादी वाले क्षेत्रों में 2 से 5 तीव्रता वाले 20 से अधिक झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने बताया कि बेज़ीमियानी, शिवेलुच, क्लुचेवस्कॉय और कारिस्की ज्वालामुखी सक्रिय हो गए हैं।

### कुरील द्वीप समूह में भूकंप के झटके

**न्यूयॉर्क।** कुरील द्वीप समूह के पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। जीएफजेड जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र ने बताया कि शुक्रवार को अंत. रराष्ट्रीय समय 18:20 बजे पर कुरील द्वीप समूह के पूर्व में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र 50.21 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 159.09 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 10.0 किमी की गहराई पर निर्धारित था।

### जापान में लगातार तीसरे साल जुलाई रहा सबसे गर्म महीना

**टोक्यो।** जापान में लगातार तीसरे साल जुलाई का महीना सबसे गर्म रहा जहां तापमान सामान्य से 2.89 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने शुक्रवार को बताया कि देशभर में जुलाई महीने का औसत तापमान 1898 में शुरू हुए तुलनात्मक रिकॉर्ड के बाद से सबसे अधिक रहा जिसने 2024 में स्थापित पिछले रिकॉर्ड को 2. 16 डिग्री सेल्सियस से तोड़ दिया। मौसम अधिकारियों के मुताबिक इस साल सामान्य तापमान का अधिक होने का रिकार्ड पिछले आंकड़ों से कहीं जयादा है।

# सुना है भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा: ट्रम्प

## कहा: उन्हें इन खबरों के सही होने की जानकारी नहीं है, पर अगर ऐसा होता है, तो ये अच्छी बात होगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि भारत ज्यादा दिन तक रूस से तेल नहीं खरीदेगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें इन खबरों के सही होने की जानकारी नहीं है, लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह अच्छी बात होगी। आगे देखते हैं कि क्या होता है। इससे पहले रायटर्स की रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने अमेरिकी दबाव और कीमत बढ़ने की वजह से रूस से तेल खरीदना लगभग बंद कर दिया है।

इसके बाद शुक्रवार शाम भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हालांकि, इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इस दावे में कितनी सच्चाई है। वहीं, रायटर्स के दावों को खारिज करते हुए एएनआई ने कहा कि भारतीय कंपनियां अभी भी रूस से तेल खरीद रही है। रायटर्स ने 30 जुलाई को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि भारतीय तेल कंपनियां जैसे इंडियन आयल कार्पोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम ने रूस से तेल की खरीदी को रोक दी है, क्योंकि छूट कम हो रही है और शिपिंग में दिक्कतें आ रही हैं। इसमे यह भी कहा गया था कि, पिछले एक सप्ताह में रूस से कच्चे तेल की मांग नहीं की गई है। भारतीय रिफाइनरियां रूसी कच्चा तेल कम खरीद रही हैं, क्योंकि वहां से मिलने वाली छूट 2022 के बाद से सबसे कम हो गई है। अब रिफाइनरियों को डर है कि रूस पर लगे नए प्रतिबंधों से विदेशी व्यापार में मुश्किलें आ सकती है। यूरोपीय यूनियन ने 18 जुलाई को रूस पर नए प्रतिबंध लगाए थे। जिसमें रूसी तेल और ऊर्जा उद्योग को और अधिक नुकसान पहुंचाने के उपाय भी शामिल हैं। इस बीच एएनआई की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि भारतीय कंपनियां अभी भी रूस से तेल खरीद रही है। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने सूत्रों को बताया कि तेल की खरीद का फैसला पूरी तरह आर्थिक वजहों पर आधारित होता है, जैसे कि तेल की कीमत, उसकी किस्म, मौजूदा भंडार, लाजिस्टिक सुविधा और दूसरी व्यावसायिक जरूरतें। अधिकारियों ने कहा कि रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादक और निर्यातक है। वह हर दिन करीब 9.5 मिलियन बैरल तेल निकालता है, जो दुनिया की कुल मांग का करीब 10 प्रतिशत है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है और अपनी जरूरत का करीब 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में भारत ने अंतर्राष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए ऊर्जा के अपने स्रोतों को रणनीतिक रूप से तय किया है ताकि सस्ती और भरोसेमंद आपूर्ति बनी रहे। भारतीय सूत्रों ने बताया कि रूस से तेल खरीदने पर कोई अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध नहीं है। हां, जी-7 देशों और यूरोपीय यूनियन ने इसकी कीमत पर एक सीमा जरूर तय की है, ताकि रूस को बहुत ज्यादा कमाई न हो और दुनिया को तेल की सप्लाई भी बनी रहे। भारत ने हमेशा इस नियम का पालन किया है और जो भी तेल खरीदा है, वो अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अंदर रहकर ही खरीदा है। सूत्रों ने यह भी कहा कि जब ओपीईसी+ देशों ने तेल का उत्पादन बहुत कम कर दिया था, उस समय अगर भारत ने रूस से सस्ता तेल नहीं खरीदा होता, तो दुनिया में तेल की कीमतें और ज्यादा बढ़ जातीं। इससे महंगाई भी और बढ़ती।



■ यूरोपीय यूनियन ने 18 जुलाई को रूस पर नए प्रतिबंध लगाए थे
■ भारत ने हमेशा इस नियम का पालन किया है और जो भी तेल खरीदा है, वो अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अंदर रहकर ही खरीदा है

### रूसी ऑयल खरीदना बंद करने में अमेरिकी दबाव नहीं: भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने उन खबरों को खारिज किया है, जिनमें दावा किया गया था कि भारत ने अमे. रिकी दबाव में रूस से आयल खरीदना बंद कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा: बाजार में जो चीज मौजूद हैं और दुनिया में जो हालात हैं, भारत उसी हिसाब से फैसले लेता है। दरअसल कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ने हाल ही में दावा किया था कि भारत की सरक. ारी आयल रिफाइनरियों ने पिछले हफ्ते रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत को मास्को से तेल नहीं खरीदने की चेता. वनी दी है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि भारत एक दिन पाकिस्तान से तेल खरीद सकता है। रणधीर जायसवाल ने इस बयान पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

# 2000 ईरानी मौलवियों ने की ट्रम्प की हत्या की मांग

**तेहरान।** ईरान में 2000 से ज्यादा मौलवियों ने खुलकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की मांग की है। इन मौलवियों ने कहा है कि ट्रम्प का खून हलाल है यानी कोई भी उन्हें खत्म कर दे तो गुनाह नहीं है। मौलवियों ने कहा है कि जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या का बदला लेना हर मुसलमान का फर्ज है। ये बयान 1 अगस्त यानी शुक्रवार को ईरान के सबसे बड़े धार्मिक शिक्षा केंद्र कुम सेमिनरी की तरफ से जारी किया गया।

इसमें कहा गया कि अब सब्र का दौर समाप्त हो गया है। ट्रम्प का खून और उसकी संपत्ति अब हलाल है। सुलेमानी की शहादत का बदला लेना हर मुसलमान का फर्ज है। ये खूनी अपराधी अब नहीं बचेगा। दुनिया चुप नहीं बैठेगी। बदला जरूर लिया जाएगा। जनरल कासिम सुलेमानी, ईरान के एक ताकतवर सैन्य अधिकारी थे जिन्हें 2020 में बगदाद में अमे. रिकी ड्रोन हमले में मार दिया गया था। जनरल कासिम इराक और सीरिया में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ लड़ने के लिए चर्चित थे। ईरान मौलवियों के इस बयान के पीछे इजरायली डिफेंस मिनिस्टर इसरायल काट्ज का एक इंटरव्यू है। इसमें उन्होंने कहा था कि अगर खामेनेई हमारे निशाने पर होते, तो हम उन्हें भी खत्म कर देते। मौका नहीं मिला, वरना काम कर देते। उन्होंने ये भी कहा कि इसके लिए इजरायल को अमेरिका की इजाजत की जरूरत नहीं थी। इजरायली मंत्री के इसी बयान ने ईरानी मौलवियों ने भी प्रतिक्रिया दी। धर्मगुरु अयातुल्ला नासिर मकारेम शिरा. जी ने जवाब में कहा कि जो भी इस्लामिक लीडर्स को धमकी देता है या उन पर हमला करता है, वो खुदा का दुश्मन है। बयान पर छोटे छात्रों से लेकर बड़े-बड़े मौलवियों के साइन हैं।



■ बोले: ट्रम्प का खून करना हलाल, सुलेमानी की मौत का बदला लेना हर मुसलमान का फर्ज

# उत्तरी वियतनाम में बाढ़, आठ लोगों की मौत, तीन लापता

■ बाढ़ के कारण यातायात बाधित होने से तीस गांवों का अन्य इलाकों से संपर्क टूटा

**हनोई।** वियतनाम के उत्तरी प्रांत डिएन बिएन में हाल के दिनों में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के बाद आठ लोगों की मौत हो गई है और अन्य तीन लापता हैं। वियतनाम समाचार एजेंसी ने शनिवार को यह जानक. ारी दी। वियतनाम आपदा एवं डाइक प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार शनिवार सुबह 06 बजे तक लगभग 60 घर बाढ़ के पानी में बह गए या क्षतिग्रस्त हो गए।

बाढ़ के कारण यातायात बाधित होने के से तीस गांवों को अन्य इलाकों से संपर्क टूट गया। लापता लोगों की तलाश के लिए पुलिस, सैन्य बल, स्थानीय मिलिशिया और विभिन्न जन संगठनों के सदस्यों सहित लगभग 700 कर्मियों को तैनात किया गया है। जा डुंग कम्यून के एक क्षेत्रीय दौरे के दौरान आज सुबह वियतनामी उप प्रधानमंत्री ट्रान होंग हा ने स्थानीय अधिकारियों से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्रवाई करें कि कोई भी आपदा से पीड़ित व्यक्ति भूखा न रहे, लंबे समय तक संपर्क से दूर न रहे, या सूचना तक उसकी पहुंच न हो। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि बचावकर्मियों और बाढ़ प्रभावित निवासियों, दोनों की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# चीन ने आंधी-तूफान व उच्च तापमान के लिए किया अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन ने शनिवार को मौसम संबंधी अलर्ट जारी करते हुए कई क्षेत्रों में आंधी-तूफान और उच्च तापमान की चेतावनी दी। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने आंधी-तूफान के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और शनिवार से रविवार तक भीतरी मंगोलिया, हेइलोंगजियांग, जिलिन, लियाओ. निंग, शांक्सी, हेबेई, बीजिंग, तियानजिन, जिआंगसू, शंघाई, झेजियांग, अनहुई, जियांग्शी, फुज़ियान, ग्वांगडोंग, गुआंग्शी, युन्नान और ताइवान द्वीप के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान जताया है। एनएमसी के अनुसार इनमें से कुछ क्षेत्रों में प्रति घंटे 70 मिलीमीटर से अधिक वर्षा हो सकती है जिसके साथ आंधी-तूफान भी आ सकते हैं।

# रूस के पास दो एटमी पनडुब्बियां तैनात करेगा अमेरिका

## रूस के पूर्व राष्ट्रपति मेदवेदेव की धमकी पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: नतीजे भुगतने होंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के साथ बढ़ते तनाव के बीच रूस के नजदीक दो न्यूक्लियर पनडुब्बियां तैनात करने का आदेश दिए। साथ ही गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी।

हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि पनडुब्बियां कहां तैनात की जाएंगी। ट्रम्प ने अपने इस कदम के पीछे रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव की भड़काऊ बयानबाजी को जिम्मेदार बताया। साथ ही ट्रम्प ने मेदवेदेव के परमाणु हमले की धमकी पर कहा कि अमेरिका रूस के परमाणु खतरों का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। दरअसल मेदवेदेव ने एक्स पर कहा था-हम इजरायल या ईरान नहीं हैं। ट्रम्प की ओर से दिया गया हर नया अल्टीमेटम युद्ध की धमकी माना जाएगा। उन्होंने ट्रम्प को याद दिलाते हुए कहा था कि रूस के पास सोवियत संघ के समय से परमाणु हमले डेड हैंड की क्षमता है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि रूस के पूर्व राष्ट्रपति और सिक्योरिटी काउंसिल के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव की भड़काऊ बयानबाजी की वजह से मैंने रूस के नजदीक दो न्यूक्लियर पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दिया है, ताकि भड़काऊ बयान सिर्फ बयानबाजी तक सीमित रहे। शब्द बहुत कीमती होते हैं और कई बार अनजाने में गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि यह ऐसा मामला नहीं होगा। ट्रम्प ने बताया डेड इकोनामी तो रूस ने डेड हैंड की याद दिलाई ट्रम्प ने 30 जुलाई को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भारत और रूस को डेड इकोनामी बताया था। उन्होंने कहा था-भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। इसके जवाब में रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति घबरा गए हैं। मेदवेदेव ने टेलीग्राम पर लिखा था कि ट्रम्प को डेड हैंड की खतरनाक ताकत याद रखनी चाहिए, भले ही यह अब मौजूद नहीं है। अगर रूस के पूर्व राष्ट्रपति के कुछ शब्दों से अमेरिका के शक्तिशाली राष्ट्रपति इतना घबरा जाते हैं तो रूस का रास्ता बिल्कुल सही है। हम अपने रास्ते पर आगे बढ़ते रहेंगे। सोवियत यूनियन ने 1980 के दशक में एक आटोमैटिक परमाणु रिटैलिएशन सिस्टम बनाया था, जिसे डेड हैंड कहते हैं।



■ ट्रम्प की ओर से दिया गया हर नया अल्टीमेटम युद्ध की धमकी माना जाएगा

# अली लारीजानी बन सकते हैं ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार अली लारीजानी जल्द ही सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव बन सकते हैं। सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। लारीजानी आने वाले दिनों में एसएनएससी के प्रमुख के रूप में अली अकबर अहमदियन की जगह ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि एसएनएससी में संरचनात्मक परिवर्तन पूरे हो जाने के बाद ईरान में एक नई रक्षा परिषद की स्थापना की जाएगी, जिसकी संरचना निकट भविष्य में होने की उम्मीद है। ईरान की नई रक्षा परिषद स्थापित करने की योजना उसके खिलाफ इजरायल के सैन्य अभियान की शुरुआत के ठीक एक महीने बाद सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि नई परिषद को ईरान की रक्षा नीतियों से संबंधित रणनीतिक मिशनों को अंजाम देने का काम सौंपा जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार यह निर्णय देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में 'संरचनात्मक परिवर्तनों' को अंतिम रूप देने के लिए लिया गया है। एसएनएससी से संबद्ध ईरान के नूर न्यूज़ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि आवश्यक आधार तैयार करने और संरचनात्मक सुधार करने के बाद, (ईरान के) कुछ उच्च-स्तरीय सुरक्षा संस्थानों के स्तर पर आसन्न परिवर्तनों के कार्यान्वयन की संभावना बढ़ गई है।

# भारत ट्रम्प से ट्रेड डील करने में फेल: यूनुस

## बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार ने कहा: हमने 17 प्रतिशत टैरिफ कम कराया

**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने में भारत फेल हुआ है। उन्होंने कहा कि समझौता न होने की वजह से भारत को अब 25 प्रतिशत टैरिफ देना पड़ेगा, जो बांग्लादेश के मुकाबले ज्यादा है। अमेरिका ने बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है।

इससे पहले अप्रैल में अमेरिका ने बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। यानी कि बांग्लादेश 4 महीने में अमेरिका से 17 प्रतिशत टैरिफ कम कराने में कामयाब रहा। यूनुस ने इसका श्रेय अपने टैरिफ को लेकर अमेरिका से बातचीत करने वाले अधिकारियों को दिया। उन्होंने इसे कूटनीतिक जीत बताया और कहा कि इससे बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री को मजबूती मिलेगी। यूनुस ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा: बांग्लादेश को मिली टैरिफ दर उसके कपड़ा इंडस्ट्री के प्रतिस्पर्धियों जैसे श्रीलंका, वियतनाम, पाकिस्तान और इंडोनेशिया के बराबर है, जिन्हें 19 प्रतिशत से 20 प्रतिशत के बीच टैरिफ दर मिली थी। यूनुस ने कहा एक समान टैरिफ के कारण बांग्लादेश के कपड़ा इंडस्ट्री पर कोई असर नही पड़ेगा। वहीं, बांग्लादेश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और प्रमुख वार्ताकार डा. खलीलुर रहमान ने कहा कि हम ज्यादा टैरिफ देने से सफलतापूर्वक बच गए हैं। यह हमारे कपड़ा इंडस्ट्री और उस पर निर्भर लाखों लोगों के लिए अच्छी खबर है। हमने अपनी वैश्विक भूमिका को भी बनाए रखा है और दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता बाजार तक पहुंचने के नए अवसर खोले हैं। रहमान ने आगे कहा कि हमने अपने देश के हितों को ध्यान में रख कर अमे. रिकी अधिकारियों से बातचीत की। ये हमारी प्राथमिकता थी। बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री देश की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी रेडीमेड गारमेंट (आरएमजी) निर्यातक इंडस्ट्री है। कपड़ा इंडस्ट्री देश की जीडीपी का 11 प्रतिशत और कुल निर्यात (एक्सपोर्ट) आय में 80 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है।



■ यूनुस ने इसका श्रेय अपने टैरिफ को लेकर अमेरिका से बातचीत करने वाले अधिकारियों को दिया

# इजरायल ने यमन से दागी कई मिसाइल को रोकने का किया दावा

**यरूशलम/सना।** इजरायल ने यमन से उसके क्षेत्र की ओर दागी गई मिसाइल को रोकने का दावा किया है। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि सेना ने शुक्रवार शाम यमन से इज़रायली क्षेत्र की ओर दागी गई एक मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया।

इज़रायल की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा मैगन डेविड एडोम ने एक बयान में कहा कि किसी के हताहत होने या किसी के मारे जाने की कोई खबर नहीं है। बयान में कहा गया है कि आईडीएफ ने मिसाइल दागे जाने के तुरंत बाद एक अलर्ट जारी किया और लगभग पांच मिनट बाद पश्चिमी यरूशलम सहित मध्य और दक्षिणी इज़रायल के क्षेत्रों में वायु रक्षा सायरन बजने लगे जिससे लोग आश्रय स्थलों की ओर भागे। मिसाइल हमले के बाद तेल अवीव के पास बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को लैंडिग और टेकऑफ़ के लिए अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया। यमन के हूती समूह ने बाद में अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा कि उसने बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाकर एक 'हाइपरसोनिक बैलिस्टिक' हमला किया और हमले ने 'अपना लक्ष्य हासिल कर लिया' जिससे हज़ारों इज़रायली 'आश्रय स्थलों की ओर भागने और हवाई यातायात रोकने' पर मजबूर हो गए।

# नेशनल अवॉर्ड पाकर अभिभूत हूं: रानी

## जवान के लिए नेशनल अवार्ड पर शाहरुख ने जताई खुशी



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान ने फिल्म जवान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई है।

शुक्रवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा की गई है। शाहरुख खान और विक्रांत मैसी को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया है। शाहरुख को उनकी फिल्म जवान और विक्रांत को 12वीं फेल के लिए अवॉर्ड मिला है। शाहरूख खान को फिल्म इंडस्ट्री में आए हुए 33 वर्ष हो गए हैं। पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर शाहरूख खान ने खुशी जताई है। शाहरूख खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में शाहरूख ने कहा, मुझे यह कहने की जरूरत नहीं कि मैं इस समय कृतज्ञता, गर्व और विनम्रता से भरा हुआ हूं। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होना मेरे लिए एक ऐसा पल है, जिसे मैं जीवनभर सराहूंगा जूरी, चेयरमैन, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और उन सभी लोगों का दिल से धन्यवाद, जिन्होंने मुझे इस सम्मान के योग्य समझा। उन्होंने कहा, मैं अपने निर्देशकों और लेखकों का भी दिल से आभार व्यक्त करना चाहता हूं, खासकर से 2023 के लिए। राजू सर (राजकुमार हिरानी), सिड (सिद्धार्थ आनंद) आपका

## 71वें नेशनल फिल्म अवाड्र्स की हुई घोषणा में रानी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉवे के लिए मिला पुरस्कार

**मुंबई।** अभिनेत्री रानी मुखर्जी पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर अभिभूत हैं। शुक्रवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉड्र्स की घोषणा की गई है। रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। रानी मुखर्जी को फिल्म इंडस्ट्री में आए हुए तीन दशक हो गए हैं। रानी मुखर्जी पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर अभिभूत है। रानी मुखर्जी ने कहा, 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे के लिए मेरे करियर का पहला राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर मैं अभिभूत हूं। 30 साल के करियर में यह मेरा पहला नेशनल अवॉर्ड है। एक कलाकार के तौर पर, मैं भाग्यशाली रही हूं कि मुझे कुछ बेहतरीन फिल्मों में काम करने का मौका मिला और मुझे उनके लिए बहुत प्यार भी मिला। मैं 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' में मेरे काम को सम्मान देने के लिए नेशनल अवॉर्ड जूरी को धन्यवाद देती हूं। मैं इस खुशी को फिल्म की पूरी टीम, मेरे प्रोड्यूसर्स निखिल आडवाणी, मोनिशा और मधु, मेरी डायरेक्टर आशिमा छिब्बर और उन सभी के साथ बांटना चाहती हूं जिन्होंने इस बेहद खास प्रोजेक्ट पर काम किया। यह फिल्म मातृत्व की ताकत का जश्न मनाती है। रानी मुखर्जी ने कहा, मेरे लिए यह पुरस्कार मेरे 30 साल के काम, अपने क्राफ्ट के प्रति मेरे समर्पण, जिसके साथ मैं एक गहरा आध्यात्मिक जुड़ाव महसूस करती हूं और सिनेमा और हमारे इस खूबसूरत फिल्म इंडस्ट्री के प्रति मेरे जुनून को भी एक पहचान देता है। मैं अपना नेशनल अवॉर्ड दुनिया की सभी अद्भुत माताओं को समर्पित करती हूं। मां के प्यार और अपने बच्चों की रक्षा करने की उनकी शक्ति जैसा कुछ भी नहीं है। मुझे लगता है कि यह सही समय है कि मैं दुनिया भर के अपने सभी प्रशंसकों का एक बार फिर शुक्रिया अदा करूं, जिन्होंने इन 30 सालों में मेरा साथ दिया है।



### शाहरुख जैसे दिग्गज के साथ अपना पहला राष्ट्रीय पुरस्कार साझा करना सौभाग्य की बात: विक्रांत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी का कहना है कि शाहरुख खान जैसे दिग्गज कलाकार के साथ पहला राष्ट्रीय पुरस्कार साझा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। शुक्रवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉड्र्स की घोषणा की गई है। शाहरुख खान और विक्रांत मैसी को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया है। शाहरुख को उनकी फिल्म जवान और विक्रांत को 12वीं फेल के लिए अवॉर्ड मिला है। विक्रांत मैसी ने शाहरुख के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई है। विक्रांत मैसी ने कहा, मैं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, एनएफडीसी और 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के सभी सम्मानित निर्णायक मंडल सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मेरे अभिनय को इस सम्मान के योग्य समझा। मैं विधु विनोद चोपड़ा जी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मुझे यह अवसर दिया। आज, यदि मैं ऐसा कहूं तो, एक 20 साल के लड़के का सपना सच हो गया है। मेरे अभिनय को सम्मान देने और इस फिल्म को इतने प्यार से सुझाने के लिए मैं दर्शकों का हमेशा आभारी रहूंगा।



## किआरा के जन्मदिन पर सिद्धार्थ ने मंगाया स्पेशल केक

**मुंबई।** एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने 31 जुलाई को अपना 34वां जन्मदिन मनाया है। इस खास मौके पर फैमिली और फैंस से मिले प्यार के लिए अब उन्होंने आभार जताया है। इसके लिए एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में उन्होंने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा, अपने पेरेंट्स और बच्ची को भी जिक्र किया है। न्यू माम कियारा ने अपने पोस्ट में स्पेशल केक की झलक भी दिखाई है। केक का डिजाइन उनके मदरहुड जर्नी को दिखा रहा है, जिसमें एक महिला गोद में बच्चे के लिए हुए है। केक पर लिखा है- श्हैप्पी बर्थडे की। वंडरफुल माम। कियारा नोट में लिखती हैं- 'मेरा सबसे खास जन्मदिन। मेरे लाइफ के प्यारे लोगों से घिरा हुआ। मेरा बेबी, मेरे पति और पेरेंट्स।। और हमारे दोनों गाने रिपीट मोड में बज रहे हैं क्योंकि हम इस शानदार साल में कदम रख रहे हैं। आप सभी के विशेज के लिए शुक्रिया। बता दें कि 15 जुलाई को कियारा और सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बच्ची के पेरेंट्स बने हैं। डिलीवरी के बाद जब एक्ट्रेस को अस्पताल से डिस्चार्ज मिला तब कपल की ओर से पैपराजी के लिए एक नोट शेयर किया गया है, जिसमें रिक्वेस्ट की गई है कि उनकी बेटी की तस्वीरें क्लिक न की जाएं। सिद्धार्थ और कियारा की ओर से शेयर किए गए नोट में लिखा था, हमारी नन्ही परी आ गई है। इस खास पल का जश्न मनाने के लिए बस कुछ मीठा। प्लीज तस्वीरें ना क्लिक करें, सिर्फ आशीर्वाद दें। कियारा और सिद्धार्थ। वहीं, एक्ट्रेस की वर्क फ्रंट की बात करें तो कियारा की फिल्म श्वार 2श 14 अगस्त को रिलीज होने वाली है। उनके बर्थडे के मौके पर फिल्म का पहला गाना आवन-जावन रिलीज़ किया गया। फिल्म कियारा के साथ ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। यह एक्शन थ्रिलर 14 अगस्त को हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज की जाएगी।

## दो अगस्त को अपने पुनर्जन्म का दिन मानते हैं अमिताभ

**मुंबई।** महानायक अमिताभ बच्चन 2 अगस्त को अपने पुनर्जन्म का दिन मानते हैं। अमिताभ बच्चन का जन्म 11 अक्टूबर को है, लेकिन वह 2 अगस्त को अपने पुनर्जन्म का दिन मानते हैं। वर्ष 1982 में अमिताभ फिल्म कुली की शूटिंग कर रहे थे। सह-अभिनेता पुनीत इस्सर के साथ एक लड़ाई के दृश्य की शूटिंग के दौरान उनके पेट मे गंभीर चोट लग गई थी। अमिताभ कई दिनों तक अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार रहे। यह चोट इतनी गहरी थी कि उनकी मल्टीपल सर्जरी हुई। अमिताभ बच्चन लगभग मौत के मुंह में जा चुके थे।

## चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान में दिखाई देंगे समर्थ्य

**मुंबई।** अभिनेता समर्थ्य गुप्ता शो चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान में पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभाते नजर आएंगे। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का भव्य ऐतिहासिक धारावाहिक चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान अब अपनी कहानी में एक महत्वपूर्ण मोड़ की ओर बढ़ रहा है। दर्शक जल्द ही बड़े पृथ्वीराज चौहान के रूप में अभिनेता समर्थ्य गुप्ता को देखेंगे, जो इस वीर राजा की भूमिका निभाने जा रहे हैं। उनके प्रवेश से शो में एक नए युग की शुरुआत होगी, जिसमें भावनात्मक गहराई और इतिहास की एक अविस्मरणीय प्रेम कहानी - पृथ्वीराज और संयोगिता - को और भी खूबसूरती से दर्शाया जाएगा। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए समर्थ्य ने कहा, जब मुझे भारत के सबसे बहादुर राजाओं में से एक, चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभाने का प्रस्ताव मिला, तो मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया। वे एक सच्चे योद्धा थे जिन्होंने अपने प्राण मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित कर दिए। यह भूमिका आसान नही है, इसके लिए मुझे शारीरिक और मान. सिक दोनों रूप से तैयारी करनी होगी।

## तारा सुतारिया और वीर एक साथ स्पॉट किए गए

**मुंबई।** वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। कहा जा रहा है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, हालांकि अब तक किसी ने भी कोई रिएक्शन नहीं दिया है, लेकिन दोनों को कई बार साथ देखा गया है।

हाल ही में सामने आई एक वीडियो में वीर, तारा को प्रोटेक्ट करते नजर आए। वीडियो में तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया को मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर देखा गया। जैसे ही तारा कार से उतरीं तो वीर उन्हें पैपराजी से प्रोटेक्ट करते नजर आए। तारा और वीर का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पर दोनों के फैंस भी जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। कुछ का कहना है कि अब क्लियर हो रहा है कि दोनों डेट कर रहे हैं तो कुछ ने प्यार वाला हार्ट इमोजी शेयर किया है। यह पहली बार नहीं है, जब वीर और तारा को साथ में स्पाट किया गया था। इससे पहले दोनों साथ में इटली वेकेशन भी मानने गए थे। दोनों ने अपने सोशल मीडिया पर सेम लोकेशन की फोटो भी शेयर की थी। बता दें, वीर और तारा कुछ महीने



पहले लैक्मे फैशन वीक के दौरान एक साथ रैंप वाक किया था, जिसके बाद से डेटिंग रूमर्स की शुरुआत हो गई। लैक्मे फैशन वीक में साथ रैंप वाक किया था। बता दें, तारा सुतारिया ने पहले एक्टर आदर जैन को डेट किया था। दोनों चार साल तक रिलेशनशिप में रहे थे। हालांकि, साल 2023 में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। इसके बाद आदार ने अलेखा आडवाणी के साथ शादी कर ली थी, जो पहले तारा की बेस्ट फ्रेंड थीं।

## नेशनल फिल्म अवार्ड को लेकर मौसमी चटर्जी का खुलासा

### कहा- अवार्ड के बदले मांगे गए थे पैसे, किशोर कुमार से भी हुई थी ऐसी मांग

**मुंबई।** फिल्मों को दिए जाने वाले अवाड्र्स को लेकर इंडस्ट्री में हमेशा दो राय रही है। इंडस्ट्री में कई दिग्गज एक्टर और एक्ट्रेस हैं, जिन्हें कभी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार नहीं मिला। वहीं, कई एक्टर्स ने दावा किया है कि उन्हें पैसे के बदले अवार्ड आफर हुई थी।

इंडस्ट्री में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपना करियर शुरू करने वाली मौसमी चटर्जी ने 70-80 के दशक में कई हिट फिल्में दी हैं। मौसमी बंगाली और हिंदी सिनेमा का चर्चित चेहरा रही हैं। उन्होंने अपने करियर में 'बालिका बधू', 'अनुराग', 'अंगूर', 'रोटी कपड़ा और मकान' जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार को लेकर मौसमी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें दो बार पैसों के बदले अवार्ड की पेशकश की गई थी। लहरें रेट्रो के साथ बातचीत में उन्होंने कहा था- 'मुझे मेरी फिल्म अनुराग और रोटी कपड़ा और मकान के लिए आफर मिला। मैंने कहा कि मैं अवार्ड के लिए पैसे नहीं दूंगी।' इसी इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने ऋषि कपूर को लेकर भी खुलासा किया था कि उन्होंने फिल्म 'बाबी' के लिए पैसे देकर अवार्ड खरीदे थे। पैसे के बदले अवार्ड का जिक्र ऋषि कपूर अपनी किताब 'खुल्लम-खुल्लम' में भी बताया था। अपनी किताब में उन्होंने लिखा कि एक पीआर वाले के जरिए 30 हजार में अवार्ड खरीदा था। हालांकि, बाद में उन्हें इस बात का पछतावा भी हुआ। पैसे के बदले अवार्ड की पेशकेश सिंगर और एक्टर किशोर कुमार को भी हुई थी।

यह दावा उनके बेटे अमित कुमार ने विक्की लालवानी को दिए इंटरव्यू में किया था। अमित कुमार ने बताया था कि किशोर कुमार एक समय दूर गगन की छांव में के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार



जीतने के बहुत करीब थे। साल 1964 में आई इस फिल्म को किशोर कुमार ने लिखा और डायरेक्ट किया था। इसमें उन्होंने बेटे अमित कुमार के साथ एक रोल किया था। फिल्म बाक्स आफिस पर बहुत सफल रही और फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार के देने की चर्चा भी थी, लेकिन मंत्रालय में किसी ने रिश्वत की मांग की, जिसकी वजह फिल्म को अवार्ड नहीं मिला। अमित ने इंटरव्यू में कहा-उन्हें दिल्ली मंत्रालय के किसी आदमी का फोन आया। उन्होंने मेरे पिता से कहा, अगर तुम कुछ दोगे, तो हम तुम्हें नामिनेट कर सकते हैं। मेरे पिता ने कहा, तुम मेरी जान के पीछे क्यों पड़े हो? मेरी फिल्म तो हिट है।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108